मन्त्रानुष्ठानपद्धतिः

7-7

कृष्णानन्द शास्त्री

7-7

ॐ

मन्त्रानुष्ठान-पद्धतिः

(समस्त उपयोगी शास्त्रीय मन्त्रों, एवं दशविद्याओं का
सम्पूर्ण शास्त्रीय विधान)

सम्पादकः
कृष्णानन्द शास्त्री
(कर्मकाण्ड प्रदीप, दुर्गार्चन सृति-वेदोक्त नित्यकर्म पद्धति
एवं देव पूजा पद्धति आदि पुस्तकों के लेखक)

प्रकाशक
भारतीय संस्कृत भवन
माई हीरां गेट, जालन्धर शहर

प्रकाशक :
भारतीय संस्कृत भवन
माई हीरां गेट, जालन्धर शहर
(पंजाब) 144008

© पुनर्मुद्रणाद्याः सर्वेऽधिकाराः प्रकाशकायत्ताः
प्रथम संस्करण-अक्षय तृतीया सम्वत् 2046
मूल्यम्-पैंतालीस रुपए मात्र

कम्पोजिंग कर्त्ता :
सिक्का कम्पोजिंग हाउस,
मुद्रक :
गायत्री प्रिंटर्ज़
जालन्धर शहर ।

कुछ वक्तव्य

संसार के अनेकानेक कष्टों के मूल में मानसिक उथल-पुथल ही कारण होती है। रक्तचाप, उन्माद, अर्द्धांगवात, प्रमेह, मधुमेह, हृदयरोग आदि जितने प्रमुख रोग हैं उनके मूल में मानसिक कारण ही काम करते हैं। यदि इस विषय को और गम्भीरता से सोचा जाये तो दुर्व्यसन एवं अपथ्य सेवन के पीछे भी मानसिक दौर्बल्य कारण रूप में दीखते हैं। यहां तक कि औषधोपचार में दीखने वाली अरुचियों में भी मानसिक स्थितियां ही कारण होती हैं। दुर्घटना आदि में भी इन मानसिक विकृतियों को स्वीकारा जाता है। सच पूछो तो ऐसे क्लेश निश्चित रूप से है ही नहीं जहां पर कि मानसिक स्थिति की भूमिका न रही हो। मानसिक स्वास्थ्य पर तो बात यहां तक आ जाती है कि कोई ऊंचे से ऊंचा क्लेश व्यक्ति को हिला नहीं पाता है। "यस्मिन् स्थितो न दुःखेन गुरुणापि विचाल्यते" का गीता वाक्य यही तो बताता है। अतः आज के संसार में जहां कि भौतिकता बढ़ती चली आ रही है। चिकित्सा के क्षेत्र में ज्ञाता लोग यहां पर सामान्य रूप से सहमत है कि सभी क्लेशों के पीछे मन की स्थितियां व्याप्त हैं।

प्राप्तव्य दैवी सम्पत्तियां गीता में परिगणित हैं। और वहां पर आसुरी सम्प्रदायें भी स्पष्ट रूप से लिखी हैं। उन पर यदि गम्भीरता से विचार किया जाये तो संसार के सभी तापों एवं सन्तापों का समाधान निहित है। दैवी सम्पदायें गीता में इस प्रकार वर्णित है—

अभयं सत्वसंशुद्धिर्ज्ञान योगव्यवस्थितिः।
दानं दमश्चयज्ञश्च स्वाध्याय स्तप आर्जवम् ॥16/1॥
अहिंसा सत्यमक्रोधस्त्यागः शान्तिरपैशुनम्।
दयाभूतेष्वलोलुप्त्वमार्दवं ह्रीरचापलम् ॥16/2॥
तेजः क्षमा धृतिः शौचमद्रोहोनातिमानितः।
भवति सम्पदं दैवीमभिजातस्य भारत ॥16/3॥

अर्थात् अभय (भय का सर्वथा अभाव) सत्व संशुद्धि (अन्तःकरण की भली प्रकार से स्वच्छता), ज्ञानयोग व्यवस्थितिः=तत्त्व ज्ञान के लिये

ध्यान योग में निरन्तर सुदृढ़ स्थिति। दान=सात्विक दान, दम=इन्द्रियों का दमन, यज्ञ=उत्तम कर्मों का आचरण, स्वाध्याय=वेदों का अध्ययन, तप:=स्वधर्माचरण के लिए कष्ट का सहना, आर्जवम्=शरीर और इन्द्रियों के सहित अन्त: करण की सरलता, अहिंसा=मन, वाणी कर्म से किसी को कष्ट न देना, सत्य=यथार्थ और प्रिय भाषण, अक्रोध=अपना अपकार होने पर भी शान्त रहना, त्याग=कर्मों का कर्तृत्वाभिमान का अभाव; शान्ति अन्त: करण की उपरामता तथा चित्त की चंचलता का अभाव, अपैशुनम् = किसी की निन्दा न करना, भूतेषु दया = हेतु रहित दया, अलोलुप्त्वम् इन्द्रिय-विषयों के साथ संयोग होने पर भी अनासक्ति, मार्दव = कोमलता, ह्री = लोक शास्त्र विरुद्ध आचरण में लज्जा, अचापलम् = व्यर्थ चेष्टाओं का त्याग, तेज = श्रेष्ठ पुरुषों की वह शक्ति जिसके प्रभाव से नीचे लोग अन्यायाचरण छोड़ दे। क्षमा, धृति: = धैर्य, शौच = वाह्य एवं आन्तरिक शुद्धि, अद्रोह = शत्रुता का अभाव, नातिमानिता = अपने पूज्यत्व का अभिमान न होना। ये सारी सम्पदाएं दैवी हैं। इनको प्राप्त करने के लिए ही मानव जीवन को प्रवृत्त होना है। इस पर यह वात आती है कि ये सारी सम्पदाएं आन्तरिक हैं अत: भौतिक साधन इनकी प्राप्ति में सर्वथा साधन वन ही नहीं सकते हैं क्योंकि ये उनके प्रभाव से दूर है।

अन्तत: यह सार हुआ कि शौर्य धैर्य आदि गुण भी मनोमूलक ही हैं जिनके लिए दैनिक नित्य कर्मों के विधान अनिवार्य किये गये हैं।

इन सभी दृष्टियों से विचार करने पर यह वात सामने आती है कि मानसिक चिकित्सा सर्वोपरि महत्त्व की वस्तु है। इस के लिये औषध विधान तो सर्वथा नगण्य है ये उतने प्रभावी हैं भी नहीं अत: आवश्यक हो जाते हैं वे साधना के क्षेत्र जिनके लिए आदरणीय श्री कृष्णानन्द जी शास्त्री ने प्रस्तुत पुस्तक मन्त्रानुष्ठान पद्धति को सर्व साधारण के लिये उपलब्ध कराया है। मन्त्र शब्द लिखित साहित्य के आदि से जुड़ा है। प्राचीनतम ग्रन्थ ऋग्वेद को मन्त्र रूप में ही संगृहीत किया गया है।

आज के विविध ताप-तप्त समाज के लिये यह एक अत्यन्त उपादेय ग्रन्थ है। यहां संसार में विविध क्लेश पैदा हो रहे हैं उनकी भौतिक विधि

से रोकथाम मात्र करने के प्रयास किये जाते हैं। पर भारत ने इसे वास्तविक रूप में देखा था। इस लिये भारतीय साहित्य का श्रीगणेश मन्त्र से ही होता है। इस का कारण क्या रहा है? यह बात विगत विवेचन से स्पष्ट हो जाती है। एक मनस्वी व्यक्ति के लिये संसार कभी असह्य क्लेश नहीं दे सकता है। वह सभी सांसारिक दु:खों को सहर्ष झेल लेता है। श्रीराम के बारे में यह बात आती है कि—

आहूतस्याभिषेकाय बनाय प्रस्थितस्य च।
न लक्षितस्तस्य स्वल्पोऽप्याकार विभ्रम: ॥

अर्थात् जब श्रीराम को राज्याभिषेक के लिये आदेश दिये जाने वाले राम का तथा उसी समय वनवास के लिए प्रस्थान करने वाले राम के आकार में किंचिन्मात्र भी अन्तर नहीं आया। यह स्थिति मानसिक स्थिति प्राप्त करने के लिये कोई भी भौतिक साधन काम नहीं कर सकते हैं। इनके लिए मन्त्र साधना ही मुख्य होती है।

मन्त्र क्या है?

मन्त्र एक अत्यन्त सत्य तत्त्व है। यह व्यक्ति की शक्ति को उद्दीप्त कर उसमें एक महती शक्ति का संचार करता है। इसी मन्त्र का चित्रात्मक रूप यन्त्र है तथा क्रियात्मक रूप तन्त्र कहा गया है। इस प्रकार के विद्वज्जनों के विवेचन को देखकर यदि कहा जाये तो यह सिद्धान्त सामने आता है कि मन्त्र यन्त्र एवं तन्त्र एक ही सत्य के तीन रूप हैं। इनमें से मन्त्र शब्द की परिभाषायें विभिन्न प्रकार से जो भी मिलती हैं वे इस शब्द के अभिधेय को व्यापक बना देती हैं। वैदिक संहिताओं में गायक के विचारों को उपज, ऋक्, छन्द, स्तुति को मन्त्र कहा गया है। ब्राह्मणों में ऋषियों के गद्यमय या पद्यमय कथनों को मन्त्र कहा गया है। यूं साधारण रूप से यदि वैदिक साहित्य के मन्तव्य पर दृष्टिपात करें तो वैदिक सूक्त या यज्ञीय निरूपणों को मन्त्र कहा गया है। तच्चोदकेषु मन्त्राख्या (पू० मी० 2/1/32) में यही अभिप्रेत है। ये ही मन्त्र ऋक्, यजुष् और साम कहलाते हैं। ये वेदों के ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषद् भाग से भिन्न हैं। यूं मन्त्र की यह भी एक परिभाषा है कि जिसमें किसी देवता के प्रति समर्पित सूक्ष्म प्रार्थना की गई हो। शक्ति और तान्त्रिक सम्प्रदायों में अनेक

सूक्ष्म और रहस्यमय वाक्यों या शब्द खण्डों और अक्षरों का प्रयोग होता है, उन्हें भी मन्त्र कहते हैं। विश्वास किया जाता है कि उनसे महान् शक्तियां और सिद्धियां प्राप्त होती हैं।

इन सभी परिभाषाओं पर यदि मन्त्र शब्द को परखें तो इसका इतिहास वैदिक साहित्य से जुड़कर एक अनादि (जिस के अथ का पता न हो) स्थिति में आ जाता है।

लौकिक तथा पारलौकिक सिद्धियों को प्राप्त करने के लिये कोई न कोई साधन अपनाना पड़ता है। सिद्धि के अनुकूल इन साधनों का अवलम्बन या आचरण ही साधन कहलाता है। मन्त्र साधना हमारे लिये इस कारण भी अत्यावश्यक हो जाती है कि हमारे जीवन के प्राप्तव्य अभय, सत्वसंसिद्धि, दम, शम, सन्तोष, तप, आदि गीता में वर्णित दैवी सम्पदायें इसी से सुलभ हो पाती हैं।

प्रस्तुत पुस्तक में अत्यन्त उपादेय प्रकरणों से प्रारम्भ करके ग्राह्य एवं व्यावहारिक विषयों को मनोवैज्ञानिक क्रम से दिया गया है। आरम्भ में षट्कर्म विधान दे कर नित्य कर्मों में मुख्य गायत्री के पुरश्चरण विधान दिये गये हैं। आज के युग के लिए अपेक्षित अन्य विधान दिये गये हैं। इस में कुछ जैन मन्त्र-स्तोत्र भी दिये गये हैं। इन के प्रयोगों से पूर्व मन्त्र विधानों के लिए साधक के विषय में पूर्ण जानकारी विस्तार पूर्वक दी गयी है। विभिन्न स्तोत्रों तथा प्रयोगों के पश्चात् मन्त्र महोदधि में आये आकर्षण मोहन उच्चाटन आदि विधियों को भी दिया गया है। विभिन्न मन्त्रों के साथ यन्त्रों के ब्लाक भी दिये गये हैं। मुद्राओं के लक्षण तथा अनेक आसनों के लक्षण भी दिये गये हैं।

मैं यह विश्वास करता हूं कि पूज्य शास्त्री जी एक अनुभव सम्पन्न व्यक्तित्व के हैं। आज के युग के लिए यह अत्यन्त अपेक्षित विधान कितना तथा किस प्रकार उपादेय है? इसको ध्यान में रख कर इस ग्रन्थ को लिखा गया है। अनेकानेक तापों से सन्तप्त समाज को सांसारिक कष्टों से विमुक्त करने कराने के लिए यह एक सुन्दर ग्रन्थ है। विश्वास है कि सर्वसाधारण इस पवित्र श्रम से लाभान्वित होगा—

प्राचार्य राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, नाहन, हि० प्र०

शुकदेव शर्मा
व्याकरणाचार्य
एम० ए० एम० फिल०

मन्त्रानुष्ठानपद्धति

विषय-सूची

भूमिका 1—48 पृ०

1. षट् कर्म 1
2. कर्मों के लक्षण 1
3. कर्मों के देवता 1
4. देवतावर्ण 2
5. ऋतु 2
6. कर्मों की दिशा 2
7. कर्मों के करने का समय 2
8. तिथि, वार 2
9. पक्ष 3
10. ग्रहविचार 3
11. शान्तिक पौष्टिककर्म 3
12. आसनके भेद 3
13. आसन का विचार 4
14. मन्त्र की प्रकृति 4
15. प्रकृतिचक्र 4
16. मन्त्र की प्रकृति जानने की विधि 4
17. मन्त्र की महिमा 5
18. मन्त्र क्या है 5
19. देवता और मन्त्र 5
20. मन्त्रों के सिद्ध न होने के कारण 7
21. दीक्षाग्रहणका समय 8
22. मन्त्रदीक्षा के अधिकारी 10
23. मन्त्रों के अनुष्ठान की विधि 11
24. कार्यसिद्धि के लिए सकाम निष्काम अनुष्ठान 13
25. जप में माला विधान 13
26. ईश्वर नाम और मन्त्रों का सम्बन्ध 15
27. मन्त्रों को गुप्त रखने का लाभ-हानि 16
28. मन्त्रों का सद् उपयोग न करने पर हानि 17
29. ईश्वर में श्रद्धा और प्रेम 18
30. मन्त्रों का चुनाव 18
31. अक्षर कोष्ठकचक्र 19
32. नाम राशि और मन्त्रराशि देखना 19

33. राशि और नाम चक्र 20
34. अपने नाम और मन्त्र के नाम नक्षत्र का मिलाप 21
35. चक्र नम्बर दो 23
36. ग्रहण में अनुष्ठान का फल 23
37. मन्त्रसाधकों के लिए विशेष उपदेश 23
38. मन्त्रप्रयोग के अंग
39. भक्ति, शुद्धि, आसन, पंचाग सेवन, आचार, धारणा, दिव्यदेश सेवन 28
40. प्राण क्रिया, मुद्रा, आवाहन, तर्पण, हवन, वलि, याग 29
41. वहिर्याग, जप, ध्यान 30
42. समाधि, मन्त्रसाधन, साधन के विशेष विचार 31
43. मन्त्रानुष्ठान में विशेषध्यान योग्य सर्वसिद्धादि शोधन मन्त्रार्थ, मन्त्रचैतन्य मन्त्रों की कुल्लुका, मन्त्रसेतु 32
44. महासेतु, निर्वाण 33
45. प्राणयोग, दीपनी, मन्त्र के सूतक मन्त्र के दोष 34
46. वीजनिवृत्ति के उपाय, अभक्तिदोष के उपाय, दीक्षा सप्त अधिकार 35
47. पुरश्चरण एवं अनुष्ठान्, पुरश्चरण का स्थान 36
48. पवित्रभोजन, पुरश्चरण के मन्त्रसिद्धि के उपाय, मन्त्र-सिद्धि के लक्षण 37

मन्त्र प्रयोग विधि

1. गायत्रीपुरश्चरण 39
गायत्री शापविमोचन 40
गायत्री कवच 40
2. शुक्रोपासितमृतसंजीवनी-मन्त्र 45
शताक्षरा गायत्रीमन्त्र 45
3. महामृत्युंजय जपविधि 46
महामृत्युंजय जपविधि मन्त्रमहोदधि में 48
4. वैरीविनाशन दुर्गामन्त्र 50
दुर्गा नवसार्धविधि 52
5. त्रैलोक्य मोहिनी गौरीमंत्र 53
6. श्रीकार्तवीर्यार्जुन मंत्र I 54
7. कार्तवीर्यस्तोत्रम् 56
8. कार्तवीर्यार्जुनमन्त्र II 57
9. हनुमद्वडवानलस्तोत्रम् 58
10. हनुमत् तन्त्रम् 59
11. भगवती दुर्गा का कष्टहर मन्त्र 62
12. कुवेर मन्त्र 62

13. दारिद्रय नाशक लक्ष्मी मन्त्र 63
14. वटुकभैरव मन्त्र 63
15. श्रीसूक्तस्य सम्पुट विधि 65
16. उच्छिष्ट गणपति मन्त्र 70
17. हरिद्रा गणेशमन्त्र 73
18. चक्रेश्वरी देवी की आराधना 74
19. इन्द्राक्षीस्तोत्रम् 76
20. महालक्ष्यष्टक स्तोत्रम् 80
21. विष्णु पुराणान्तर्गत लक्ष्मी स्तोत्रम् 81
22. चाक्षुपोपनिषद् 84
23. वगलामुखीमन्त्र 86
24. त्रिपुरवालामन्त्र 89
25. कर्णपिशाचिनीमन्त्र 92
26. सन्तानगोपालमन्त्र 92
27. गारुड मन्त्र प्रयोग 93
28. महाविद्या नीलसरस्वती मन्त्र 94
29. विश्वावसु गन्धर्वमन्त्र 95
30. षडक्षर शिवमन्त्र 96
31. प्रत्यंगिरामन्त्र 97
32. छिन्नमस्तका मन्त्र 98
33. आसुरीविद्या 101
34. श्रीविद्या 102
35. ऋणमोचगमंगलस्तोत्र 102
36. नवग्रहाणां मन्त्रजपं 106
सूर्य, सोम, भौम, बुध, वृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु, केतु
37. पन्द्रिया यन्त्रविधान 116
38. वीसायन्त्र का विधान 118
39. दरिद्रतानाशक सूर्यमन्त्र 119
40. सूर्य मन्त्र की पीठ पूजा 121
41. नवार्णमन्त्र विधि: 127
42. कालरात्रि वशीकरण मन्त्र 141
43. ,, स्तम्भन मन्त्र 143
44. ,, मोहनमन्त्र 144
45. ,, आकर्षणमन्त्र 146
46. ,, वशंकर 147
47. शतचण्डी विधानम् 151
48. स्वर्णाकर्षण भैरव मन्त्र 157
49. वाग्देवीसरस्वती 158
50. अन्यप्रकार 158
51. पतिप्राप्तिमन्त्र 158

52. मनोकामनासिद्धि मन्त्र 158
53. गोपालसुन्दरी मन्त्र 159

द्वितीय भाग
जैनधर्म के मन्त्र

1. सरलीकरण 163
2. नवकारमन्त्र का कल्प 166
3. उपसग्गहरस्तोत्र 167
4. पद्मावतीस्तोत्र 168
5. पद्मावती की साधना 169
6. घण्टाकर्ण का मन्त्र 171
7. घण्टाकर्णस्तोत्र 172
8. सरस्वती की आराधना 172
9. स्वप्न में शुभाशुभ 173
10. लक्ष्मी प्राप्तिका मन्त्र 174
11. भूतप्रेत वाधा 175
12. शुद्ध उच्चारण मंत्र 176
13. मृत्युंजय मन्त्र 177
14. धनवृद्धिकर मन्त्र 177
15. रोग निवारण मन्त्र 178
16. मनोवांछित मन्त्र 179
17. शत्रुनिवारण मन्त्र 179
18. कर्ण पिशाचिनी मन्त्र 180
19. रोगनिवारक मन्त्र 181
20. परमात्म द्वात्रिंशिका स्तोत्र 182
21. मुस्लिमन्त्र 187
22. रामचरित मानस के सिद्ध प्रयोग 189
23. विविधि देवताओं के गायत्री मन्त्र

तृतीय भाग

1. महाकाली तन्त्र 201
2. भुवनेश्वरी तन्त्र 218
3. छिन्नमस्ता तन्त्र
4. वगलामुखी तन्त्र 250
5. मातंगी तन्त्र 265
6. कमलात्मिका तन्त्र 271
7. दुर्गा तन्त्र 27
8. शिवतन्त्र 28
9. गणेश तन्त्र 29
10. सूर्य तन्त्र 30
11. विष्णुतन्त्र 31
12. नारायण हृदय तन्त्र 32
13. लक्ष्मीहृदय तन्त्र 32
14. अथर्वणोक्तप्रत्यंगिरा सूक्तम् 3

समर्पणम्

मन्त्र-शास्त्र के प्रवर्तक

महेश्वर, महादेव, अवढरदानी,

पार्वती-परमेश्वर के चरणकमलों में

तन्त्रशास्त्रों ने

जिन्हें शिव-शक्ति के रूप

में वर्णित किया है—

तथा

उन महामनीषियों के चरणों में

जिन्होंने पावनभारत भूमि में

मन्त्र-तन्त्रात्मक-साहित्य

के अगाध भण्डार की

रचना की

तथा

उन महान् गुरुओं के पवित्र चरणों में

जिन्होंने मन्त्र-तन्त्रात्मक साहित्य

के क्रियात्मक प्रयोगों को

अनावरण कर हमारा मार्गदर्शन किया है।

कृष्णानन्दः

"श्रीशः पायादपायात्"

प्राक्कथनम्

भोः ! विद्वांसाः ! महाप्राज्ञः सम्प्रति ह्यस्मिन्प्रकृष्ट प्रादुर्भवे आर्य-देशेऽस्मिन् भारतवर्षे प्राधान्येन वैदिको धर्म एवासीत् । ततश्च कियता समतीतेन समयेन नानाविधाः धर्माः वैदिकधर्म-प्रचार-विद्वेषकाः नष्ट दृष्टिभिरयथातत्व-दर्शिभिः—केवलं दयामुखै र्महा निर्दयै र्मनुष्यापस-दैराहताः कालदोषेण प्रसिद्धिमाययुः । भारतीय-प्रजानां दृढ़-साहसिक मनोबन्धनानि शिथिलानि कृतानि ।

वैदिक धर्मश्च त्रेधा-सात्विको राजसः तामसश्चेति । स त्रिविधोऽपि द्विविधः-आभ्यन्तरो वाह्यश्च । आभ्यन्तरश्च स्वमनो व्यापार रूपः, वाह्यः इतरेन्द्रियवृत्ति कृत व्यापार रूपः । तत्र लोक वृत्तिः वाह्यधर्मे आभ्यन्तर धर्मे च परिणिष्ठितास्ति । अस्मिञ्जगति सर्वजगन्निर्वाहाय वर्णाश्रम व्यवस्था कृतास्ति तादृश धर्म पालनं ईश्वरानुज्ञा ।

चतुर्णामपि वर्णानामाचारो धर्मपालनम् ।
आचारहीना देहानां भवेद्धर्मःपराङ्मुखेः ।।

सम्प्रतिहि ब्राह्मणानां अध्ययनं, अध्यापनं, यजनं, याजनं, दानं, प्रतिग्रहं एतानि षड् कर्माणि यथा शास्त्रं यथेश्वरानुज्ञातं न भवन्ति । केषुचिन्मध्योत्तर प्रभृति प्रदेशेषु तु सन्ध्या नामापि क्वचिन्न श्रूयते । का गायत्री, का सन्ध्या । अस्माकं पितामहादयः सन्ध्यामकुर्वंस्ततो वयं ब्राह्मणाः इति ब्रुवते केवलं चिह्न भूतेन यज्ञोपवीतेनैव कर्मणि प्रतिग्रहे अधिकारिणः परिदृश्यन्ते । येषां गोत्र पुरुषाः वशिष्ठ गौतमादयः धर्म-शास्त्राण्यकुर्वन ते सन्ध्यामपि न जानन्ति किमेतत्कलि कलिकौतुकम् ?"

अस्मिन्भूमण्डले सम्प्रति एतादृशाः परोपकारिणः जनाः विरलाः सन्ति । परमेतत् परम हर्षस्य विषयः जगति जायमानानां त्रिविधानां सर्ववैदिक धर्मावलम्बि जनानां हितार्थाय समग्रतया मन्त्र-तन्त्र-स्तोत्रादि विविधानि पुस्तकानि निःसृतानि, परन्त्विदं "मन्त्रानुष्ठान पद्धतिः" पूर्व प्रकाशित पुस्तकेभ्यो नितरामौत्कृष्ठ्यं समवहतीत्यहं मन्ये ।

एतत् कृते जालन्धरवास्तव्य विद्वद्वर्य पण्डित कृष्णानन्द शास्त्रिण-म्प्रति कोटिशो धन्यवादा: प्रदीयन्ते मया, येन खलु महाभागेन महता परिश्रमेण मन्त्रमहोदधि, मन्त्रमहार्णव, शाक्तप्रमोदादि ग्रन्थै: सङ्गृहीता प्रकाशिता च । पुस्तकेऽस्मिन् गायत्री महामृत्युञ्जय, शाक्त, शिव, गणेश सूर्य्यादीनां मन्त्र स्तोत्रतन्त्राणि दृश्यन्ते । अत: सर्वेषां शाक्त, शैव, गाणपत्य, सौर वैष्णवानामप्ययमानन्ददायक एवास्ति सर्वाङ्ग परिपूरितोऽयं ग्रन्थ: ।

आशासेऽहं सज्जानानां निर्मत्सराणां पुरुषाणां विशेषतो धार्मिकाणां द्विजजाति वटूनां कृते ग्रन्थोऽयं पुण्यलाभञ्च ददत: सन्तोषयिष्यतीति ।

विदुषामनुगामिन:

भास्करज्यौतिष सदन — श्रीधराचार्य:

ज्यौतिषाचार्य

सपाटू (सोलन हि० प्र०) — पुराण कर्मकाण्ड आचार्य

भूमिका

ओं शं नो मित्रः शं वरुणः। शं नो भवत्वर्यमा। शं नो इन्द्रो बृहस्पतिः। शं नो विष्णु रुरुक्रमः। नमो ब्रह्मणे। नमस्ते वायो। त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मासि। त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मासि। त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मवदिष्यामि। ऋतंवदिष्यामि। सत्यं वदिष्यामि। तन्मामवतु। तद्वक्तारमवतु। अवतु-माम्। अवतु वक्तारम्। ओं शान्तिः शान्तिः शान्तिः।

भारतवर्ष अनादिकाल से ज्ञान-विज्ञान की गवेषणा, अनुशीलन एवं अनुसन्धान की भूमि रहा है। विद्या की विभिन्न शाखाओं में भारतीय-मनीषियों एवं अध्येताओं ने जो कुछ दिया वह निस्सन्देह यहां की विचार-विमर्श एवं चिन्तन प्रधान मनोवृत्ति का द्योतक है।

दर्शन, व्याकरण, साहित्य, गणित, ज्योतिष एवं आगमों आदि सभी विद्याओं में भारतीयमनीषियों का कृतित्व एवं व्यक्तित्व अपनी कुछ ऐसी विशेषताओं को लिए हुए है, जो अन्याऽन्य जनों में अनेक दृष्टियों से असाधारण है।

इसी गवेषणा के परिणामस्वरूप यहां अनेक साधनाओं का प्रस्फुटन हुआ, जिनमें मन्त्रात्मक साधना का एक विशिष्ट स्थान है। मन्त्र शब्द के गर्भ में मनन की परिव्याप्ति है। शब्द, शब्द के मूल अक्षर, बीजाक्षर या गम्भीर परिचिन्तन का उपक्रम जो वृद्धिगत एवं विकसित हुआ, वह अतल मननात्मक गहराई के परिणामस्वरूप मन्त्रात्मक विद्या के रूप में परिलक्षित हुआ, जो अक्षरों में अन्तर्निहित अपरिसीम शक्ति का परि-द्योतक है। अन्तर्जीवन में सन्निहित असीम शक्ति की अक्षरीय अवतारणा का यह एक स्पष्ट निदर्शन है।

भारतीय तत्त्ववेत्ताओं और ज्ञानियों का चरम अभिप्रेत दैहिक नहीं अपितु आध्यात्मिक रहा है। इसलिए मन्त्र-साधना का भी मुख्यध्येय आत्मोन्नयन से जुड़ा हुआ है। पर सांसारिक जीवन केवल आध्यात्मिक

ही नहीं अपितु दैहिक भी है । अत: मन्त्रविद्या के विकास में हम देखते हैं कि वह आगे चलकर भौतिक अभिसिद्धियों से जुड़ जाती है । मगर तत्त्वज्ञ, चिन्तक उन भौतिक अभिसिद्धियों का प्रयोग दैहिक-भोग के लिए नहीं करते थे । नैमित्तिक रूप में वे अध्यात्म उत्कर्ष एवं धर्मवृद्धि के लिए प्रयुक्त करते थे ।

ऐतिहासिक दृष्टि से देखा जाए तो मन्त्र, उसके उपजीवी तन्त्र, यन्त्र आदि का क्रम बहुत प्राचीन है । वेदचतुष्टयी में अथर्ववेद इसी प्रकार की रचना है, जिसमें मान्त्रिक प्रयोगों का विस्तृत विवेचन-विश्लेषण मिलता है ।

जिन पाश्चात्य विद्वानों ने वैदिक वाङ्मय का भाषागत, विवेचन सरणि आदि दृष्टि से गम्भीर अध्ययन किया है, उनके अनुसार अथर्वन का आशय मन्त्र प्रयोग है, ऐसा मन्त्र प्रयोग जिसके द्वारा रोगों का अपगम किया जा सके ।

अथर्ववेद को अथर्वांगिरस भी कहा गया है, अंगिरा हानि और विनाश का द्योतक है, अथर्वन् सर्जन या शान्ति का सूचक है । ऐसा प्रतीत होता है कि मन्त्रविद्या के उत्तरवर्ती विकास में यहां मन्त्र शत्रुओं के मारण, उच्चाटन, संहनन से जुड़ा, उस भाव की अभिव्यंजना अंगिरा में है ।

वेद-परक साहित्य में आगे चलकर मन्त्र एवं तन्त्र विद्या पर अनेक ग्रन्थ रचे गए । तथा विविध आस्था के अनुरूप उन्हें पृथक्-पृथक् भेदों में बांटा गया, जिनमें वैष्णव, शाक्त, शैव प्रमुख हैं । इनके साथ ही आगम का प्रयोग भी आया है, जो तन्त्र के अर्थ में है। आगम शब्द इनके अनादि स्रोत या गुरुपरम्परा से आ रहे क्रम के अर्थ में सन्निहित है । यद्यपि, मन्त्र, तन्त्र, यन्त्र आगे चलकर भौतिक एषणा की पूरकता से जुड़ते गए, पर उनके तात्त्विक विश्लेषण में उनका पूर्ववर्ती सात्त्विक अर्थ ही अधिकांशत: विद्यमान रहा । तान्त्रिक पटल में उल्लेख है—"तनोति त्रिपुलानर्थान् तत्त्वमन्त्रसमन्वितान् । त्राणं च कुरुते यस्मात् तन्त्रमित्य-भिधीयते ।', मन्त्रसाहित्य के इतिहास में वह युग भी आया जहां

पंचमकार के सेवन द्वारा साध्य प्राप्ति का प्रयत्न देखा जाता रहा। यह मन्त्र-तन्त्रात्मक जगत् का एक कुत्सितपक्ष रहा। भिन्न-भिन्न आचार्यों ने इस पंचमकार को पृथक्-पृथक् रूपमें वर्णित किया, अनेकग्रन्थों की रचना की गई। इस पक्ष को स्थापित करने में अनेक युक्तियों का आश्रय लिया गया, मगर यह पक्ष भारत में फूला-फला नहीं। इस का विकास नहीं हो पाया।

कौलाचार-या नाथ-सिद्धों ने भी इस दिशा में मन्त्र-तन्त्र की अभिव्यक्ति की, मगर लोगों की प्रकृति आध्यात्मिक भूमिका की रही, इससे ऐसे विधान भी उपेक्षित रहे ?

ऐसा समय भी आया जब जीवन का उपक्रम भोगोन्मुखता की ओर अधिक प्रवृत्त हो गया। जिससे मन्त्रों से किसी रूप में आध्यात्मिकता के सधने की बात थी, वह लुप्त होती गई, केवल भौतिक, और वह भी वासनात्मक तथा शत्रु के प्रति मारक और उच्चाटन आदि की प्रवृत्ति की बलवत्ता रही। ऐसे तन्त्र ग्रन्थों का निर्माण भी किया गया।

ऐसा समय भी आया, जब मन्त्रों के नाम पर जनसाधारण की प्रवंचना का भी स्वार्थ लोलुपजनों द्वारा एक उपक्रम चलाया गया। अनभिज्ञजन मन्त्रों के नाम पर ठगे जाने लगे, फलस्वरूप मन्त्रों की वास्तविकता और शक्तिमत्ता से लोगों की निष्ठा उठती गई। अब भी ऐसे लोग आप को मिलेंगे जो, टूने-जादू के नाम पर अपनी दुकानदारी चला रहे हैं, और लोग ठगे जा रहे हैं।

यद्यपि मन्त्रवेत्ता, मन्त्र प्रभाव, मन्त्रशक्ति सर्वांशत: नष्ट नहीं हुई थी, और न आज ही नष्ट हुई है, पर मन्त्रों के नाम पर जनसाधारण को ठगने का विस्तार हो गया। वास्तविकता से जनसाधारण अनभिज्ञ हो गया।

भारतवर्ष के प्रत्येक धर्म, सम्प्रदाय ने मन्त्र विद्या को अपनाया। वैष्णव, शाक्त, शैव, जैन, बौद्ध समस्त सम्प्रदायों के आचार्यों ने इस विद्या के विकास में योगदान दिया तथा अपनाया भी। इन मन्त्रों की विधियों का विकास भी किया। समय-समय पर इन का उपयोग भी किया गया।

मन्त्र—जो कुछ विशिष्ट प्रभावक शब्दों द्वारा निर्मित किया हुआ वाक्य होता है, वह मन्त्र कहा जाता है। उस का बार-बार जप करने पर शब्दों के पारम्परिक संघर्षण के कारण वातावरण में एक प्रकार की विद्युत् तरंगे उत्पन्न होने लगती हैं, तथा साधक की इच्छित भावनाओं को वल मिलने लगता है, फिर वह जो इच्छा करता है वही होता है। साधक मन्त्र के अक्षरों, शब्दों, वीजों को अपने शरीर में व्याप्त देखता है, उस का विश्वास उन वीजों एवं अक्षरों में सुदृढ़ होता जाता है, वह जिस देवता के स्वरूप का चिन्तन करते हुए जप करता है, उस देवता की शक्ति का आभास उसे मिल जाता है, वह अक्षर, वह बीज उसे अपने में समा लेते हैं, जिससे वह शक्ति सम्पन्न हो जाता है, और उसकी मनोकामना पूर्ण हो जाती हैं।

मन्त्रों के जाप के लिए उनके हिसाव से जाप की विभिन्न मात्रा में शब्द, अंक, तथा विभिन्न मन्त्रों के लिए विभिन्न प्रकार के पदार्थों से वनी मालाएं, विभिन्न प्रकार के आसन, दिशाएं, क्रियाएं आदि पहले से ही निर्धारित हैं। मन्त्रों के विधान लिखे जाते समय इनका भी विधान रचनाकारों ने साथ ही दिया है।

यन्त्र—जिसमें सिद्ध किए हुए मन्त्रों से अभिमन्त्रित कागज को, अथवा किसी विशिष्ट प्रकार के निर्धारित अंकों, शब्दों व आकृतियों से लिखित भोजपत्र को, किसी विशेष धातु से वने तावीजों में रखकर दिया जाता है, अथवा किसी की वाँह में या गले में वान्ध दिया जाता है, या किसी विशेष स्थान पर रख दिया जाता है। यन्त्रों को भी मन्त्र जाप से सिद्ध किया जाता है।

इस विद्या में शान्ति, वश्य, स्तम्भन, उच्चाटन, मारण, विद्वेषण इन छः कर्मों की प्रसिद्धि है। और ये यन्त्र इन्हीं कार्यों के लिए प्रयुक्त किए जाते हैं।

जप—विचारों के एकीकरण तथा पवित्रीकरण का श्रेष्ठ तथा सरलतम साधन जप ही है। जप के द्वारा ही मनुष्यों के विचार संयत एवं स्थिर हो सकते हैं। जप करते समय मन को एकाग्र करके जप एवं इष्ट-

देव के ध्यान में लगाना। ध्यान देने योग्य बात यह है कि जपकाल में साधक को सदैव उत्साह से ओत-प्रोत होना चाहिए। साधक जाग्रत हो कर तन्मय भाव से मन्त्र के अर्थ का चिन्तन करते हुए जप करे। शरीर को स्थिर रखे। इधर-उधर के वातावरण पर ध्यान न दे। जप मौनभाव से होना चाहिए। मन्त्र का बार-बार उच्चारण सोई हुई शक्ति को जगाने के समान है। मन्त्रसिद्ध हो जाने पर आत्म शक्ति से आकृष्ट देवता मान्त्रिक के समक्ष अपने को समर्पित कर देता है। देवता की शक्ति उस मान्त्रिक में आ जाती है।

जप एवं ध्यान—शास्त्रकार कहते हैं कि जब तक ध्यान में दृढ़ता उत्पन्न न होगी, तब तक कुछ भी नहीं हो सकता। आध्यात्मिक आनन्द का पूरा-पूरा लाभ ध्यान में ही उठाया जा सकता है। ध्यान की साधना साधारण नहीं है। मात्र ध्यान शब्द की चर्चा से कुछ होने वाला नहीं है ध्यान की उच्चतम साधना के पूर्व मन-वाणी एवं इन्द्रियों को एकाग्र करके इष्टदेव के ध्यान में लगाने के लिए जप की आवश्यकता है। जप के नाद से सांसारिक वस्तुओं तथा विचारों से मन को खींच कर एक ओर लगाने के लिए शुद्ध सात्विक भक्ति के साथ इष्ट के साथ जुड़ना पड़ता है। बाहरी विघ्न-बाधाएं स्वत: ही दूर हो जाती हैं। मन एकाग्र होकर इष्ट देव से जुड़ जाता है। साधक का मन सूर्य की किरणों के समान विकसित एवं प्रज्वलित हो जाता है। साधक तेजस्वी हो जाता है। गीता में कहा है—

"चञ्चलं हि मन: कृष्ण प्रमाथी बलवद् दृढ़म्।"
तस्याहं निग्रहं मन्ये वायोरिव सुदुष्करम्॥

मन चंचल है, संसार में चल रही घटनाओं में, समाज एवं परिवार के वातावरण में उलझा हुआ मन सदैव अस्थिर रहता है। व्यक्ति मन के द्वारा संकल्प-विकल्पों के घोड़े दौड़ाता रहता है। व्यक्ति भी संसार यात्रा में उलझा हुआ है, उस के पास एक क्षण का भी अवकाश नहीं कि स्थिर चित्त से बैठ सके। उसकी शान्ति उस से दूर रहती है। न वह अपने विषय में सोच सकता है न अच्छे विचार मन में ला सकता है। मन किसी के धन को देखकर ईर्ष्या करता है, उसके कार्य को देखकर द्वेष की

भावना रखता है, अनेक प्रकार के दुर्विचारों को अपने में संजोता है। बुरे विचार उस के मस्तिष्क में घूमते रहते हैं। मन वश में कैसे हो? जब तक दुर्ध्यान बना हुआ है तब तक वह शुक्ल ध्यान में कैसे आएगा। मन को लगाम देनी पड़ेगी। तृष्णा को समाप्त कर सन्तोष का भाव लाना होगा। काम-क्रोध, लोभ, मोह आदि विकारों को तिलांजलि देनी पड़ेगी, तभी मन एकाग्र होगा, तभी ध्यान की स्थिति बनेगी। जैन शास्त्रों ने ध्यान के विषय में बहुत गहराई से चिन्तन किया है। उन की साधना प्रक्रिया बहुत स्पष्ट है।

ओम् का महत्त्व—ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन् मामनुस्मरन्॥
य: प्रयाति त्यजन् देहं स याति परमांगतिम्।

श्रीमद्भगवद् गीता में भगवान् श्री कृष्ण ने ओं को ब्रह्म कहा है। बिना ओं के मन्त्र का उच्चारण नहीं करना चाहिए। समस्त मन्त्र-साहित्य में ओं का स्मरण अवश्य किया जाता है। यह परब्रह्म का वाचक है। मन्त्र के एक-एक शब्द में ओं की ध्वनि व्यक्त होती है। ओं की उपासना योगी जन अपने हृदय में करते हैं। जैनदर्शन में यह ओं परमेष्ठी का वाचक भी है।

"ओं कारं विन्दुसंयुक्तं नित्यं ध्यायन्ति योगिन:।
कामदं मोक्षदं चैव ओंकाराय नमो नम:॥"

पंचमकार का शुद्ध रूप

वाममार्गी साधकों ने मन्त्रविद्या को जो हानि पहुंचाई, उस का भारत के लोगों पर बुरा प्रभाव पड़ा। अपनी गल्त परम्परा को स्थापित करने के लिए अनेक प्रकार के वितण्डों का आश्रय लिया गया। साधना का मार्ग दूषित करने में उन्होंने कोई कमी नहीं रहने दी? उनका मूलमन्त्र था—

"मद्यं मासं च मीनं च मुद्रा मैथुनमेव च।
मकार पंचकं प्राहुर्योगिनां मुक्ति दायकम्॥

अर्थात्—मद्य, मांस, मीन, मुद्रा और मैथुन ये पांच मकार योगिजनों को मोक्ष प्रदान करने वाले हैं।

यह धारणा तामसी या राजसी प्रकृति के लोगों की तो हो सकती है, सात्त्विक प्रकृति के लोगों की नहीं। साधना का मार्ग सात्त्विक है। मन, वाणी, काय की शुद्धता में ही साधना हो सकती है। आसन पर बैठने वाले के लिए नियम है कि वह अपने शरीर की शुद्धि करे। शुद्ध आसन पर बैठे, उचित दिशा की ओर मुख करे, शुद्ध वस्त्रों को धारण करे। मन को शुद्ध कर, काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार का परित्याग कर मन्त्र जाप या साधना में प्रवृत्त हो।

इसी बात को स्पष्ट करते हुए पूज्यपाद श्री तारानन्द तीर्थ द्वारा संगृहीत "तन्त्रतत्त्व-प्रकाश" नामक निबन्ध में इस विषय को सप्रमाण स्पष्ट किया गया है—

1. मदिरा

ब्रह्मस्थान सरोजपात्रलसिता ब्रह्माण्ड तृप्तिप्रदा,
या शुभ्रांशुकला सुधा विगलिता या पानयोग्या सुरा।
सा हाला पिवतामनर्थफलदा श्रीदिव्यभावाश्रिता।
यां पीत्वा मुनयः परार्थ कुशला निर्वाणमुक्तिं गताः॥

अर्थात्—जो सहस्रार पद्मरूपी पात्र में चन्द्रमा की कलासुधा के स्रवसे पीने योग्य सुरा बनी है, वह तीनों लोकों को दिव्यभाव के आश्रित शुभफल देने वाली है, जिसे पीकर मुनि लोग मुक्ति को प्राप्त कर गए।

2. मांस

काम क्रोध सुलोभ मोह पशुकान् छित्वा विवेकासिना,
मांसं निर्विषयं परात्मसुखदं खादन्ति तेषां बुधाः।
ते विज्ञानपरा धरातलसुरास्ते पुण्यवन्तो नराः,
नाश्नीयात् पशुमांसमात्म विमतेः हिंसापरं सज्जनः॥

अर्थात्—काम, क्रोध, लोभ, मोह रूपी पशुओं को विवेक की तलवार से काटकर विषयों से रहित होकर परमानन्द सुख को देने वाले मांस को खाते हैं। वे पृथिवी के देवता, पुण्यवान्, विशिष्ट ज्ञान से युक्त सज्जन लोग ही उत्तम हैं। शुद्धमति वाले सज्जन पुरुष पशु मांस को नहीं खाते?

3. मीन

अहंकारो दम्भो मदपिशुनता मत्सर द्विषः,
षडेतान् मीनान् वै विषयहर जालेन विधृतान् ।
पचन् सद् विद्याग्नौ नियमित कृतिर्धीवरकृतिः,
तदा खादेत सर्वान्न च जलचराणां च पिशितम् ॥

अर्थात्—अहंकार, दम्भ, मद, मान, मत्सर, द्वेष, इन छः विषय-विकार रूपी मीनों (मछलियों) को विद्या रूपी अग्नि में जला देवे। इन को मारने से ही मुनिवृत्ति को व्यक्ति धारण कर सकता है। जल में रहने वाली मछली का सेवन नहीं करना चाहिए।

4. मुद्रा

आशा तृष्णा जुगुप्साभयविशद घृणामान लज्जा प्रकोपात्,
ब्रह्माग्नावष्ट मुद्रा पर सुकृतिजनः पाच्यमानः समन्तात् ।
नित्यं संभक्षयेत् तानवहितमनसा दिव्यभावानुरागी,
योऽसौ ब्रह्माण्डभाण्डे पशुहतिविमुखो रुद्रतुल्यो महात्मा ॥

अर्थात्—आशा, तृष्णा, भय, घृणा, मान, लज्जा, कोप, जुगुप्सा इन आठ विकारों में ब्रह्मरूपी अग्नि में पका ले, अर्थात् इन विकारों को सदैव के लिए भस्म कर दें। इस संसार में विचरण करने वाले दिव्य भावना से युक्त लोग इन विकारों से मुक्त होकर शिवस्वरूप हो जाते हैं। वास्तव में मनुष्य शरीर के यही विकार साधना में आगे बढ़ने नहीं देते।

5. मैथुन

या नाडी सूक्ष्म रूपा परमपदगता सेवनीया सुषुम्णा ।
सा कान्तालिङ्गनर्हो न मनुजरमणी सुन्दरी वारयोषित् ।
कुर्य्यात् चन्द्रार्कयोगे युगपवन गतैः मैथुनं नैव योनौ ।
योगीन्द्रो विश्व वन्द्यः सुखमय भवने तां परिष्वज नित्यम् ॥

अर्थात्—कुण्डली जागरण के रूप में सुषुम्णानाडी का ही महत्त्वपूर्ण स्थान है, उसी में साधक को विचरण करना चाहिए। मनुष्यमात्र के मेरुदण्ड के उभय पार्श्व में इडा, पिंगला नामक दो नाड़ियां हैं, इन दोनों नाड़ियों के मध्य में अतिसूक्ष्म एक-दूसरी नाड़ी है, जिसका नाम सुषुम्ना

है, इस के निचले भाग में चतुर्दल त्रिकोणाकार एक कमल है, इस कमल पर कुण्डलिनी शक्ति सर्पाकार कुण्डली बनाकर स्थित है, इस नाड़ी शक्ति द्वारा ही योगी इसमें भ्रमण करता है।

नोट—यह विषय अतिविस्तृत है। यहां मात्र वाममार्ग पर चलने वालों के पंच मकार का ही स्पष्टीकरण करना उद्देश्य था।

तन्त्र शास्त्र

वेदों के देवी सूक्त-आदि में शक्ति उपासना का मूल रूप में वर्णन हुआ है, मगर इसका पूर्ण विकास तन्त्रशास्त्र में हुआ है। कालान्तर में इसने बौद्ध एवं जैन दर्शन को भी प्रभावित किया है। वैदिक तन्त्र में भी यह मन्त्र शक्ति सिद्धान्तों से ही सम्बद्ध न रह कर, वैष्णव, शैव एवं गाणपत्य तन्त्र के रूप में विकसित हुआ। तन्त्र का प्रभाव सम्पूर्ण भारतीय आचार-विचार पर पड़ा एवं पुराण-आदि में भी इसके महत्त्व को स्वीकार करते हुए इसकी व्याख्या की गई। इसने उपासना पद्धति—विशेष कर शक्ति पूजा को प्रभावित किया, जिससे हम किसी भी पूजा में कई तान्त्रिक प्रक्रियाओं को अवश्य पाते हैं। तन्त्र शब्द 'तनु विस्तारे' धातु से ष्ट्रन प्रत्यय लगने से बना है। जिसका तात्पर्य है कई विषयों—मन्त्र-यन्त्र आदि को विस्तृत करना।

आगम ग्रन्थ के तन्त्रों को हम दो भागों में बांट सकते हैं—

प्रथम दार्शनिक पक्ष, दूसरा व्यावहारिक पक्ष। कुछ तन्त्र को तीन दलों में विभक्त कर प्रत्येक के 64 भेद बताते हैं। शक्ति तन्त्रों में देवी को मां एवं संहार करने वाली के रूप में देखा गया है। देवी परमात्मा की परम प्रकृति के रूप में वर्णित होती है, जिसके विभिन्न नाम हैं—काली, भुवनेश्वरी, बगला, छिन्नमस्ता, कमला, दुर्गा, तारा आदि। राक्षसों के विनाश के लिए भक्तों की कामना सिद्धि के लिए वे विभिन्न रूप धारण करती हैं। वे परम शक्ति हैं। एवं शिव सहित सभी देव अपनी शक्ति उसी से प्राप्त करते हैं—

"शिवः शक्त्या युक्तो यदि भवति शक्तः प्रभवितुम्।
न चेदेवं देवो न खलु कुशलः स्पन्दितुमपि ॥

अथवा—न शिवेन विना शक्तिर्न शक्ति रहितः शिवः ॥"

शक्ति मानव शरीर में कुण्डलिनी का रूप ग्रहण कर आधार-चक्र में बिजली के समान चमकती है। मानव-तन्त्र में (शरीर में) छः चक्र होते है—मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत, विशुद्ध एवं आज्ञा। इनके अतिरिक्त मस्तक में ब्रह्मरन्ध्र वीजकोष के रूप में विद्यमान है। तान्त्रिक साधना द्वारा अलौकिक सिद्धि, मुक्ति आदि की प्राप्ति अति शीघ्रता से मिलती है।

मन्त्र व्यक्ति को ज्ञानी गुरु से ही प्राप्त करना चाहिए। तान्त्रिक पूजा में बौद्धिंक मन्त्रों का प्रयोग होता है, मगर तन्त्र शास्त्र ने स्वतन्त्र रूप से असंख्य मन्त्रों का प्रणयन किया है। इसमें प्रत्येक देवता हेतु वीज मन्त्रों का प्रावधान है। वीज के अतिरिक्त कवच, हृदय, न्यास आदि के रूप में भी अनेकानेक मन्त्र हैं। मन्त्रों की सिद्धि में स्थान, समय एवं मालाओं का भी विशिष्ट महत्त्व है। मन्त्रों के साथ-साथ तान्त्रिक उपासना में न्यास, मुद्रा, यन्त्र एवं मण्डल का भी महत्त्वपूर्ण स्थान है। न्यास का अर्थ है= शरीर के अंगों प्र देवता का आवाहन करना, जिससे वह पवित्र होकर पूजा-अर्चना के लिए उपयुक्त हो जाए। देवो भूत्वा देवं यजेत् भी इसी बात को कहता है। न्यास के तन्त्रशास्त्र में कई रूप हैं=हंसन्यास, प्रणवन्यास, वर्णमातृकान्यास, वाह्यमातृकान्यास, अन्तर्मातृका न्यास, ऋष्यादिन्यास, वीजन्यास आदि।

मुद्रा का भी तन्त्र शास्त्र में महत्त्वपूर्णस्थान है=तान्त्रिक पूजा में अंगुलियों और हाथों को एक विशेष प्रकार से अवस्थित करना होता है। मुद्राओं की संख्या भी अत्यधिक है=आवाहिनी, स्थापिनी, संनिधापिनी, संनिरोधिनी, सम्मुखीकरणी, सकलीकृति आदि। इनके लक्षण यथा-स्थान दे दिए गये हैं।

तान्त्रिक आराधना का एक अन्य प्रधान अंग है—यन्त्र, जिसे भोज-पत्र, कागज, विभिन्न धातु आदि पर चित्रित किया जाता है। तान्त्रिक पूजा में इसका प्रयोग विभिन्न प्रकार से किया जाता है। भिन्न देवता के भिन्न यन्त्र होते हैं। साधक यन्त्र पर देवता की विशेष पूजा करता है।

विशेष अनुष्ठान आदि किए जाते हैं, तथा कभी-कभी विशेष शान्ति के निमित्त यन्त्र को भोजपत्र आदि पर अंकित कर तांबा-चान्दी आदि के तावीज में रख कर गले या बांह पर धारण किया जाता है और यन्त्र के बिना पूजा निष्फल मानी जाती है। व्यक्ति की अपनी निष्ठा एवं साधक की रुचि भी इससे सम्बन्ध रखती है।

सकाम पूजा के लिए इन विधानों को करना ही अभीष्ट है। तभी मन्त्र सिद्धि हो सकता है।

निष्काम भाव से प्रभु की उपासना के लिए, यन्त्र आदि की आवश्यकता नहीं रहती, वहां शरीर शुद्धि, स्थान शुद्धि, आसन-शुद्धि एवं माला की शुद्धि का ध्यान रखना होगा। साथ ही क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार असत्य, स्तेय आदि का त्याग करना भी अत्यावश्यक है। ब्रह्मचर्य का पालन करना सर्वोत्तम है।

मन्त्र का प्रभाव भी तभी होता है यदि आत्मा शुद्ध-बुद्ध, निर्मल एवं निर्लेप है। प्रभु का साक्षात्कार भी आत्मा की शुद्धि पर निर्भर है। तभी केवल ज्ञान प्राप्त हो सकता है। आत्मा सत्यं, शिवं, सुन्दरं होकर सच्चिदानन्द का रूप धारण कर लेती है। वास्तव मे यही उच्चकोटि की साधना है। साधना में प्रपंच नहीं होता। होती है प्रभु की भक्ति, प्रभु पर विश्वास, एवं अनन्य श्रद्धा।

उपासना

वास्तव में यद्यपि नित्यानन्द स्वरूप परब्रह्म परमात्मा में एकान्त प्रीति करना उपासना है, तथापि सम्पूर्ण संसार को मोह में डालने वाली परब्रह्म परमात्मा की मलिन सत्त्वप्रधानमाया के वशीभूत जीव के रज और तम भाव को नष्ट करने के लिए उपासना का आश्रय अवश्य लेना चाहिए। शास्त्रकारों ने मानव-कल्याण के लिए अनेक मार्गों का उपदेश दिया है फिर भी अविद्या का नाश करने के लिए तथा आत्मज्ञान अथवा आत्मसाक्षात्कार के सम्बन्ध से वेदान्त में निम्न त्रिवर्ग बताया गया है, जब तक आत्मसाक्षात्कार की क्षमता प्राप्त न हो, तब तक चित्त शुद्धि एवं मन की एकाग्रता के लिए कर्म और उपासना की परमावश्यकता है।

आत्मपर्याय परब्रह्म परमात्मा की उपासना के दो भेद हैं—

1. सगुण और 2. निर्गुण। सगुण निराकार और सगुणसाकार। सगुण उपासना के दो भेद हैं। निर्गुण निराकार तत्त्व एक ही है। उसकी उपासना के बिना निरतिशयानन्द की प्राप्ति और दुःख की आत्यन्तिक निवृत्ति नहीं होती। वेद में कहा गया है—

"तमेव विदित्वातिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय।"

(यजु. 31/18।

'सगुण निराकार की उपासना के अन्तर्गत हिरण्यगर्भ आदि से लेकर जितना कारण और कार्य ब्रह्म का विस्तार है, वह सभी आ जाता है।

सगुण साकार के अन्तर्गत ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र से लेकर, दुर्गा, भवानी, भैरव आदि सभी आकार वाली मूर्तियों की उपासना आ जाती है। इस प्रकार पृथ्वी के एक परमाण से लेकर महाकाश पर्यन्त अहंतत्त्व, महत्तत्त्व आदि सबमें किसी न किसी रूप से उसी एक निर्गुण, निष्कल, निरञ्जन तत्त्व की उपासना होती है। इस प्रकार वैदिक, स्मार्त, पौराणिक, तान्त्रिक आदि सभी उपासनाओं में उपास्यदेव की व्यापकता से मुख्यतया परब्रह्म परमात्मा ही उपास्य ठहरते हैं।

शास्त्र बताता है कि मन्त्रों की आराधना से देवता लोग हमारे अधीन हो जाते हैं, वे हमारी इच्छा पूर्ण करके क्लेशों का निवारण करते हैं—"देवाधीनं जगत्सर्वं मन्त्राधीनास्तु देवताः" ऐसा सुना गया है। साथ ही मन्त्रों के जप होमादि से पूजित देवता प्रसन्न होकर सारे सांसारिक सुखों और पुरुषार्थों को देते हैं।

'मन्त्राणां जप होमाद्यैः स्तूयमाना हि देवताः।
प्रसन्ना निखिलान् भोगान् पुरुषार्थांश्च यच्छति॥"

मन्त्र हमारे मुख से निकलने वाले पचास अक्षर ही हैं प्रत्येक अक्षर मन्त्र है—"अमन्त्रमक्षरं नास्ति। न क्षरतीति अक्षरः" की व्युत्पत्ति से अक्षर का कभी नाश नहीं होता। कहा गया है "क्षरः सर्वभूतानि अक्षरः ब्रह्म उच्यते। किन-किन अक्षरों के जोड़ने से किस देवता का प्रकाश होता है और कौन-सी शक्ति प्रकट होती है यह बात गुरुओं तथा मन्त्र शास्त्रों

से जानी जा सकती है। ऐसे मन्त्रों का अनुष्ठान क्लेश-विनाश, सम्पत् प्राप्ति और मोक्ष लाभ के लिए भी किया जा सकता है।

भूत-प्रेत-यक्षिणी आदि से लेकर परमात्मा तक की उपासना के लिए सप्तकोटि महामन्त्र और साधारण मन्त्र हैं। मानव अपने पूर्वसंस्कार के अनुसार ऐहिक सुख सम्पदा, अनिष्ट निरसन, एवं आत्मोद्धार की अभिलाषा रखते हैं। ये सभी अभिलाषाएं देव-देवियों की उपासना से पूर्ण होती हैं।

(उपासना का यह संक्षिप्त रूप जानकारी के लिए दिया गया है। यह विषय गहन एवं विस्तार वाला है।)

देखा जाए तो आत्मशक्ति ही मनुष्य का शक्ति-स्रोत है। जैसे—सूर्य का प्रकाश पुष्पों को विकसित करता है, फलों को परिपक्व करता है, उसी प्रकार अन्तरात्मा का प्रेरक प्रकाश जीवन-शक्ति के सुरभित पुष्पों को विकसित करता है। बृहदारण्यकोपनिषद में कहा गया है, "आत्मैवास्य ज्योतिः"। अपने अन्दर के दिव्य प्रकाश से अपने जीवन मार्ग को स्वयं देखना चाहिए। ईश्वर आत्मा के रूप में आपके मन में वर्तमान है। आपकी आत्मा ईश्वर की आवाज़ है। मनुष्य स्वयं ही आत्मस्वरूप है। यह आत्मा ही देखने, सुनने, छूने, विचार करने, जानने, क्रिया करने वाला विज्ञान मुक्त है।

प्रश्नोपनिषद में कहा गया है—"एष हि द्रष्टा स्प्रष्टा श्रोता घ्राता रसयिता मन्ता बोद्धा कर्ता विज्ञानात्मा पुरुषः॥"

यह आत्मशक्ति ही मनुष्य का गुप्त शक्ति स्रोत है। जो मनुष्य शंकाशील, उद्देश्य रहित, हताश, उदास, निराश हो जाता है, वह समाज के लिए निरुपयोगी हो जाता है, वह कुछ भी महान् कार्य नहीं कर सकता। ठूंठ मात्र होकर रह जाता है।

मैं ईश्वर अंश हूं, ईश्वर की दिव्य शक्ति मुझ में निवास करती है, ईश्वर की विपुल सहायता, सदा सर्वदा मेरे साथ है, मैं ईश्वर की ओर से यह सत्कर्म कर रहा हूं, ऐसा समर्पणभाव रखकर कार्य करने से आध्यात्मिक बल बढ़ता है। आत्मशक्ति की वृद्धि का अभ्यास करने के

लिए मन को शान्त एवं संतुलित कर ब्रह्म विचार से रमण करना चाहिए। गीता में भगवान कृष्ण ने कहा है कि श्रद्धाभाव से युक्त होकर, पत्र पुष्प आदि जो भी मुझे समर्पित करता है, वही भगवत् भक्त मुझे प्रिय हैं। वह मेरा है, मैं उसका हूं। इसलिए भक्तिभाव से प्रभु को समर्पित होना ही उपासना है। यही सिद्धि है।

दस महाविद्याओं का संक्षिप्त परिचय

1. **महाकाली**—दस महाविद्याओं में प्रथम काली हैं, जो प्रलय काल से सम्वद्ध कृष्णवर्णा है। वे शव पर इसलिए आरूढ़ हैं कि शक्ति-विहीन विश्व मृत ही है। शत्रु संहारक शक्ति भयावह होती है। इसीलिए कालि की मूर्ति भयावह है। शक्ति विहीन निर्वल विश्व का घमण्ड दूर कर भगवती हंसती है। पूर्णवस्तु को चतुरस्र कहा जाता है, इसीलिए वे अपनी चार भुजाओं से अपनी पूर्णता को प्रकट करती हैं। स्वयं अभय-स्वरूपा है, अपना आश्रय लेने वाले को निर्भय वनाती है, इसीलिए वे अभयमुद्रा धारण किए हुए है। क्षणभंगुर संसार में परमसुख देने वाली भगवती ही हैं, जीवित और मृत विश्व की आधार वही हैं, मृतप्राणियों का एक मात्र सहारा वे ही हैं, इसीलिए उन्होंने मुण्डमाला धारण कर रखी है। प्रलयकाल में सवके लीन होने पर भगवती नग्न रहती हैं, इसीलिए उनका विग्रह शरीर नग्न है। संसार के विनाश पर उस तपो-भूमि का विकास होता है, इसलिए वे श्मशानवासिनी कहलाती हैं। उग्र-रूपा होने पर भी वे भगवती स्वरूपा मां है। जो जन-जन का उद्धार कर सब को संरक्षण देती हैं।

शक्ति साधना के दो पीठों में काली की उपासना श्याम पीठ पर करने योग्य है। भक्ति मार्ग में तो सर्वथा किसी भी रूप में, किसी भी तरह, उन महामाया की उपासना फलप्रदा है, पर साधना या सिद्धि के लिए इनकी उपासना वीरभाव से की जाती है। वीर साधक दुर्लभ होता है। जिनके मन से अहंता, माया, ममता, और भेद वुद्धि का नाश नहीं हुआ है, वे इनकी उपासना को करने में पूर्ण सफल नहीं हो सकते। साधना के द्वारा जव पूर्ण शिशुत्व का उदय हो जाता है, तव भगवती

का श्री विग्रह साधक के सामने प्रकट हो जाता है। उस समय उनकी छवि अवर्णनीय होती है। कज्जल के पहाड़ के समान, दिव्यवसना, मुक्त-कुन्तला, शव पर आरूढ़, मुण्डमालाधारिणी भगवती का प्रत्यक्ष दर्शन साधक को कृतार्थ कर देता है। गुरुकृपा और जगदम्वा की कृपा अथवा पूर्वकृत साधनाओं के फलस्वरूप काली की उपासना में सफलता प्राप्त होती है।

2. तारा—हिरण्यगर्भावस्था में कुछ प्रकाश होता है, प्रलयरूपिणी कालरात्रि में तारांओं के समान सूक्ष्म जगत के ज्ञान एवं उनके साधन प्रकट होते हैं, उन्हीं हिरण्यगर्भ की शक्ति तारा है। हिरण्यगर्भ पहले क्षुधा से उग्र था, जव उसे अन्न मिला, तव वह शान्त हुआ। क्षुधातुर हिरण्यगर्भ के संहारक होने से उसकी यह शक्ति भी संहारिणी हैं। इसके चारों हाथों में जहरीले सांप हैं, जो संहारके सूचक हैं। यह देवी भी शवारूढा हैं, तथा मुण्ड व खप्पर लिए हुए हैं। और दुष्टों का संहार कर रक्तपान करती है। नागों से वन्धा जटाजूट देवी की रश्मियों की भयानकता को सूचित करती है।

3. षोडशी—प्रशान्त हिरण्यगर्भ या सूर्य शिव हैं और उन्हीं की शक्ति पोडशी है, जवकि हिरण्यगर्भ के दूसरे रूप रुद्र की शक्ति तारा रूप में वर्णित है. पोडशी का विग्रह पांच मुख वाला है। पांचों मुख तत्पुरुष, सद्योजात, वामदेव, अघोर और ईशान शिव के इन पांच रूपों के प्रतीक हैं। पूर्वोक्त पांच दिशाओं के रंग हरित, रक्त, धूम. नील और पीत होने से ये मुख भी इन्ही रंगों के हैं। देवी के दस हाथ हैं। जिनमें वे अभय, टंक, शूल, वज्र, पाश, खड्ग अंकुश, घण्टा; नाद और अग्नि लिए हैं। इनमें पोडश कलाएं पूर्णरूपेण विकसित हैं। अत: एव यह षोडशी कहलाती है।

4. भुवनेश्वरी—वृद्धिगत विश्व का अधिष्ठान त्र्यम्वक शिव हैं, उनकी शक्ति भुवनेश्वरी हैं, सोमात्मक अमृत से विश्व का पोषण हुआ करता है, इसीलिए भगवती ने अपने किरीट में चन्द्रमा धारण कर रखा है। ये ही भगवती त्रिभुवन का भरण-पोषण करती है, इसका संकेत इनकी

अभयमुद्रा से मिलता है। उदीयमान सूर्यवत कान्तिमति त्रिनेत्रा एवं उन्नत कुचयुगला देवी हैं। कृपा दृष्टि की सूचना उनके मृदुहास्य से मिलती हैं। शासनशक्ति के सूचक अंकुश, पाश, आदि को भी वे धारण करती हैं।

5. **छिन्नमस्ता**—परिवर्तनशील जगत का अधिपति चेतन कवन्ध है, उसकी शक्ति छिन्नमस्ता है। विश्व का वृद्धि-ह्रास तो सदैव होता रहता है, जब विकास की मात्रा अधिक और ह्रास की मात्रा कम होती है, तो भुवनेश्वरी का प्राकट्य होता है, इसके विपरीत निर्गम अधिक और आगम कम होता है, तो छिन्नमस्ता का प्राधान्य होता है। छिन्नमस्ता भगवती छिन्नशीर्ष हैं एवं खप्पर लिए हुए स्वयं दिगम्वर है। कवन्ध शोणित की धारा पीती रहती है। हृदय पर कमल की माला धारण किए हुए ये देवी रक्तासक्त मनोभाव के ऊपर विराजमान रहती है।

छिन्नमस्ता भगवती का स्वरूप अत्यन्त गोपनीय और साधकों को प्रिय है। इसे अधिकारी ही प्राप्त कर सकता है। आधी रात अर्थात् चतुर्थ सन्ध्याकाल में छिन्नमस्ता के मन्त्र की साधना से साधक को सरस्वती की सिद्धि हो जाती है। शत्रुविजय, समूहस्तम्भन, राज्य प्राप्ति और दुर्लभ मोक्ष प्राप्ति के निमित्त छिन्नमस्ता की साधना अमोघ है। छिन्नमस्ता का आध्यात्मिक स्वरूप अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। यों तो सभी शक्तियां विशिष्ट आध्यात्मिक तत्त्व चिन्तकों की संकेत हैं, पर छिन्नमस्ता नितान्तगुह्य तत्त्व बोध की प्रतीक है। छिन्न यज्ञ शीर्ष की प्रतीक यह देवी श्वेत कमल-पीठ पर खड़ी है। इनकी नाभि में योनिचक्र है, दिशाएं ही इनका वस्त्र हैं। वे अपना शीश स्वयं काटकर भी स्वयं जीवित हैं. जिससे उनमें अपने में पूर्ण अन्तर्मुखी साधना का संकेत मिलता है।

6. **त्रिपुरभैरवी**—क्षीयमान विश्व का अधिष्ठान दक्षिणमूर्ति काल-भैरव हैं। उनकी शक्ति ही त्रिपुरभैरवी हैं। उनके ध्यान का स्वरूप भी अद्भुत है। उदित हो रहे सहस्र सूर्यों के समान अरुण कान्ति वाली और क्षौमाम्वर धारिणी होती हुई मुण्डमाला पहने हैं, रक्त से उनके पयोधर लिप्त हैं। वे तीन नेत्र एवं हिमांशुमुकुट धारण किये, हाथ में जप वटी,

विद्या, वर, एवं अभयमुद्रा धारण किए हुए हैं। यह भगवती मन्द-मन्द हास्य करती रहती हैं।

7. **धूमावती**—विश्व की अमाङ्गल्यपूर्ण-अवस्था की अधिष्ठात्री शक्ति धूमावती हैं। ये विधवा समझी जाती हैं। यहां पुरुष अव्यक्त है, चैतन्य, बोध, आदि अत्यन्त तिरोहित होते हैं। यह भगवती विवर्णा, चंचला, दुष्टा एवं दीर्घ तथा गलितवसन धारण करने वाली, खुले केशों वाली, विरलदन्त वाली, विधवा रूप में रहने वाली, काकध्वज वाले रथ पर आरूढ, लम्बे-लम्बे पयोधरों वाली, हाथ में शूर्प लिए, अत्यन्त रूक्ष नेत्रों वाली, क्षुधा-पिपासा से पीड़ित लम्बी नासिका वाली, कुटिल नेत्रों वाली, कुटिल स्वभावा, भयप्रदा और कलह की निवासभूमि हैं।

8. **वगला**—व्यष्टिरूप में शत्रुओं को नष्ट करने की इच्छा रखने वाली, समष्टि रूप में परमेश्वर की संहारेच्छा की अधिष्ठात्री शक्ति वगला हैं—यह देवी सुधासमुद्र के मध्य स्थित मणिमय मण्डप में रत्नवेदी पर रत्नमय सिंहासन पर विराजमान हैं। स्वयं पीतवर्ण होती हुईं पीतवर्ण के वस्त्र, पीले आभूषण एवं पीली माला धारण किये हैं। इनके एक हाथ में शत्रु की जिह्वा और दूसरे हाथ में मुद्गर है।

पीताम्बरा विद्या के नाम से विख्यात वगलामुखी की साधना शत्रुभय से मुक्त होने और वाक्‌सिद्धि के लिए की जाती है। वगला का प्रयोग साधना की अपेक्षा रखता है। स्तम्भन शक्ति के रूप में इनका विनियोग शास्त्रों में वर्णित है। वगला महाविद्या ऊर्ध्वाम्नाय के अनुसार ही उपास्य मानी जाती हैं। श्रीकुल की सभी महाविद्याओं की उपासना गुरु के सान्निध्य में रहकर सतर्कता से, इन्द्रियनिग्रह पूर्वक सफलता की प्राप्ति होने तक करते रहना चाहिए।

9. **मातंगी**—मतंग शिव का नाम है, उनकी शक्ति मातंगी हैं। ये श्यामवर्णा हैं, चन्द्रमा को मस्तक पर धारण किये हुए त्रिनेत्रा, रत्नमय सिंहासन पर विराजमान, नील कमल के समान कान्ति वाली और राक्षस समूह रूप अरण्य को भस्मसात करने में दावानल के समान हैं। ये चार भुजाओं में पाश, खड्ग, खेटक और अंकुश धारण किए हुए हैं, तथा असुरों

को मोहित करने वाली एवं भक्तों को अभीष्ट फल देने वाली हैं।

मातंगी मतंगमुनि की कन्या कही गई हैं। वस्तुत: वाणीविलास की सिद्धि प्रदान करने में इनका कोई विकल्प नहीं। चाण्डालरूप को प्राप्त शिव की प्रिया होने के कारण इन्हें चाण्डाली या उच्छिष्ट चाण्डाली भी कहा गया है। गृहस्थ-जीवन को सुखी बनाने, पुरुषार्थ सिद्धि और वाग्विलास में पारंगत होने के लिए मातंगी-साधना श्रेयस्करी है।

10. **कमला**—सदाशिव पुरुष की शक्ति कमला हैं। इनके ध्यान में बताया गया है कि ये सुवर्णतुल्य कान्तिमती, हिमालय के सदृश श्वेत-वर्ण के चार गजों द्वारा शुण्डाओं से गृहीत, सुवर्ण-कलशों से स्नापित हो रही हैं। ये देवी चार भुजाओं में वर, अभय और कमलद्वय धारण किए हुए तथा किरीट धारण किए हुए और क्षौमवस्त्र को धारण किए हुए हैं।

कमला वैष्णवी शक्ति हैं। महाविष्णु की लीला विलास सहचरी कमला की उपासना वास्तव में जगदाधार शक्ति की उपासना है। इनकी कृपा के अभाव में जीव में सम्पत-शक्ति का अभाव हो जाता है। मानव, दानव और दैव सभी इनकी कृपा के बिना पंगु हैं। विश्वभर में इस आदि शक्ति की उपासना आगम-निगम दोनों में समान रूप से प्रचलित है। भगवती कमला दस विद्याओं में एक हैं। ये परम वैष्णवी, सात्त्विक और शुद्धाचारा, विचार धर्म चेतना और भक्त्यक-गम्या हैं। इनका आसन कमल पर है।

विनम्र निवेदन

मन्त्र एवं तन्त्र विषय पर संक्षेप में बहुत कुछ कह दिया है। मन्त्र-तन्त्र साहित्य का शुद्ध स्वरूप एवं उपासना का लक्ष्य भी कहा गया है। अनुष्ठान करते समय साधक को शरीर शुद्धि, एवं विचार-शुद्धि पर विशेष ध्यान देना होगा। अनुष्ठान करते समय आसन पूजन, अर्घ्य स्थान, स्थापन, गणपति पूजन एवं सर्व ग्रहों का पूजन, स्थण्डिल निर्माण, कलश स्थापन, पीठ स्थापन, तथा पीठ पर देवता का पूजन करने के पश्चात् ही किसी के दिशा-निर्देश में कार्य आरम्भ करना चाहिए।

इस पुस्तक में उन्हीं मन्त्रों को स्थान दिया गया जो अत्युपयोगी हैं।

उन्हीं विद्याओं का समावेश किया गया है जिनकी सात्त्विक रूप में साधना की जा सकती है ।

अधिक मन्त्र—जो अनावश्यक हैं, उन्हें व्यर्थ समझकर छोड़ दिया गया है । बाज़ार में छोटी-बड़ी इस विषय की बहुत पुस्तकें छपी हुई हैं, मैंने उनमें से किसी का आश्रय नहीं लिया, न ही उन्हें देखने का प्रयास ही किया है । मेरे समक्ष भारत के प्रसिद्ध ग्रन्थ मन्त्र महोदधि, मन्त्र महार्णव, एवं शाक्त प्रमोद ही रहे हैं । मन्त्र महोदधि का अवलोकन-पठन वर्षों से करता आ रहा हूं । एक-एक प्रकरण मेरी दृष्टि में सदैव उजागर होता रहा है ।इन्हीं प्रामाणिक ग्रन्थों का मैं आभारी हूं, जिनसे मैंने पूर्ण सहायता ली । इस में शैव, शाक्त, वैष्णव एवं जैन धर्म के प्रसिद्ध मन्त्रों का विधान दिया गया है। जिससे इस की प्रामाणिकता दृष्टिगोचर होगी । मेरा यह परिश्रम इन मन्त्रों को व्यवस्थित रूप में जनता के समक्ष रखने का ही रहा है ।

मेरा विश्वास है साधक वर्ग इस रचना को आदर की दृष्टि से देखेगा । इसे मैं पूर्ण तो नहीं कहूंगा । मगर आवश्यक सामग्री दे दी है ।

विदुषामनुचरः
कृष्णानन्दः

मन्त्र साहित्य में प्रयुक्त

मुद्रा

1. **मुष्टिमुद्रा लक्षणम्**—मुष्टि दक्षिणहस्तेन विधाय ऊर्ध्वं समुन्नयेत ।
मुद्रामुष्टि अभिधाख्याता सर्व विघ्न विनाशिनी ।।
2. **मृगमुद्रा**—दक्षस्य अनामिकांगुष्ठमध्यमाग्राणि योजयेत् ।
शिष्टे द्वे उच्छ्रिते कुर्यान् मृगमुद्रेयमीरिता ।।
3. **शक्तिमुद्रा**—मुष्टिकरौविधाय द्वौ वामस्योपरि दक्षिणं कृत्वा
शिरसि युंजीत शक्ति मुद्रेयमीरिता ।।
4. **लिंगमुद्रा**—उच्छ्रितं दक्षिणांगुष्ठं वामांगुष्ठेन वन्धयेत् ।
वामांगुली दक्षिणाभिरंगुलीभिश्च वन्धयेत् ।
लिंग मुद्रेयमाख्याता शिव सान्निध्यकारिणी ।।
5. **पंचमुख मुद्रा**—मणि वन्धकरौ युक्तावंगुल्यग्राणि मेलयेत् ।
मुद्रा पंचमुखाख्येयं दर्शिता शिव तोषिणी ।।
6. **सन्निधान मुद्रा**—उत्तानांगुष्ठौ मुष्टी सन्निधान मुद्रा ।।
7. **संमुखीकरण मुद्रा**—मुद्रया संमुखीकरिण्या उत्तानौमुष्टी
हृद्यंजलि निवन्धनं प्रार्थना मुद्रा ।।

हृदय प्रदेश में अञ्जलि वनाने को संमुखीमुद्रा कहते हैं प्रणाम की प्रक्रिया ।

8. **दीप मुद्रा**—मध्यमामूलयोरंगुष्ठ योगो दीप मुद्रा ।।
9. **नैवेद्य मुद्रा**—अनाम मूलयो: अंगुष्ठयोगो नैवेद्य मुद्रा ।।
10. **ग्रास मुद्रा**—पद्माभो वामस्तो ग्रासमुद्रा ।
सर्वांगुलिभि: समान मुद्रा ।।
11. **पद्ममुद्रा**—करौ द्वौ संमुखौ कृत्वा संहतौ उन्नतौ पुन: ।
अंगुली प्रसृता मध्येऽगुष्ठौ पद्मस्य मुद्रिका ।।

12. पाशमुद्रा—तर्जनीमध्यमे वामे ऊर्ध्वमुख्यौ विधाय च ।
दक्षिणे द्वे अधोमुख्यौ संमुख्यौ च परस्परम् ।
पाशमुद्रा भवेदेषा मिथः संपीडनेतरयोरिति ॥

13. गदामुद्रा—अन्योऽन्याभिमुखौ कृत्वा हस्तौ तु ग्रथिताबुभौ ।
अंगुष्ठौ मध्यमे तद्वत्संयुक्ते सुप्रसारिते ।
गदामुद्रेयमुदिता दर्शिता विघ्नहारिणी ॥

14. मुसलमुद्रा—कनिष्ठांगुष्ठयुङ्मुद्रा त्रिकोण त्वशनेर्मता ।
(कुलिशं वज्रम्—अशनेर्वज्रस्य कनिष्ठिकांगुष्ठ योगादन्यासां
प्रसारणात् त्रिकोणः इत्यर्थः ।

15. असि मुद्रा—ऊर्ध्वस्य वामहस्तस्य तर्जन्याद्यंगुलि त्रयम् ।
खड्ग मुद्रा—प्रसार्य योजयेदन्ये मिथोऽंगुष्ठ कनिष्ठिके ।
खड्ग मुद्रेयमुदिता सर्वशत्रु कृन्तनी ॥

16. खेचरी मुद्रा—सव्यं दक्षिणहस्ते तु सव्यहस्ते तु दक्षिणम् ।
बाहू कृत्वा महादेवी हस्तौ संपरिवर्त्य च ।
कनिष्ठानामिके देवि युक्ता तेन क्रमेण तु ।
तर्जनीभ्यां समाक्रान्ते सर्वोर्ध्वमपि मध्यमे ।
अंगुष्ठौ तु महादेवि सरलावपि कारयेत् ।
इयं सा खेचरी नाममुद्रा सर्वोत्तमा ॥

17. वीजमुद्रा—परिवर्त्य करौ स्पृष्टावर्द्ध चन्द्राकृतिप्रिये ।
तर्जन्यंगुष्ठ युगलं युगपत् कारयेत्ततः ।
अधः कनिष्ठावष्टब्धे मध्यमे विनियोजयेत् ।
तथैव कुटिले योज्ये सर्वाधस्तादनामिके ।
वीजमुद्रेयमुदिता सर्वसिद्धि प्रदायिनी ॥

18. क्षोभमुद्रा—मध्यमां मध्यमे कृत्वा कनिष्ठांगुष्ठरोधिते ।
तर्जन्यौ दंडवत् कृत्वा मध्यमोपर्यनामिके ।
क्षोभाभिधानाम मुद्रेयं सर्व संक्षोभकारिणी ॥

19. द्राविणीमुद्रा—क्षोभमुद्रायाः लक्षणमुक्तम् । एतस्याः एव मुद्रायाः
मध्यमे सरले यदा क्रियते तदा विद्राविणीमता ।

20. **आकर्षिणीमुद्रा**—मध्यमा तर्जनीभ्यां तु कनिष्ठानामिके समे ।
अंकुशाकार रूपाभ्यां मध्यमे परमेश्वरि ।
इयमाकर्षिणीमुद्रा त्रैलोक्याकर्षणे क्षमा ॥

21. **वश्यमुद्रा**—पुटाकारौ करौ कृत्वा तर्जन्यावंकुशाकृति ।
परिवर्त्य क्रमेणैव मध्यमे तदधोगते ।
क्रमेण देविते नैव कनिष्ठानामिकादय: ।
संयोज्य निविडा सर्वा: अंगुष्ठावग्रदेशत: ।
मुद्रेयं परमेशानी सर्ववश्यकरी मता ॥

22. **उन्मादमुद्रा**—संमुखौ तु करौ कृत्वा मध्यमामध्यमेऽनुजे (कनिष्ठे)
अनामिके तु सरले तदधस्तर्जनीद्वयम् ।
दंडाकारौ ततोऽगुष्ठौ मध्यमान स्वदेशगौ ।
मुद्रेषोन्मादिनी नाम क्लेदिनी सर्व योषिताम् ॥

23. **महांकुश मुद्रा**—अस्यास्त्वनामिकायुग्ममध: कृत्वांकुशाकृति ।
तर्जन्यावपि तेनैव क्रमेण विनियोजयेत् ॥
इयं महांकुशमुद्रा सर्व कामार्थ साधिनी ॥
अन्योऽन्याभिमुखौ श्लिष्टौ कनिष्ठिकानामिका पुन: ।
तथा तु तर्जनीमध्या धेनुमुद्रा प्रकीर्तिता ॥

24. **धेनुमुद्रा**—दोनों हाथों की अनामिका एवं कनिष्ठकाओं को एक दूसरे से मिलाकर तथा तर्जनी एवं मध्यमा को एक दूसरे से मिलाने से धेनुमुद्रा बनती है, इसकी आकृति गाय के थन जैसी होती है ।

25. **अवगुण्ठन मुद्रा**—दाहिने हाथ की मुट्ठी लगाकर मध्यमा एवं तर्जनी को अधोमुख कर चारों ओर घुमाने से अवगुण्ठनमुद्रा बनती है ।
सव्यहस्त कृतामुष्टि दीर्घाधोमुख तर्जनी ।
अवगुण्ठनमुद्रेयमभितो भ्रामिता भवेत् ॥

26. **ज्वालिनी मुद्रा**—मणिवन्धयुतोकृत्वा प्रसृतांगुलिकौ करौ ।
कनिष्ठाङ्गुष्ठयुगले मिलित्वान्त: प्रसारिते ।
ज्वालिनी नाम मुद्रैषा वैश्वानर प्रियंकरी ॥

दोनों मणि वन्धों को मिलाकर हाथ की अंगुलियों को सीधा कर कनिष्ठा एवं अंगूठा मिलने से ज्वालिनी मुद्रा वन जाती है।

27. **स्थापनीमुद्रा**—अधोमुखीकृता सैव स्थापनीति निगद्यते ।

आवाहनीमुद्रा को अधोमुख करने से स्थापनीमुद्रा वन जाती है।

28. **सन्निधान मुद्रा**—आश्लिष्ट मुष्टियुगला प्रोन्नतांगुष्ठ युग्मका ।

सन्निधाने समुच्छिष्ठा मुद्रेयं तन्त्रवेदिभिः ।।

अंगूठों को ऊपर उठाकर दोनों मुट्ठियों को परस्पर मिलाने से सन्निधानमुद्रा वनती है।

29. **सन्निरोधमुद्रा**—अंगुष्ठ गर्भिणी सैव सन्निरोधे समीरिता ।।

अंगूठों को भीतर कर दोनों मुट्ठियों को परस्पर मिलाने से सन्निरोधमुद्रा वनती है।

30. **सकलीकरणमुद्रा**—देवांगेषु षडंगानां व्यासः स्यात् सकली कृतिः ।

देवता के अंगों पर षडंगन्यास करना सकलीकरणमुद्रा कहलाती है।

31. **परमीकरण के लिए महामुद्रा**—अन्योऽन्य ग्रथितांगुष्ठौ प्रसारित करांगुलिः ।

महामुद्रेयमुदिता परमीकरणे वुधैः ।

अंगूठों को परस्पर ग्रथित कर अंगुलियां फैलाने से महामुद्रा वनती है।

32. **योनिमुद्रा**—मिथः कनिष्ठके वद्धा तर्जनीभ्यामनामिके ।

अनामिकोर्ध्वं संश्लिष्ट दीर्घमध्मयोरधः ।

अंगुष्ठाग्रद्वयं न्यस्येद् योनि मुद्रेयमीरिता ।।

33. **त्रिखण्डमुद्रा**—परिवर्त्य करौं स्पष्टा वंगुष्ठौ कारयेत्समौ ।

अनामान्तर्गते कृत्वा तर्जन्यौ कुटिलाकृतिः ।

कनिष्के नियुञ्जीत निजस्थाने महेश्वरी ।

त्रिखण्डे समाख्याता त्रिपुराह्वान कर्मणि ।।

34. **महायोनिमुद्रा**—मध्यमे कुटिले कृत्वा तर्जन्युपरि संस्थिते ।

अनामिका मध्यगते तथैवहि कनिष्ठिके ।

सर्वा एकत्रसंयोज्या अंगुष्ठ परिपीडिताः ।

एषा तु प्रथमामुद्रा महायोन्यभिधागता ।।

35. **अक्षमालामुद्रा**—अंगुष्ठ तर्जन्यग्रेषु ग्रथयित्वांगुलित्रयम् ।
प्रसारयेदक्षमालामुद्रेयं परिकीर्तिता ।।

36. **परशुमुद्रा**—करे करं तु करयोस्तिर्यक् संयोज्य चांगुली: ।
संहता: प्रसृता: कुर्यान्मुद्रेयं परशोर्मता ।।

37. **वाणमुद्रा**—यथा हस्तगता: वाणास्तथा हस्तं कुरुप्रिये ।
वाण मुद्रेयमाख्याता रिपुवर्ग निकृन्तनी ।।

38. **वज्रमुद्रा**—दक्षिणहस्तं मुष्टिं वध्वा क्षेपणाकारं कुर्यात् ।

39. **धनुर्मुद्रा**—वामस्य मध्यमाग्रंतु तर्जन्यग्रेणयोजयेत् ।
अनामिकां कनिष्ठां च तस्यांगुष्ठेन पीडयेत् ।
दर्शयेत्वामके स्कन्धे धनुर्मुद्रेयमीरिता ।।

40. **कुण्डिका मुद्रा**—करद्वयं यदा सुभ्रु कुण्डाकार भवेत्तदा ।
कुण्डकेति महामुद्रा कथिता पूर्वसूरिभि: ।।

41. **दण्डमुद्रा**—मुष्टि कुर्यात्तु दक्षस्य (हस्तस्य) दर्शयेद्दण्डमुद्रिका ।

42. **शक्तिमुद्रा**—मष्टिंकृत्वा कराभ्यां च वामस्योपरि दक्षिणम् ।
कृत्वा शिरसि संयोज्या शक्तिमुद्रेयमीरिता ।।

43. **चर्ममुद्रा**—वामहस्तं यथा तिर्यक् कृत्वा चैव प्रसार्य च ।
आकुञ्चितांगुली: कुर्याच्चर्ममुद्रेयमीरिता ।।

44. **सुदर्शनचक्रमुद्रा**—हस्तौ तु संमुखौ कृत्वा सुलग्नौ सुप्रसारितौ ।
कनिष्ठांगुष्ठको लग्नौ मुद्रेया चक्रसंज्ञिका ।।

45. **घण्टामुद्रा**—वाममुष्टि भ्रमेणैव घण्टामुद्राप्रजायते ।

46. **शंखमुद्रा**—वामांगुष्ठं तु संगृह्य दक्षिणेन तु मुष्टिना ।
कृत्वोत्तानं ततो मुष्टिमंगुष्ठात्तु प्रसारयेत् ।
वामांगुल्यस्तथा श्लिष्ठा संयुक्ता: स्यु: प्रसारिता: ।
दक्षिणांगुष्ठ संस्पृष्ट्वा ज्ञेयेषा शंखमुद्रिका ।।

47. **त्रिशूल मुद्रा**—अंगुष्ठेन कनिष्ठा तु वध्वा श्लिष्टांगुलित्रयम् ।
प्रसारयेत् त्रिशूलाख्या मुद्रेषा परिकीर्त्तिता ।।

48. **होममद्रा**—मृगी हंसी सूकरी इति होमेमुद्रा त्रयंसंमतम् ।

मृगीमुद्रा—मध्यमानामिकांगुष्ठयोगे मुद्रामृगीमता ।

हंसी—हंसी कनिष्ठा हीनानां सर्वासां योजने मता ।

सूकरी—सूकरी कर संकोचे मुद्रालक्षणमीरितम् ।

49. अवगुण्ठनमुद्रा—सव्यहस्त कृतामुष्टि: दीर्घाधोमुखतर्जनी ।
अवगुण्ठनमुद्रेयमभितो भ्रामिता भवेत् ।।

50. धेनुमुद्रा—अन्योऽन्याभिमुखौश्लिष्टौ कनिष्ठिकानामिका पुन: ।।
तथा तु तर्जनीमध्या धेनु मुद्रा प्रकीर्तिता ।।

51. महामुद्रा—अन्योऽन्यग्रथितांगुष्ठौ प्रसारितकरांगुलि: ।
महामुद्रेयमुदिता परमीकरणा बुधै: ।।

52. आवाहनमुद्रा—अनामामूलसंलग्नागुंष्ठाग्राञ्जलिरीरिता ।
देवावाह्नकरी चैपामुद्रावाहनसंज्ञिका ।।

53. स्थापनीमुद्रा—अधोमुखी कृतासैव स्थापनीति निगद्यते ।

54. मुद्रा का लक्षण—मोहनात् सर्वदेवानां द्रावणात् पापसंतते: ।
तस्मान् मुद्रेति विख्यात: मुनिभि: तन्त्रवेदिभि: ।।

अर्थ—मुद्रा शब्द का प्रथम अक्षर देवताओं की प्रसन्नता का तथा दूसरा अक्षर पापक्षय का सूचक है । इस प्रकार मुद्रा के प्रभाव से देवता प्रसन्न होते हैं तथा साधक पापरहित हो जाता है ।

आवाहन आदि की नौ मुद्राएं—पूजन की गन्ध आदि मुद्राएं तथा षडंग न्यासकी मुद्राओं का साधारणतया सभी मन्त्रों के जप पूजनादि में प्रयोग करना चाहिए । शान्ति, वशीकरण. सम्मोहन, विद्वेप, उच्चाटन एवं मारण इन काम्य प्रयोगों में क्रमश: पद्म, पाश, गदा, मुसल, वज्र एवं सूकरी मुद्रा का उपयोग होता है । शान्तिक-पौष्टिक कर्मों के हवन में मृगीमुद्रा से, वशीकरण आदि में हंसी मुद्रा से तथा स्तम्मन, विद्वेषण उच्चाटन एवं मारण में सूकरी मुद्रा से आहुतियां डालनी चाहिएं ।

होममुद्राणां फलम्—शांतौ वश्ये मृगी हंसी, स्तम्भनादिषु सूकरी ।

समिधा—दूर्वाया: समिध: शान्तौ गोघृतेन समन्विता: ।
वश्यार्थे होमे अजाघृताक्ता दाडिमसमिध: ।
स्तम्भने मेषी घृताक्ता राजवृक्षसमिध: ।
धत्तूरसमिधो द्वेषे अतसीतेल संयुता: ।।
कटतैलयुता: शस्ता: मारणे खदिरोद्भवा: ।
उच्चाटने सर्षपतैलाक्ता: आम्रसमिध: ।।

पुष्पपत्रफलानि अधोमुखानि नार्पयेत । यथोत्पन्नं तथैव अर्पयेत् ।

ब्रह्मार्पणम्—ओं इत: पूर्वं प्राण बुद्धि देह धर्माधिकारतो जाग्रत्-स्वप्नसुषुप्ति अवस्थासु मनसा वाचा हस्ताभ्यां पद्भ्यां उदरेण शिश्ना यत्स्मृतं यदुक्तं यत्कृतं तत्सर्वं ब्रह्मा र्पणं भवतु स्वाहा । मां मदीयं च सकलं हरये ते समर्पये ओं तत्सदिति ।।

आसन

आसन लक्षणम्—पद्मं स्वस्तिकं विकटे कुक्कटं वज्रभद्रके ।
शान्त्यादिषु प्रकुर्वीत आसनमुत्तमम् ॥

1. **पद्मासनम्**—ऊर्ध्वोरूपरि विन्यस्य सम्यक्पादतले उभे ।
अंगुष्ठौ च निवध्नीयात् हस्ताभ्यां व्युत्क्रमात्ततः ।
पद्मासनमितिप्रोक्तं योगिनाम् हृयंगमम् ।

2. **स्वस्तिकम्**—जानूर्वोरन्तरे कृत्वा सम्यक्पादतले उभे ।
ऋजुकायो विशेद्योगी स्वस्तिकं तत्प्रचक्षते ॥

3. **विकटासनम्**—जानुजंघान्तराले तु भुजयुग्मं प्रकल्पयेत् ।
विकटासनमेतत् स्यात् ।

4. **कुक्कटासनम्**—कृत्वोत्कटासनं पूर्वं समपाद द्वयं ततः ।
अन्तर्जानु करद्वन्द्वं कुक्कुटासनमीरितम् ॥

5. **वज्रासनम्**—ऊर्वोः पादौ क्रमात् न्यस्येत् जान्वोः प्रत्य
ङ्मुखांगुलिः ।। करौ निदध्यात् आख्यातं वज्रासनमनुत्तमम् ।

6. **भद्रासनम्**—सीवन्याः पार्श्वयोर्न्यस्येद् गुल्फ युग्मं सुनिश्चलम् ।
वृषणाधः पादपार्ष्णी पाणिभ्यां परिवन्धयेत् ।
भद्रासनं समुद्दिष्टं योगिभिः पूजितं परम् ॥

आसन के भेद—गोखड्ग गजफेरूणां मेषी महिषयोस्तथा ।
कृतौ निवेश्य कुर्वीत जपं शान्त्यादि कर्मणि ॥

विन्यासः—ग्रन्थनं च विदर्भाख्यः संपुटो रोधनं तथा ।
योगः पल्लव एते षड्विन्यासः कर्मसु स्मृताः ।
प्रत्येकमेषां षण्णां तु लक्षणं प्रणिगद्यते ॥

ग्रन्थनम्—एको मन्त्रस्य वर्णः स्यात् ततो नामाक्षरं पुनः ।
मन्त्रार्णो नामवर्णश्चेत्येव ग्रन्थनमीरितम् ॥

विदर्भः—आदौ मन्त्राक्षर द्वन्द्वमेकं नामाक्षरं पुनः ।
एवं पुनः पुनः प्रोक्तो विदर्भो मन्त्रवित्तमैः ॥

संपुटः—मन्त्रमादौ समुच्चार्य ततो नामाखिलं पठेत ।
अन्ते व्युत्क्रमतो मन्त्रमेष संपुटः ईरितः ॥

रोधनम्—आदिमध्यावसानेषु नाम्नो मन्त्रस्तु रोधनम् ॥

पल्लव:—नामान्ते तु मनुर्योगो मन्त्रान्ते नाम पल्लव: ।

मण्डलम्—अर्द्ध चन्द्र निभं पार्श्वद्वये पद्मद्वयांकितम् ।
जलस्य मण्डलं प्रोक्तं प्रशस्तं शान्ति कर्मणि ॥
त्रिकोणं स्वस्तिकोपेतं वश्ये वह्नेस्तु मण्डलम् ।
चतुरस्र वज्रयुक्तं स्तम्भे भूमेस्तु मण्डलम् ॥
वृत्तादिवस्तद् विद्वेषे विन्दुषट् कांकितं तु तम् ।
वायु मण्डलमुच्चाटे मारणे वह्नि मण्डलम् ॥
सरोरुहं पाशगदे मुसलं कुलिशं त्वसि ॥

निष्काम कर्म का महत्त्व—निष्कामं भजतां देवं अखिलाभीष्ट सिद्धय: ।
प्रति मन्त्रम् सुमुदितं ये प्रयोगा: सुखाप्तये ।
तदासक्तिं विधायैव निष्कामो देवतां भजेत् ।
शुद्धान्त: करणस्तेन लभते ज्ञानमुत्तमम् ।
कार्यं कारणसंघातं प्रविष्टश्चेतनात्मक: ।
जीवो ब्रह्मैव संपूर्ण इति ज्ञात्वाविमुच्यते ।
मनुष्य देहं सम्प्राप्य उपासीत् च देवता: ॥

आत्म ज्ञान प्राप्तये—काम-क्रोध-लोभा: अरय:, तेषां क्षयं कृत्वा कृतै: कर्मभि: वैदिकै: देवोपासनादिभि: च, अन्त:करण शुद्धि द्वारा ज्ञानाप्ति:-तस्मात् प्रवर्तितव्यम् । आत्मज्ञान पर्यन्त-मेव मन्त्रोपास्ति: । अहं ब्रह्म इति साक्षात्कारो ज्ञानम् । तस्मान्मुक्ति: ।

अर्थात्—कार्याणि-कारणानि भूतानि च तत्संघात: शरीरम् । तच्चालक: चेतनो जीव:—वस्तुतो ब्रह्मैव ॥

देवताओं की प्रिय मुद्राएं

विष्णु की—शंख, चक्र, गदा, पद्म, वेणु, श्रीवत्स, कौस्तुभ, वनमाला, ज्ञान, विल्व, गरुड, नारसिंही, वाराही, हयग्रीवी, धनु, वाण, परशु जगन्मोहनिका एवं काम ये 19 मुद्राएं हैं ।

शिव की—लिंग, योनि, त्रिशूल, माला, वर, मृग, अभय, खट्वांग, कपाल एवं डमरु ये दस मुद्राएं हैं।

गणेश की—दन्त, पाश, अंकुश, विघ्न, परशु, लड्डू एवं वीजपूर ये 7 मुद्राए हैं।

दुर्गा की—पाश, अंकुश, वर, अभय, खड्ग, चर्म, धनुष, वाण तथा मौसली ये नौ मुद्राएं हैं।

शक्ति की—मत्स्य, कूर्म, लेलिहा तथा महायोनि मुद्राएं हैं।

त्रिपुरा की—संक्षोभ, द्रावण, आकर्षण, वश्य, उन्माद, महांकुशा, खेचरी, वीज, योनि एवं त्रिखण्डा मुद्राएं हैं।

अन्य देवताओं की—लक्ष्मीपूजा में लक्ष्मीमुद्रा, सरस्वती पूजन में अक्षमाला, वीणा, व्याख्या एवं पुस्तक मुद्रा। गोपालपूजन में वेणुमुद्रा, रामपूजन में धनुष एवं वाण मुद्रा, कृष्णपूजन में जगन्मोहन मुद्रा तथा अग्निपूजन मे सप्तजिह्वा मुद्रा दिखलानी चाहिए।

मुद्रायें—आसन, प्राणायाम, धारणा एवं ध्यान आदि मुद्राओं का सम्मिश्रण है। तन्त्र शास्त्र में अनेक ऐसी मुद्राएं हैं जिन की सहायता से जीव शक्तिमान होकर शिव स्वरूप हो जाता है।

विनियोग का प्रकार—1. **ऋषिः**—जिस व्यक्ति ने शिवजी के मुख से मन्त्र सुनकर विधिवत् उसे सिद्ध किया, वह उस मन्त्र का ऋषि है। 2. **छन्द**—मन्त्र को सर्वतोभावेन आच्छादित करने की विधि को छन्द कहते हैं। 3. **वीज**—मन्त्र शक्ति को उद्भासित करने वाला तत्त्व वीज कहलाता है। 4. **शक्ति**—जिसकी सहायता से वीज मन्त्र वन जाता है वह तत्त्व शक्ति कहलाता है। 5. **विनियोग**—मन्त्र को फल की दिशा का निर्देश देना विनियोग कहलाता है। इन सभी का ज्ञान होने पर ही मन्त्र का फल मिलता है।

रुद्राक्षमाला का महत्त्व

रुद्राक्ष का मनका सिद्ध माना गया है, अनेक लेखकों ने इस के महत्त्व की प्रशंसा की है। रुद्राक्ष की माला पर जप करने तथा धारण करने से सभी प्रकार की सिद्धियां प्राप्त होती हैं।

शिरसा धार्यंते कोटि: कर्णयोर्दशकोटय: ।
शतकोटिर्गले वद्धो मूर्ध्नि कोटि सहस्रकम् ।
अयुतं चोपवीते तु लक्ष कोटिर्भुजे स्थिते ।
मणिवन्धे तु रुद्राक्षो मोक्षसाधनक: पर: ॥
रुद्राक्षार्पितचेता यो रुद्राक्षस्तु वैधृत: ।
असौ महेश्वरो लोके नमस्य: स तु लिंगवत् ॥

यह मनका अनेक मुख वाला मिलता है, प्रत्येक का अलग-अलग महत्त्व है।

1. एक मुख वाला रुद्राक्ष साक्षात् शिव स्वरूप है। भोग व मोक्ष रूप फल को प्रदान करता है, जहां एक मुखी की पूजा होती है, वहां लक्ष्मी का निवास होता है, सभी प्रकार के उपद्रव शान्त रहते हैं, मनुष्य की सभी कामनाएं पूर्ण हो जाती हैं।

2. दो मुखी रुद्राक्ष को देव.देवेश्वर कहा गया है। वह सम्पूर्ण कामनाओं और फलों की देने वाला है। गर्भवती महिलाओं की कमर में बांधने से सभी बाधाएं दूर हो जाती हैं।

3. तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करने से समस्त विद्याएं प्रतिष्ठित होती हैं। तीन दिन के पश्चात् आने वाला बुखार इस को धारण करने से नहीं होता।

4. चार मुख वाला रुद्राक्ष साक्षात् ब्रह्मा का रूप है। उसके दर्शन मात्र से धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष को देता है।

5. पांच मुख वाला रुद्राक्ष साक्षात् कालाग्नि है। वह सब कुछ करने में समर्थ है। सम्पूर्ण मनोवाञ्छित फल देने वाला है। इस के तीन दाने धारण करने से लाभ होता है।

6. छः मुख वाला रुद्राक्ष साक्षात् कार्तिकेय का रूप है। यह विद्यार्थियों के लिए उत्तम है। इस को धारण करने से विद्या की प्राप्ति होती है।

7. सात मुख वाला रुद्राक्ष अनंगरूप है, इस को धारण करने से दरिद्री भी ऐश्वर्यशाली हो जाता है।

8. आठ मुख वाला रुद्राक्ष अष्टमूर्ति भैरव रूप है। उसको धारण करने से मनुष्य दीर्घायु होता है।

9. नौ मुख वाले रुद्राक्ष को भैरव या कपिल का रूप मानते हैं। नौ रूप धारण करने से भगवती दुर्गा उसकी अधिष्ठात्री देवी मानी जाती है। जो मनुष्य वाएं हाथ में इसे धारण करता है, वह सर्वेश्वर हो जाता है।

10. दशमुख वाला रुद्राक्ष साक्षात् भगवान् विष्णु का रूप है। सभी प्रकार के रोगों को दूर करता है।

11. ग्यारह मुख वाला रुद्राक्ष रुद्र रूप है। इस को धारण करने से सर्वत्र विजयी होता है।

12. वारह मुख वाला रुद्राक्ष साक्षात् आदित्य स्वरूप है। इस को धारण करने से सूर्य के समान तेजस्वी होता है।

13. तेरह मुख वाला रुद्राक्ष साक्षात् विश्वेदेवों का स्वरूप है। इस को धारण करने में सभी अभीष्टों की प्राप्ति होती है।

14. चौदह मुख वाला परम शिव स्वरूप है। भक्ति पूर्वक मस्तक पर धारण करें।

छः मुख वाला रुद्राक्ष दाहिने हाथ में, सात मुख वाला कण्ठ में, आठमुख वाला मस्तक में, नौ मुख वाला वाएं हाथ में, चौदह मुखवाला शिखा में, वारह मुख वाला केश प्रदेश में धारण करना चाहिए।

वारह रुद्राक्ष हाथ में, पन्द्रह भुजा में, वाईस मस्तक में, सत्ताइस गले में, वत्तीस कण्ठ में धारण करें। यज्ञोपवीत में तीन, शिखा में एक।

विविध देवताओं के गायत्रीमन्त्र

विष्णुगायत्री—ओं त्रैलोक्यमोहनाय विद्महे कामदेवाय धीमहि तन्नो विष्णु: प्रचोदयात् ।।

नारायण गायत्री—ओं नारायणाय विद्महे वासुदेवाय धीमहि तन्नो-विष्णु: प्रचोदयात् ।

गोपाल गायत्री—ओं श्री कृष्णाय विद्महे दामोदराय धीमहि तन्नो-विष्णु प्रचोदयात् ।

राम गायत्री—ओं दाशरथायविद्महे सीतावल्लभाय धीमहि, तन्नो राम: प्रचोदयात् ।

शिव गायत्री—ओं तत्पुरुपायविद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्र: प्रचोदयात् ।

दक्षिणामूर्ति गायत्री—ओं दक्षिणामूर्तयेविद्महे ध्यानस्थाय धीमहि तन्नोऽधीश: प्रचोदयात् ।

गणेश गायत्री—ओं तत्पुरुषायविद्महे वक्रतुण्डाय धीमहि तन्नो दन्ती प्रचोदयात् ।

सूर्य गायत्री—ओं आदित्याय विद्महे मार्तण्डाय धीमहि । तन्न: सूर्य: प्रचोदयात् ।

कामदेव गायत्री—ओं कामदेवाय विद्महे पुष्पवाणाय धीमहि । तन्नोऽनंग: प्रचोदयात् ।

शक्ति गायत्री—ओं संमोहिन्यै: विद्महे विश्व जन्यै धीमहि । तन्न: शक्ति: प्रचोदयात् ।

त्रिपुरागायत्री—ऐं त्रिपुरा देव्यै विद्महे क्लीं कामेश्वर्यै धीमहि सौ: तन्न: क्लिन्ने प्रचोदयात् ।

भैरवी गायत्री—ओं त्रिपुरायै विद्महे महाभैरव्यै धीमहि । तन्नो देवी प्रचोदयात् ।

दुर्गा गायत्री— ओं महादेव्यै विद्महे दुर्गादेव्यै धीमहि । तन्नो देवी प्रचोदयात् ।

लक्ष्मी गायत्री—ओं महालक्ष्म्यै विद्महे विष्णुपत्न्यै च धीमहि
तन्नो लक्ष्मी प्रचोदयात् ।

सरस्वती गायत्री—ओं वाग्देव्यै च विद्महे कामराजाय धीमहि ।
तन्नो देवी प्रचोदयात् ।

भुवनेश्वरी गायत्री—ओं नारायण्यै विद्महे भुवनैश्वर्य्यै धीमहि ।
तन्नो देवी प्रचोदयात् ।

छिन्नमस्ता गायत्री—ओं वैरोचिन्यै विद्महे छिन्नमस्तायै धीमहि ।
तन्नो देवी प्रचोदयात् ।

कालिका गायत्री—ओं कालिकायै विद्महे श्मशान वासिन्यै धीमहि ।
तन्नो देवी प्रचोदयात् ।

तारा गायत्री—ओं एक जटायै विद्महे महोग्रायै धीमहि । तन्नो
तारा प्रचोदयात् ।

भैरवी गायत्री—ओं त्रिपुरायै विद्महे महाभैरव्यै धीमहि । तन्नो
देवी प्रचोदयात् ।

महालक्ष्मी गायत्री—महालक्ष्म्यै च विद्महे सर्वशक्त्यै च धीमहि
तन्नो देवी प्रचोदयात् ।

आदित्य गायत्री—आदित्याय विद्महे सहस्र किरणाय धीमहि ।
तन्न: सूर्य: प्रचोदयात् ।

गरुड गायत्री—तत्पुरुषाय विद्महे सुवर्णपक्षाय धीमहि । तन्नो
गरुड: प्रचोदयात् ।

कार्तिकेय गायत्री—ओं तत्पुरुषाय विद्महे महासेनाय धीमहि ।
तन्न: षण्मुख: प्रचोदयात् ।

ब्रह्मगायत्री—वेदात्मनाय विद्महे हिरण्यगर्भाय धीमहि । तन्नो ब्रह्म
प्रचोदयात् ।

अग्नि गायत्री—वैश्वानराय विद्महे लालीलाय धीमहि । तन्नो
अग्नि: प्रचोदयात् ।

विष्णु गायत्री—नारायणाय विद्महे वासुदेवाय धीमहि । तन्नोविष्णु:
प्रचोदयात् ।

नरसिंह गायत्री—वज्र नखाय विद्महे तीक्ष्ण दंष्ट्राय धीमहि । तन्नो
नारसिंह: प्रचोदयात् ।

कात्यायनी गायत्री—कात्यायनाय विद्महे कन्याकुमारी धीमहि ।
तन्नो दुर्गि प्रचोदयात् ।

वहिर्याग में पीठ पूजन-आदि

शुद्ध आसन पर बैठकर शास्त्रीय विधि से अर्घ्य स्थापन करना चाहिए। उस विशेषार्घ्य में से कुछ जल वर्द्धिनी कलश में डालना चाहिए। फिर मूलमन्त्र से प्राणायाम कर अपने वाईं ओर गुरुपंक्ति का तथा दाहिनी ओर गणपति को प्रणाम कर पीठ पूजा करनी चाहिए।

स्वर्ण आदि से निर्मित या चन्दन से लिखित यन्त्र पर मण्डूक से परतत्त्व पर्यन्त देवताओं का तथा आठों दिशाओं और मध्य में पीठ शक्तियों का पूजन करना चाहिए।

विष्णु एवं लक्ष्मी के पूजन में पृथिवी के वाद क्षीर सागर, गणेश के पूजन में इक्षुसागर और देवताओं के पूजान में अमृतसागर का पूजन करना चाहिए।

आग्नेय, नैर्ऋत्य, वायव्य और ईशान कोणों में ज्ञान-वैराग्य और ऐश्वर्य का पूजन करना चाहिए। पूर्व, दक्षिण, पश्चिम तथा उत्तर दिशाओं में अधर्म-अज्ञान-अवैराग्य और अनैश्वर्य का पूजन करना चाहिए, धर्म आदि के पूजन में तथा आवरण पूजन में पूर्वदिशा साधक के सामने माननी चाहिएं। इन्द्रादि दशदिग्पालों के पूजन में यथास्थान पर पूर्व आदि दिशाओं को मानना चाहिए।

श्वेतकृष्ण, अरुण, पीत, श्याम, रक्त, श्वेत, कृष्ण और रक्त वस्त्र धारण करने वाली तथा अभय मुद्रा वाली पीठ शक्तियों का ध्यान करना चाहिए। शालिग्राम एवं मणि यन्त्र पर प्रतिदिन पूजन करना चाहिए। स्वर्ण आदिकी प्रतिमा या विधिवत् प्रतिष्ठित प्रतिमा का भी प्रतिदिन पूजन करना चाहिए। सुन्दर लक्षण वाले शिवलिंग का पूजन करना चाहिए। प्रतिमा में इष्टदेव का आवाहन करना चाहिए। मूल मन्त्र वोल कर हृदय में सुषुम्णा मार्ग द्वारा ब्रह्मरन्ध्र में स्थित इष्टदेव को नासारन्ध्र में लाकर पुष्पांजलि के मातृका यन्त्र में स्थापित कर इस पुष्पांजलि को मूर्ति पर चढ़ाना चाहिए—इस क्रिया को आवाहन कहते हैं। शालिग्राम या प्रतिष्ठित प्रतिमा में आवाहन नहीं करना चाहिए। आवाहन आदि उपचारों से पूजन करते समय भ० शंकर द्वारा वताए गये श्लोक को वोलना चाहिए—

आत्मसंस्थमजं शुद्धं त्वामहं परमेश्वर।
अरण्यामिव हव्यांशं मूर्तावावाहयाम्यहम् ॥
आवाहन मुद्रा एवं स्थापनी मुद्रा द्वारा कार्य करे ?

आसन एवं उपवेशन—सर्वान्तर्यामिणे देव सर्ववीजमयं शुभम् ।
स्वात्मस्थाय परं शुद्धमासनं कल्पयाम्यहम् ॥
अस्मिन् वरासने देव सुखासीनोऽक्षरात्मक ।
प्रतिष्ठितो भवेश त्वं प्रसीद परमेश्वर ॥
इससे उपवेशन करे ।

सन्निधान—अनन्या तव देवेश मूर्ति शक्तिरियं प्रभो ।
सान्निध्यं कुरु तस्यां त्वं भक्तानुग्रह तत्पर: ॥
सन्निधान मुद्रा से सन्निधान करना चाहिए ।

सन्निरोधन—आज्ञया तव देवेश कृपाम्भोधे गुणाम्वुधे ।
आत्मानन्दैक तृप्तं त्वां निरुपध्मि पितर्गुरो ॥
अपनी मुद्रा द्वारा सन्निरोधन करे ।

सम्मुखीकरण—अज्ञानाद् दुर्मनस्त्वाद्वा वैकल्यात् साधनस्य च ।
यदपूर्णं भवेत् कृत्यं तदप्यभिमुखो भव ॥
इसकी मुद्रा से सम्मुखीकरण करना चाहिए ।

सकलीकरण—दृशापीयूष वर्षिण्या पूरयन् यज्ञविष्टरम् ।
मूर्तौ वा यज्ञ सम्पूर्ते स्थिरोभव महेश्वर ॥
प्रार्थनी मुद्रा द्वारा पूजन करना चाहिए ।

अवगुण्ठन—अव्यक्त वाङ्मनश्चक्षु: श्रोत्रपूरामितद्युते ।
स्वतेज: पञ्चरेणाशु वेष्टितो भव सर्वत: ॥
अवगुण्ठनी मुद्रा द्वारा अवगुण्ठन करे ।

अमृतीकरण एवं परमीकरण—धेनुमुद्रा से अमृतीकरण करने के बाद महामुद्रा बनाते हुए परमीकरण करना चाहिए और फिर इष्टदेव का स्वागत करना चाहिए ।

स्वागतम्—यस्य दर्शनमिच्छन्ति देवा: स्वाभीष्ट सिद्धये ।
तस्मै ते परमेशाय स्वागतं स्वागतं च ते ॥

इससे इष्टदेव का स्वागत करना चाहिए।

पाद्य—श्यामाक, अपराजिता, कमल एवं दूव को पाद्य के जल में मिलाना चाहिए।

यद्भक्ति लेश सम्पर्कात् परमानन्द विग्रहम्।
तस्मै ते चरणाब्जाय पाद्यं शुद्धाय कल्पये॥

इष्टदेव को—नमः शब्द बोलते हुए पाद्य समर्पण करे।

आचमन—लौंग-जायफल एवं कंकोल ये तीनों वस्तुएं आचमन-जल में डालें—

वेदनामपि वेद्याय देवानां देवतात्मने।
आचामं कल्पयामीश शुद्धानां शुद्धिहेतवे॥

सुधावीज-वं-वोलते हुए इष्टदेव को आचमन दे।

अर्घ्य—अर्घ्यपात्र में दूव-तिल-कुशा, सरसों, जौ, पुष्प चावल एवं कुंकुम—जल में डाले—

तापत्रयहरं दिव्यं परमानन्द लक्षणम्।
तापत्रय विनिर्मुक्तं तवार्घ्यं कल्पयाम्यहम्॥

स्वाहा शब्द का उच्चारण करते हुए अर्घ्य प्रदान करे।

मधुपर्क—मधुपर्क के पात्र में दही, घी एवं शहद मिलाना चाहिए।

सर्वकालुष्य हीनाय परिपूर्ण सुखात्मने।
मधुपर्कमिदं देव कल्पयामि प्रसीद मे।

वं—शब्द बोलते हुए इष्ट देव को मधुपर्क समर्पित करे।

पुनराचमन—उच्छिष्टोऽप्यशुचिर्वापि यस्य स्मरणमात्रतः।
शुद्धिमाप्नोति तस्मै ते पुनराचमनीयकम्॥

तैल—उद्वर्तन एवं स्नान—स्नेहं गृहाण स्नेहेन लोकनाथ महाशय।
सर्व लोकेषु शुद्धात्मन ददामि स्नेहमुत्तमम्॥

सुगन्धित तेल इत्र आदि लगाना चाहिए।

परमानन्द बोधाब्धि निमग्न निजमूर्तये।
सांगोपांग मिदं स्नानं कल्पयाम्यहमीश ते॥

इससे इष्टदेव को स्नान करवाना चाहिए।

अभिषेक—इसके बाद यथाशक्ति शंख से सुगन्धित जल से अभिषेक करे।

वस्त्र-उत्तरीय—माया चित्र पटच्छन्न निजगुह्योरु तेजसे।
निरावरण विज्ञान वासस्ते कल्पयाम्यहम् ॥
इससे वस्त्र चढ़ाए।

यमाश्रित्य महामाया जगत् संमोहिनी सदा।
तस्मै ते परमेशाय कल्पयाम्युत्तरीयकम् ॥
इससे उत्तरीय चढ़ाए।

उपवीत एवं आभूषण—यस्य शक्ति त्रयेणेदं सम्प्रोत मखिलं जगत्।
यज्ञसूत्राय तस्यै ते यज्ञसूत्रं प्रकल्पये।
इससे यज्ञोपवीत प्रदान करे।

स्वभाव सुन्दरांगाय नाना शक्त्याश्रयाय ते।
भूषणानि विचित्राणि कल्पयाम्यमरार्चितम्।
इससे आभूषण चढ़ाए।

मूल मन्त्र से सम्पुटित वर्णमाला के एक-एक अक्षर का देवता के अंगों में न्यास करना चाहिए।

गन्ध—परमानन्द सौभाग्य परिपूर्ण दिगन्तरम्।
गृहाण परमं गन्धं कृपया परमेश्वर ॥

कनिष्ठिका से पात्र में रखी गन्ध (कुंकुम) चढ़ाए। फिर कनिष्ठिका और अंगूठे को मिला कर गन्धमुद्रा दिखाए।

पुष्प—तुरीय-वनसंभूतं नाना गुण मनोहरम्।
अमन्द सौरभं पुष्पं गृह्यतामिदमुत्तरम् ॥

अनेक प्रकार के पुष्प अंगूठे एवं तर्जनी मिलाकर चढ़ाए। पुष्प गन्ध युक्त ही चढ़ाए।

प्रशस्त फल—जामुन, अनार, इमली, विजौरा, केला, आमला, वेर, आम, कटहल इन फलों से देवता का पूजन करना चाहिए। अमलतास का पुष्प और तुलसी ये दोनों निर्माल्य नहीं होते।

जम्बू-दाडिम-जंवीर-निंतिणी-वीज पूरकाः। रंभा-धात्री च वदरी-

रसाल-पनसोऽपि च । एषां फलैः यंजेदेवं तुलसी तु हरिप्रिया ।।

आवरण पूजा—इस प्रकार पुष्पों से पूजन करने के वाद षडंग पूजा से प्रारम्भ कर दिक्पाल तथा उनके आयुधों तक आवरण पूजा करनी चाहिए और फिर धूप, दीप आदि उपचारों से इष्ट देव का पूजन करना चाहिए । आग्नेय, नैऋत्य, वायव्य एवं ईशान कोणों में क्रमशः हृदय, शिर, शिखा और कवच का पूजन कर अग्रभाग में नेत्र तथा दिशाओं में अस्त्र का पूजन करना चाहिए । अंग पूजा करते समय तीन श्वेत तथा तथा तीन रक्त वर्ण वाली हाथ में वर और अभय धारण करने वाली सुन्दर स्त्री जैसे रूपवाली अंग देवियों का ध्यान करना चाहिए ।

अपनी-अपनी दिशाओं में जाति और आयुध आदि—वाहन और शक्ति के साथ दिक्पालों का पूजन करना चाहिए । इनके मन्त्रों के प्रारंभ में ओम् तथा अपने-अपने वीज—लं रं मं क्षं वं यं सं हं ह्रीं आं—लगाने चाहिएं—यथा—ओं लं इन्द्राय सुराधिपतये सायुधाय सवाहनाय सपरिवाराय सशक्तिकाय अमुकेष्ट देवता पार्षदाय नमः । ओं रं अग्नये तेजोऽधिपतये० । ओं मं यमाय प्रेताधिपतये० । ओं क्षं नैऋतये रक्षोऽधिपतये० । ओं हं ईशानायभूताधिपतये० । ओं ह्रीं अनन्ताय नागाधिपतये० । ओं आं ब्रह्मणे लोकाधिपतये ।।आदि ।

आवरण पूजा के वाद—अभीष्टसिद्धि मे देहि शरणागतवत्सल ।
भक्त्या समर्पये तुभ्यमिदमावरणार्चनम् ।।

धूप—ओं वनस्पति रसोपेता गन्धाढ्यः सुमनोहरः ।
आघ्रेयः सर्व देवानां धूपोऽयं प्रतिगृह्यताम् ।।

घण्टा पूजन एवं धूपदान—जय ध्वनिमातः स्वाहा—इस दशाक्षर मन्त्र से घण्टा का पूजन करना चाहिए । फिर वाएं हाथ से घण्टा वजाते हुए इष्टदेव के गुणों को गाते हुए दाहिने हाथ से देवता की नाभि के पास से धूप देनी चाहिए, फिर शंख से जल तथा पुष्पांजलि चढ़ानी चाहिए । दीपदान में भी ऐसा ही करना चाहिए ।

दीप—वायें हाथ की मध्यमा से दीपक का स्पर्श करते हुए मूल मन्त्र के साथ—सुप्रकाशो महादीपः सर्वतः तिमिरापहः ।

स वाह्याभ्यन्तर-ज्योतिर्दीपोऽयं प्रतिगृह्यताम् ॥

यह श्लोक बोलकर धूप मन्त्र से धूप के स्थान पर दीप पद लगाकर ओं सांगाय सपरिवाराय अमुक देवतायै दीपं दर्शयामि नमः० ।

नैवेद्यम्—सत्पात्रसिद्धं सुहविर्विविधानेक भक्षणम् ।
निवेदयामि देवेश सानुगाय गृहाण तत् ॥
सांगाय सपरिवाराय अमुकदेवतायै नैवेद्यं निवेदयामि नमः ॥
धेनुमुद्रा दिखाकर नैवेद्य समर्पित करे ।

नैवेद्य के पश्चात् जल चढ़ाना चाहिए—

आरती एवं ताम्बूल—ताम्बूल निवेदित कर छत्र एवं चामर दिखलाने चाहिएं ।

वुद्धि सवासना क्लृप्तादर्पणं मंगलानि च ।
मनोवृत्तिर्विचित्रा ते नृत्य रूपेण कल्पिता ॥
ध्वनयो गीतरूपेण शब्दवाद्यप्रभेदतः ।
छत्राणि नवपद्मानि कल्पितानि मया प्रभो ॥
सुषुम्णां ध्वज रूपेण प्राणाद्याश्चामरात्मना ।
अहंकारो गजत्वेन वेगः क्लृप्तोरथात्मना ॥
इन्द्रियाणि अश्वरूपाणि शब्दादिरथवर्त्मना ।
मनः प्रग्रहरूपेण वुद्धिसारथि रूपतः ॥
सर्वमन्यत्तथा लुप्तं तवोपकरणात्मना ॥

इन श्लोकों को पढ़कर साधक तन्मय होकर मूल मन्त्र का यथा-शक्ति जप कर देवता के दाहिने हाथ में विशेषार्घ का जल छोड़ना चाहिए ।

गुह्यातिगुह्यगोप्ता त्वं गृहाणास्मत् कृतं जपम् ।
सिद्धिर्भवतु मे देव त्वत्प्रसादात् परमेश्वर ॥

प्रदक्षिणा—देव को दण्डवत् प्रणाम कर इष्टदेव की प्रदक्षिणा करनी चाहिए ।

ब्रह्मार्पणम्—ओं इतः पूर्वं प्राण वुद्धिदेह धर्माधिकारतो जाग्रत स्वप्न-सुषुप्ति-अवस्थासु मनसा वाचा हस्ताभ्यां पद्भ्यां उदरेण शिश्नेन यत्स्मृतं यदुक्तं यत्कृतं तत्सर्वं ब्रह्मार्पणं भवतु स्वाहा, मां मदीयं च सकलं हरये ते समर्पये ओं तत्सद् इति ॥

इसके वाद संहार मुद्रा द्वारा इष्टदेव को हृदय में स्थापित करना चाहिए ।

कल्याणवृष्टिस्तोत्र

(भगवान् शंकराचार्य विरचित)

कल्याण वृष्टिभिरिवामृत पूरिताभि:
लक्ष्मी स्वयं वरणमंगल दीपिकाभि: ।
सेवाभिरम्ब तव पाद सरोज मूले
नाकारि किं मनसि भक्ति मतां जनानाम् ॥1॥
एतावदेव जननि स्पृहणीयमास्ते
त्वद् वन्दनेषु सलिल स्थगिते च नेत्रे
सान्निध्य मुद्यदरुणायत सोदरस्य
त्वद् विग्रहस्य सुधया परयाऽऽप्लुतस्य ॥2॥
ईशित्वभाव कलुषा कतिनाम सन्ति
ब्रह्मादय: प्रतियुगं प्रलयाभिभूता: ।
एक: स एव जननि स्थिरसिद्धिरास्ते,
य: पादयोस्तव सकृत प्रणतिं करोति ॥3॥
लब्ध्वा सकृत् त्रिपुर सुन्दरि तावकीनं
कारुण्य कन्दलित कान्तिभरं कटाक्षम् ।
कन्दर्पभाव सुभगास्त्वयि भक्ति भाज:,
सम्मोहयन्ति तरुणीर्भुवन त्रयेषु ॥4॥
ह्रींकारमेव तव नाम गृणन्ति वेदा:,
मातस्त्रिकोणनिलये त्रिपुरे त्रिनेत्रे ।
यत्स्मृतौ यमभटादि भयं विहाय
दीव्यन्ति नन्दनवने सहलोकपालै: ॥5॥
हन्तु: पुरामधिगलं परिपूर्यमाण:
क्रूरं कथं नु भविता गरलस्य वेग: ।
आश्वासनाय किल मातरिदं तवार्धं
देहस्य शश्वदमृताप्लुत शीतलस्य ॥6॥
सर्वज्ञतां सदसि वाक्पटुतां प्रसूते
देवि त्वदंघ्रिसरसीरुहयो: प्रणाम: ।

किं च स्फुरन् मुकुट मुज्ज्वलमातपत्रं
द्वे चामरे च वसुधां महती ददाति ॥7॥
कल्पद्रुमैरभिमत प्रतिपादनेषु
कारुण्य वारिधिभिरम्ब भवत्कटाक्षै: ।
आलोकय त्रिपुर सुन्दरि मामनर्थं
त्वय्येव भक्तिभरितं त्वयि दत्तदृष्टि: ॥8॥
हन्तेतरेष्वपि मनांसि निधाय चान्ये
भक्ति वहन्ति किल पामरदैवतेषु ।
त्वामेव देविमनसा वचसा स्मरामि,
त्वामेव नौमि शरणं जगति त्वमेव ॥ 9 ॥
लक्ष्येषु सत्स्वपि तवाक्षि विलोकनानाम्
आलोकय त्रिपुर सुन्दरि मां कथंचित् ।
नूनं मयापि सदृशं करुणैक पात्रम्
जातो जनिष्यति जनो न च जायते च ॥ 10 ॥
ह्रीं ह्री मिति प्रतिदिनं जपतां जनानां
किं नाम दुर्लभमिह त्रिपुराधिवासे ।
माला किरीटमद वारणमाननीयां—
स्तान् सेवते मधुमती स्वयमेव लक्ष्मी: ॥ 11 ॥
सम्पत् कराणि सकलेन्द्रिय नन्दनानि
साम्राज्यदान कुशलानि सरोरुहाक्षि ।
त्वद् वन्दनानि दुरितौघ हरोद्यतानि
मामेव मातरनिशं कलयन्तु नान्यम् ॥ 12 ॥
कल्पोप संहरण कल्पित ताण्डवस्य
देवस्य खण्डपरशो: परमेश्वरस्य ।
पाशाङ्कुशैक्षव शरासन पुष्प वाणा
सा साक्षिणी विजयते तव मूर्तिरेका ॥ 13 ॥
लग्नं सदा भवतु मातरिदं तवार्धं
तेज: परं वहुल कुंकुम पंक शोणम् ।

भास्वत्किरीट ममृताशु कलावतंसं
मध्ये त्रिकोण मुदितं परमामृतार्द्रम् ॥ 14 ॥
ह्रींकारमेव तव धाम तदेव रूपं
त्वन्नाम सुन्दरि सरोज निवासमूले ।
त्वत्तेजसा परिणतं वियदादिभूतं
सौख्यं तनोति सरसीरुह सम्भवादे: ॥ 15 ॥
ह्रींकार त्रयसम्पुटेन महता मन्त्रेण सन्दीपितं
स्तोत्रं य: प्रति वासरं तव पुरो मातर्जपेन्मन्त्रवित् ।
तस्य क्षोणिभुजो भवन्ति वशगा लक्ष्मीश्चिर स्थायिनी ।
वाणी निर्मल सूक्तिभार भरिता जागर्ति दीर्घं वय: ॥ 16 ॥

(कल्याण वृष्टि स्तोत्र भगवान् शंकराचार्य द्वारा विरचित है। षोडशी विद्या के मूलमन्त्र के अक्षरों पर आधृत एक एक अक्षर पर इसमें सोलह श्लोक हैं। मन्त्रज्ञ इसका प्रतिदिन पाठ करें तो उनका परम कल्याण अवश्यंभावी है। साधकों के लिए इसका अर्थ भी दिया जा रहा है। यह करुणापूर्ण भाव और भाषा में विरचित है।

कल्याण वृष्टि स्तोत्र का भावार्थ

अम्ब ! अमृत से परिपूर्ण कल्याण की वर्षा करने वाली एवं लक्ष्मी को स्वयं वरण करने वाली मंगलमयी दीपमाला की भांति आपकी सेवाओं में आपके चरण कमलों में भक्तिभाव रखने वाले मनुष्यों के मन में क्या नहीं कर दिया ? अर्थात् उनके समस्त मनोरथों को पूर्ण कर दिया ॥ 1 ॥

जननि ! मेरी तो वस यही स्पृहा है कि परमोत्कृष्ट सुधा से परिप्लुत तथा उदीयमान अरुण वर्ण सूर्य की समता करने वाले आपके अरुण-विग्रह के सन्निकट पहुंच कर आपकी वन्दना के साथ मेरे नेत्र अश्रु जल से परिपूर्ण हो जाएं ॥ 2 ॥

मां ! प्रभुत्व भाव से कलुषित ब्रह्मा आदि कितने देवता हो चुके हैं जो प्रत्येक युग में प्रलय से अभिभूत (विनष्ट) हो गये हैं, किन्तु एक वही व्यक्ति स्थिर युक्तियुक्त विद्यमान रहता है, जो एक बार आपके चरणों में प्रणाम कर लेता है ॥ 3 ॥

त्रिपुर सुन्दरि ! आप में भक्तिभाव रखने वाले भक्तजन एक बार भी आपकी करुणा से अंकुरित सुशोभन कटाक्ष को पाकर कामदेव सदृश सौन्दर्यशाली हो जाते हैं और त्रिभुवन में युवतियों को सम्मोहित कर लेते हैं ॥ 4 ॥

त्रिकोण में निवास करने वाली एवं तीन नेत्रों से सुशोभित माता त्रिपुर सुन्दरि ! वेद ह्लींकार को ही आपका नाम बतलाते हैं । वह नाम जिनके संस्मरण में आ गया वे भक्तजन यमदूतों के भय को त्याग कर लोकपालों के साथ नन्दन वन में क्रीडा करते हैं ॥ 5 ॥

माता ! निरन्तर अमृत से परिप्लुत होने के कारण शीतल वने हुए आपके शरीर का यह अर्धभाग जिनके साथ संलग्न था, उन त्रिपुरहन्ता शंकर जी के गले में भरा हुआ हलाहल विष का वेग उनके लिए अनिष्ट-कारक कैसे होता ॥ 6 ॥

देवि ! आपके चरण कमलों में किया हुआ प्रणाम सर्वज्ञता और सभा में वाक्चातुर्य तो उत्पन्न करता ही है । साथ ही उद्भासित मुकुट, श्वेतछत्र दो चामर और विशाल पृथ्वी का साम्राज्य भी प्रदान करता है ॥ 7 ॥

मां त्रिपुर सुन्दरि ! मैं आपकी ही भक्ति से परिपूर्ण हूं और आपकी ओर ही दृष्टि लगाए हुए हूं, अतः आप मुझ अनाथ की ओर मनोरथों को पूर्ण करने में कल्प वृक्ष सदृशं एवं करुणासागर रूप अपने कटाक्षों से देख तो लें ॥ 8 ॥

देवि ! खेद है कि अन्यान्य जन आपके अतिरिक्त अन्य नीच देवताओं में भी मन लगाकर उनकी भक्ति करते हैं, किन्तु मैं मन और वचन से आपका ही स्मरण करता हूं, आपको ही प्रणाम करता हूं, क्योंकि जगत् में आप ही शरणदात्री हैं ॥ 9 ॥

त्रिपुर सुन्दरि ! यद्यपि आपके नेत्रों के लिए देखने के बहुत से लक्ष्य विद्यमान हैं, तथापि किसी प्रकार आप मेरी ओर दृष्टि डाल दें, क्योंकि निश्चय ही मेरे समान करुणा का पात्र न कोई पैदा हुआ है, न हो रहा है, न ही पैदा होगा ॥ 10 ॥

त्रिपुर में निवास करने वाली मां ! ह्रीं ह्रीं इस प्रकार (आपके वीजमन्त्र का) प्रतिदिन जप करने वाले मनुष्यों के लिए इस जगत् में क्या दुर्लभ है ? माला, किरीट और उन्मत्त गजराज से युक्त उन माननीयों की तो स्वयं मधुमती लक्ष्मी ही सेवा करती हैं ॥ 11 ॥

कमल नयनि ! आप की वन्दनाएं सम्पत्ति प्रदान करने वाली, समस्त इन्द्रियों को आनन्दित करने वाली, साम्राज्य प्रदान करने में कुशल और पाप समूह को नष्ट करने में उद्यत रहने वाली हैं, माता ! वे निरन्तर मुझे ही प्राप्त हों, दूसरे को नहीं ॥ 12 ॥

कल्प के उपसंहार के समय ताण्डवनृत्य करने वाले खण्ड परशु देवाधिदेवं परमेश्वर शंकर के लिए पाश, अंकुश, ईख का धनुष और पुष्पवाण को धारण करने वाली आप की वह एकमात्र मूर्त्ति साक्षीरूप में सुशोभित होती है ॥ 13 ॥

माता ! आपका यह अर्धांग जो परम तेजोमय, अत्यधिक कुंकुमपंक से युक्त होने के कारण अरुण, चमकदार, किरीट से सुशोभित, चन्द्रकला से विभूषित अमृत से परमार्द्र और त्रिकोण के मध्य में प्रकट है। सदा शिवजी से संलग्न रहे ॥ 14 ॥

कमल पर निवास करने वाली सुन्दरि ! ह्रींकार ही आपका धरम हैं, वही आपका रूप है, वही आपका नाम है, और वही आपके तेज से उत्पन्न हुए आकाशादि से क्रमश: परिणत-जगत् का आदिकारण है, जो ब्रह्मा, विष्णु आदि की रचित, पालित वस्तु वनकर परम सुख देता है ॥ 15 ॥

मां ! जो मन्त्रज्ञ तीन "ह्रीं" कार से सम्पुटित महान् मन्त्र से संदीपित इस स्तोत्र का प्रतिदिन आप के समक्ष जप करता है, उसके राजा लोग वशीभूत हो जाते हैं, उसकी लक्ष्मी चिरस्थायिनी हो जाती है, उसकी वाणी निर्मल सूक्तियों से परिपूर्ण हो जाती है, और वह दीर्घायु हो जाता है ।

श्री गणेशाय नमः

ओं नमः शिवाय

अथ मन्त्रानुष्ठान पद्धतिः

1. षट् कर्म

शान्तिर्वश्यं स्तम्भनं च द्वेषमुच्चाटन-मारणे ।
उक्तानीमानि कर्माणि शान्तिरोगादि नाशनम् ।।

कर्म छः प्रकार के होते हैं—(1) शांति-कर्म (2) वशीकरण (3) स्तम्भन (4) वैर (5) उच्चाटन (6) मारण ।

2. कर्मों के लक्षण

शान्तिः रोगादिनाशनम्, वश्यं वचन-कारित्वं स्तम्भो वृत्तिनिरोधनम् । द्वेषोऽप्रीतिः, प्रीतिमतोरुच्चाटः स्थानतश्च्युतिः ।
मारणं प्राणहरणम् इति षट् कर्म लक्षणम् ।

(1) रोग और ग्रहादि के निवारण को **'शांति कर्म'** कहते हैं । (2) सब वस्तुओं को वश में करने को **'वशीकरण'** कहते हैं । (4) दो मित्रों में वैर उत्पन्न करने को **'वैर'** कहते हैं (5) अपने देश से दूसरे देश में चले जाने को **'उच्चाटन'** कहते हैं । (6) जीव को मार देने को **'मारण'** कहते हैं ।

3. कर्मों के देवता

रतिर्वाणी रमाज्येष्ठा दुर्गाकाली च देवता ।।

शांति कर्म की अधिष्ठात्री **'रति देवी'** है । वशीकरण की **सरस्वती** अर्थात् वाणी है । स्तम्भन की **रमा** अर्थात् लक्ष्मी है । वैर की **'ज्येष्ठा**

देवी', उच्चाटन की 'दुर्गा' और मारण की 'भद्रकाली देवी' है। जिस कार्य की इच्छा हो, उसी के देवता का पूजन करना चाहिए।

4. देवतावर्ण

सिताऽरुण हरिद्राभ मिश्रश्यामलधूसराः।
प्रपूजयेत कर्मादौ स्ववर्णैः कुसुमैः क्रमात् ॥

5. ऋतु

ऋतुषट्कं वसन्ताद्यमहोरात्रं भवेत् क्रमात्।
एकैकस्य ऋतोर्मानं घटिका दशकं मतम् ॥
हेमन्तं च वसन्ताख्यम् शिशिरं ग्रीष्मतोयदौ।
शरदं कर्मणां षट्कं योजयेत् क्रमात् सुधीः ॥

प्रत्यहं सूर्योदयात् नाडीदशकं वसन्तः, तदग्रिमं नाडीदशकं शिशिरः, तदग्रिमं नाडीदशकं ग्रीष्मः। तदग्रिमं नाडी दशकं वर्षा, तदग्रिमं नाडीदशकं हेमन्तः, तदग्रिमं नाडीदशकं शरत्।

6. कर्मों की दिशा

शिव सोमेन्द्र निर्ऋति पवनाग्नि दिशः क्रमात् ॥
तत्तत् कर्माणि कुर्वीत् जपंस्तत्तत् दिशाम् ॥

शांति कर्म ईशान दिशा में करना चाहिये, वशीकरण उत्तर दिशा में करना चाहिए, स्तम्भन पूर्व दिशा में करना चाहिये, विद्वेष 'नैर्ऋत' दिशा में, उच्चाटन वायव्य दिशा में और मारण आग्नेय दिशा में करना चाहिए। अर्थात् कर्म करते समय मुख उस दिशा की ओर होना चाहिए जिस कर्म को करना है।

7. कर्मों के करने का समय

मध्याह्न से पहिले वशीकरण, मध्याह्न में विद्वेष और उच्चाटन, तीसरे पहर में शांति कर्म और स्तम्भन, सायं काल में मारण कर्म को करे।

8. तिथि, वार

शुक्लपक्षे द्वितीया च सप्तमी पंचमी तथा।
तृतीया बुधजीवाभ्यां युताशान्ति विधौ मता ॥

चतुर्थी नवमी षष्ठी त्रयोदशी तिथिस्तथा ।
जीवसोमयुता शस्ता वशीकरण कर्मणि ॥
एकादशी च दशमी नवमी चाष्टमी पुनः ।
शनैश्चर सितोपेता प्रोक्ता विद्वेष कर्मणि ॥
कृष्णे चतुर्दश्यष्टम्यौ भानुसूने युते यदि ।
उच्चाटनाख्यं कर्मात्र कर्तव्यं फलसिद्धये ॥
भूताष्टम्यौ कृष्णगते अमावस्या तदन्तगाः ।
भानुमन्दकुजोपेताः स्तम्भन मारणयोः शुभाः ॥

शुभ कार्य शुभ वारों में और अशुभ कर्म क्रूर वारों में करने चाहिएं। जैसे शांति कर्म करना हो तो गुरुवार को करे और विद्वेषादि शनिवार को करे।

9. पक्ष

शुभ कार्य शुक्ल पक्ष में और दिन में, क्रूर कार्य कृष्ण पक्ष में और रात्रि में होना चाहिए।

10, ग्रह विचार

अपने कार्य के लिए अपनी राशि से और दूसरे के कार्य के लिये दूसरे की राशि से ग्रहादि का शुभाशुभ तथा चन्द्रमा योगिनी इत्यादि शुभ समय शुभ मुहूर्त्त का विचार कर लेना चाहिए।

उत्तराफाल्गुणी, हस्त अश्विनी, श्रवण, विशाखा, मृगशिर इन नक्षत्रों तथा रविवार सहित शुभ वारों में मंत्र यन्त्र व्रतादि साधन शुभ होता है।

11. शांतिक पौष्टिक कर्म

पुनर्वसु, पुष्य, स्वाति, तीनों उत्तरा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवती, अश्विनी, हस्त, अनुराधा, रोहिणी और मृगशिर इन नक्षत्रों में और पुण्य दिन में शांतिक कर्म तथा पौष्टिक कर्म करना चाहिए।

12. आसन के भेद

मन्त्र जपने के कितने ही प्रकार के आसन होते हैं। जैसा काम हो, उसी प्रकार का आसन होना चाहिये। जैसे पुष्टि कर्म में पद्मासन से बैठे, शांति कर्म में स्वस्तिक आसन से बैठे, विद्वेष कर्म में कुक्कुट आसन

से बैठे उच्चाटन में अर्द्ध स्वस्तिक आसन से, मारण और स्तम्भन में विकटासन से बैठे, वशीकरण में भद्रासन से बैठना चाहिए।

13. आसन का विचार

वशीकरण करने को भेड़ के चर्म पर, आकर्षण करने को बाघाम्बर चर्म पर, उच्चाटन करने पर ऊंट के चर्म पर, विद्वेष करने को घोड़े के चर्म पर, बन्धु छुड़ाने के लिए मृग चर्म पर, मारण में भैंस के चर्म पर बैठना उचित है। बैठने से पहले अपना आसन, दिशा फल कूर्म चक्र की रीति से बिछावे तो उचित है।

दूसरे मत से ज्ञान सिद्धि के लिए काला आसन हो, मोक्ष के लिये व्याघ्र की चर्म का, पौष्टिक के लिए कुशा का, शांति के लिए विष्टर का, व्याधि नाश के लिए लकड़ी का, दु:ख मोचन के लिए कंबल का आसन होना चाहिए। यदि कोई भी न मिले तो कुशा का आसन या विष्टर होना चाहिए।

14. मन्त्र की प्रकृति

मन्त्र की प्रकृति चार प्रकार की होती है। और जैसी प्रकृति हो वैसा ही उसका फल होता है। नीचे लिखे चक्र से जानें।

15. प्रकृति-चक्र

प्रकृति	शत्रु	साध्य	सिद्ध	सुसिद्ध
फल	यदि मन्त्र की प्रकृति शत्रुता भाव में हो तो काम नहीं बने	यदि साध्य प्रकृति हो तो बने काम को बिगाड़ दे।	यदि सिद्ध प्रकृति हो तो अवसर आने पर कार्य सिद्ध होवे।	सुसिद्ध प्रकृति में कार्य शीघ्र होवे।

16. मन्त्र की प्रकृति जानने की विधि

मन्त्र के अक्षर, नाम राशि के अक्षर शुरु करने वाली तिथि के अंक,

वारांक, नक्षत्रांक व पहर के अंकों को युक्त करके 4 का भाग देकर यदि शेष 1 वचे तो शत्रु, 2 वचे तो साध्य, 3 से सिद्ध और 4 से सुसिद्ध जानना।

17. मन्त्र की महिमा

'ॐ' शब्द की वहुत महिमा है, जिस के जप से प्रत्येक आशा पूर्ण हो सकती है। प्राचीन ऋषि मुनि और योगी पुरुष सहस्रों वर्षों से इस मन्त्र का जप करके इस में एक वल उत्पन्न कर गए हैं। मन्त्र का जप उस समय में विशेष महत्त्व रखता था और जीवन को सफल बनाने का सबसे उत्तम प्रकार था। जिन मनुष्यों के पास धन नहीं, विद्या नहीं, यदि उसके पास मन्त्र शक्ति है, तो सब कुछ है। मन्त्र शक्ति से मनुष्य सब कुछ प्राप्त कर सकता है। असफल जीवन के लिये मन्त्र ही एक औषधि है। सांसारिक संकटों से मन्त्र ही सफलता दिलवा सकता है। मन्त्र शक्ति से मनुष्य सब कुछ प्राप्त कर सकता है। असफल जीवन के लिये मन्त्र ही एक औषधी है। सांसारिक संकटों से मन्त्र ही सफलता दिलवा सकता है। मन्त्र शक्ति से धन, संतान, विद्या, मान, ईश्वर की प्राप्ति हो सकती है।

18. मन्त्र क्या है ?

जब प्रलय के उपरान्त सृष्टि का प्रारम्भ हुआ तो पहिले सामान्य अवस्था में स्थित प्रकृति से मान-मान मे अहंकार और अहंकार से शब्द की उत्पत्ति हुई। यह मूल शब्द प्रणव (ॐ) है अनेक रूपों से (प्रकट) हुआ। उस के क्रमिक विकास द्वारा सृष्टि की उत्पत्ति हुई। मन्त्रों के अर्थों को जानते हुए जिन्होंने विधि द्वारा मन्त्रों का जप करके ईश्वर के दर्शन किये हैं उनको ऋषि कहते हैं (ऋषयोमन्त्रद्रष्टारः)। हमारी आशाओं की प्राप्ति तथा मुक्ति का साधन इन मन्त्रों में ही है। प्रत्येक मन्त्र प्रत्येक विशेष कार्य के लिये बनाया गया है। यदि मन्त्र का उच्चारण शुद्ध और विधि के साथ किया जाए तो उसका फल अवश्य और शीघ्र प्राप्त होता है।

19. देवता और मन्त्र

प्रत्येक कार्य को आरम्भ करने वाली एक शक्ति होती है। हमारे

शास्त्रों में प्रत्येक पदार्थ का एक देवता होता है। पृथ्वी, देवी, गंगादि नदियां ऋतुओं के देवतादि इस सिद्धान्त से पूजित होते हैं। प्रत्येक वस्तु और अवस्था एक क्रिया, एक गति का परिणाम है। जो शक्ति इस गति को देख रही है वह इस क्रिया से उत्पन्न वस्तु तथा अवस्था का देवता कहा जाता है। जैसे कि मनुष्य के शरीर में प्राण हैं, जीव है वैसे ही सब अवस्थाएं हैं और अवस्थाओं के भी जीव हैं, इन जीवों को शास्त्र में देवता कहते हैं। पृथ्वी का जीव पृथ्वी देवता है, जल का जीव वरुण देवता है। शरीर सर्वदा जड़ होता है। वह शरीर जड़ का हो अथवा चेतन का, शास्त्र सम्बन्धी जड़ के उपासक नहीं, उस जड़ में व्याप्त हो कर उसे संचालित करने वाली चेतन शक्ति की हमारे यहां उपासना होती है। हम आभ्यन्तरिक चेतन शक्ति को देवता कहते हैं। जैसे शरीर में जीव हृदय में रहता है, वैसे ही इस व्यापक विश्व के पदार्थों के सम्बन्धी देवताओं के अपने-2 दिव्य लोक हैं, शरीर का केन्द्र हृदय कहा जाता है, ऐसे ही उन लोगों को उन वस्तुओं का मूल केन्द्र कहना चाहिये, जैसे सूर्य मण्डल नेत्र में अग्नि का प्रकाश करता है इसी तरह ऊष्ण का केन्द्र है और उसका स्वामी सूर्य देवता का इस में निवास है। प्रत्येक मन्त्र इस प्रकार कम्पन पैदा करते हैं। जिस प्रकार के कम्पन से वह अवस्था या वस्तु बनती है, जिस के बनने को वह मन्त्र बनाया गया है। इस अवस्था और वस्तु का संचालक जो देवता है वही उस मन्त्र का भी देवता होगा। मन्त्र की कामना अथवा विश्वास-पूर्वक अनुष्ठान उस देवता को अपनी ओर आकर्षित करता है। यदि कोई मनुष्य हमारे कथन के अनुसार कोई कार्य करे तो हम स्वयं उसकी ओर आकर्षित हो जायेंगे और उस की मनोकामना पूर्ण करने का यत्न करेंगे। इसी प्रकार जब मन्त्र जप के द्वारा हम वैसी कम्पन जैसे उस मन्त्र के देवता को उत्पन्न करना पड़ता है, स्वयं उत्पन्न करते हैं तो उस की प्रसन्नता होती है और वह हमारे मन की कामनाओं को शीघ्र प्रगट करने में सहायक होते हैं। प्रत्येक कम्पन एक आकार उत्पन्न करता है इसी प्रकार कम्पन व आकार का परस्पर सम्बन्ध ही साधक को सफलता प्रदान करता है।

साधक मन्त्र जप द्वारा एक कम्पन उत्पन्न करता है और वह उस कम्पन से आकार बनाना चाहता है जो उसके अभीष्ट कार्य के प्रेरक देवता का आकार हो, वह उस देवता की एक प्रकार से मूर्तिपूजा करने का यत्न करता है। इस पूजा या आकर्षण की सफलता उसके मन्त्र के कम्पन पर निर्भर है। यदि मन्त्र का उच्चारण शुद्ध और विधि से किया जाता है तो कम्पन ठीक होगा। यदि उच्चारण शुद्ध नहीं तो कम्पन ठीक आकार नहीं बनावेगा और आकार ठीक फल नहीं दे सकता। विपरीत फल होने का भय हो सकता है। जप के साथ यदि जप करने वाला मन्त्र देवता का ध्यान भी करता है, तो ध्यान का आकार एक कम्पन उत्पन्न करेगा, दोनों का एक संघर्ष होगा अर्थात् दोनों एक हो जाएंगे। उच्चारण के कम्पन में जो त्रुटि है वह ध्यान के आकर्षण से दूर हो जाएगी। इस प्रकार जप करने वाला जप का पूर्ण लाभ उठा सकेगा। देवताओं का केवल ध्यान और पूजन भी उनका आकर्षण करता है उस ध्यान और पूजन के कम्पन भी मानसिक आशाओं को पूर्ण करते हैं। प्रसन्न होकर कभी कभी देवता साधक को स्वयं प्रत्यक्ष या स्वप्न में भी मन्त्र उपदेश करते हैं। ऐसे मन्त्र बहुत शक्ति वाले होते हैं। इन मन्त्रों का न तो कोई संस्कार करना पड़ता है और न ही कीलक, शापोद्धार इत्यादि करना पड़ता है। वह अपने आप सिद्ध होते हैं। अतः आपको यदि किसी मन्त्र, देवता का अनुष्ठान करना है तो उसको श्रद्धा और विधि के साथ एकाग्र चित्त होकर करें, इससे आपको शीघ्र फल की प्राप्ति होगी।

20. मंत्रों के सिद्ध न होने के कारण

मन्त्रों का ठीक प्रकार से और विधि के साथ जप और अनुष्ठान करने पर भी यदि जप करने वाले को उसका कोई फल प्राप्त नहीं होता तो जप करने वाले की श्रद्धा उस मन्त्र पर से कम हो जाती है और यह अनुष्ठान छोड़ देता है। उस को सिद्धि क्यों नहीं होती, इसके क्या कारण हैं ? प्रथम साधक का मन्त्र पर दृढ़ विश्वास होना चाहिये तो मन्त्र सिद्धि शीघ्र होती है। विधि में थोड़ी सी भी त्रुटि होने से मन्त्र सिद्धि में बाधा

होती है। जिस प्रकार की सामग्री, स्थान, आसन की आवश्यकता हो वह पूर्ण होना चाहिए। जहां जप में हवन और मार्जन का विधान हो उसे सावधान होकर करना चाहिए। प्रयोग में आने वाली सामग्री शुद्ध और सात्त्विकता से प्राप्त की हुई होनी चाहिये। कपट, छल, चोरी, धोखा, रिश्वत इत्यादि के धन से प्राप्त सामग्री नहीं होनी चाहिये। ऐसे धन से किया हुआ अनुष्ठान विधि-पूर्वक होने पर भी सफल नहीं होता।

कभी कभी हमारे प्रारब्ध कर्मों के अशुभ फल बहुत बलवान् होते हैं, अतः अनुष्ठान करने से उनके उस परिणाम स्वरूप जो रोग, शोक, हानि इत्यादि के आकार में प्रकट हो सकते थे हमें बचा देते हैं, परन्तु हमारे वह अशुभकर्म अनुष्ठान के फल में बाधक हो जाते हैं। अशुभ कर्म जितना बलवान् होगा अनुष्ठान के फल में उतनी देर होगी। जब अनुष्ठान भोग्य द्वारा उस अशुभ कर्म का क्षय हो जाएगा तब मन्त्र सिद्धि प्राप्त होगी।

21. दीक्षा ग्रहण का समय

मन्त्र अनुष्ठान के लिये मन्त्र दीक्षा लेते समय काल, तिथि, दिन इत्यादि सब का विचार कर लेना चाहिए। दीक्षा से पहिले शिष्य को व्रत रखना चाहिये, उस दिन सायंकाल में गुरु शिष्य को बुलाकर उसकी चोटी बांध दें। शिष्य इस मन्त्र 'ओं नमः सिद्धम्' का जप करे और गुरु के चरणों की ओर ध्यान करके रात्रि को कुशा के आसन पर सोवे। मन्त्र का तीन बार पाठ करे। स्वप्न में यदि हाथी, बैल, माला, समुद्र सर्प, वृक्ष, पर्वत घोड़ा, अथवा पवित्र वस्तुएं सोना इत्यादि दृष्टिगोचर हों तो अनुष्ठान में सफलता होगी। ज्येष्ठ, आषाढ़, भाद्रपद, पौष और मलमास में मन्त्र दीक्षा नहीं लेनी चाहिए। दीक्षा के लिये फाल्गुण का मास सब से श्रेष्ठ है। गोपाल मंत्र की दीक्षा चैत्र में उत्तम होती है। मंगलवार और शनिवार के अतिरिक्त अन्य किसी भी वार में दीक्षा ली जा सकती है। प्रतिपदा, चतुर्थी, षष्ठी, अष्टमी, नवमी, त्रयोदशी, चतुर्दशी अमावस्या यह तिथियां दीक्षा के लिये ठीक नहीं हैं, कोई कोई पूर्णमासी को भी छोड़ना मानते हैं। द्वितीया, पंचमी, सप्तमी, त्रयोदशी

केवल विष्णुमन्त्र की दीक्षा में ग्रहण करनी। जिस दिन मेघ गर्जना हो, भूकम्प का कोई उत्पात हो और सायंकाल हो, दीक्षा ग्रहण में वर्जित है। शुक्ल पक्ष की षष्ठी, सप्तमी, द्वादशी भी वर्जित है। भरणी, कृत्तिका, आर्द्रा, आश्लेषा, ज्येष्ठा, श्रवण, धनिष्ठा नक्षत्र भी मन्त्र दीक्षा में निषिद्ध हैं। शिव और अग्नि मंत्र ग्रहण में आर्द्रा और कृत्तिका दोष युक्त नहीं माने जाते हैं। प्रीति आयुष्मान्, सौभाग्य, शोभन धृति, वृद्धि, ध्रुव, सुकर्मा, साध्य, शुक्ल, हर्षण, वरीयान, शिव, ब्रह्म, सिद्ध और ऐन्द्र ये योग मन्त्र दीक्षा में श्रेष्ठ माने गए हैं। बव, कौलव, तैतल और वणिज ये करण मन्त्र दीक्षा में शुभ हैं। विष्णु मन्त्र के लिये वृष, सिंह, वृश्चिक और कुम्भ लग्न शुभ हैं। शिव मन्त्र के लिये मेष, कर्क, तुला और मकर लग्न शुभ हैं। शक्ति मन्त्र के लिये मिथुन, कन्या, धन और मीन, लग्न शुभ हैं। भाद्रों मास की षष्ठी, आश्विनकृष्ण चतुर्दशी, कार्तिक शुक्ल नवमी, मार्गशीर्ष की तृतीया, पौषशुदि नवमी, माघ शुदि चतुर्थी, फाल्गुण शुदि नवमी, चैत की चतुर्दशी, वैशाख की अक्षय तृतीया ज्येष्ठ का दशहरा, आषाढ़ शुदि पंचमी और श्रावण कृष्ण पंचमी इन सब तिथियों में मन्त्र ग्रहण करने के लिये तिथि, वार, योग इत्यादि का विचार नहीं करना चाहिये। चैत्र शुदि त्रयोदशी, वैशाख शुदि एकादशी, ज्येष्ठ वदि चतुर्दशी, आषाढ़ की नागपंचमी, श्रावण की एकादशी, फाल्गुण शुदि षष्ठी ये तिथियां भी दीक्षा के लिये शुभ कही हैं। शक्तिमन्त्र की दीक्षा में चतुर्दशी और अष्टमी और गणपति के मन्त्र ग्रहण के लिये चतुर्थी श्रेष्ठ है। सूर्य ग्रहण में दीक्षा ली जा सकती है। सूर्यग्रहण में शक्ति दीक्षा और चन्द्रग्रहण में विष्णु दीक्षा शुभ नहीं होती है। गंगादि पवित्र तीर्थों में, कुरुक्षेत्र में, देवी के चारों पीठों में, कैलाश और काशी में मन्त्र दीक्षा लेते समय, समय विचार नहीं करना चाहिये। गौशाला, गुरु का घर, देव मन्दिर, जंगल, नदी के तट, आम के वृक्ष और वेल वृक्ष के समीप, पर्वत के ऊपर गुफा में और गंगा के तट पर ये स्थान दीक्षा के लिये शुभ हैं। गया, सूर्य क्षेत्र, चन्द्रपर्वत, मतंग देश, कन्या का घर, कामरूप यह स्थान दीक्षा के लिये वर्जित हैं। संकट के समय अथवा किसी विशेष

हालत में बिना कालादि का विचार किये भी दीक्षा दी जा सकती है ।

22. मन्त्र दीक्षा के अधिकारी

यदि अधिकारी को दीक्षा दी गई तो सफल होगी, नहीं तो दुरुपयोग होगा। यदि दीक्षा देने वाला योग्य हो तो साधक का कल्याण होगा। नहीं तो वह अपना स्वार्थ साधन करेगा या ठीक मार्ग न बतला सकने के कारण भ्रष्ट कर देगा। इस कारण दीक्षा में गुरु और शिष्य दोनों की पात्रता देखनी चाहिये। जो सदाचारी, नित्य कर्म करने वाला, वासनाओं से रहित, अभिमान रहित, स्वार्थ और यश का ख्याल न करने वाला, स्त्री, मित्र किसी के अधीन न हो, रोगी या अंगहीन न हो, सहन शक्ति जिस में हो, लोकसेवा करने वाला, शास्त्र का ज्ञानी, जिस ने मन्त्र स्वयं सिद्ध किया हो, जो विघ्नों को दूर करने में समर्थ हो वही योग्य गुरु है।

श्रद्धालु, विश्वासी, विचारशील, सदाचारी, नित्यकर्मी, जिज्ञासु हो, कामी, क्रोधी न हो, कपटी,, पाखंडी न हो, जो गुरु के वाक्य पर विश्वास करता हो, जो गुरु के दोष नहीं देखता, जो गुरु की निन्दा नहीं करता, जिसमें आत्म उद्धार और लोक सेवा की भावना हो, वही शिष्य दीक्षा ग्रहण करने का उत्तम अधिकारी है।

इसी प्रकार जिस में क्रोध के भाव अधिक हैं वह रुद्र या काली की दीक्षा का अधिकारी है। जिस में नियम और मर्यादा और धर्म के भाव अधिक हैं वह भगवान् राम की दीक्षा का अधिकारी है, जिस में प्रेम की भावना अधिक है वह गोपाल की उपासना कर सकेगा। जिस में भक्ति के प्रति श्रद्धा के भाव हैं वह भगवान् विष्णु की उपासना कर सकेगा। इसी प्रकार रुचि के अनुसार अधिकार प्राप्त होता है। जिस प्रकार की कामना की सिद्धि के लिये साधक प्रवृत्त हो रहा है वह उस प्रकार की कामना को पूरा करने वाले देवता के मन्त्र का अधिकारी है। जैसे विद्या की भावना करने वाला भाव रखता हो तो सरस्वती के मन्त्र की दीक्षा का अधिकारी समझना चाहिए।

गुरु को चाहिये कि शिष्य को कुछ दिन अपने पास रख कर परीक्षा

करे, तब उसके अनुसार उसको दीक्षा दे।

23. मन्त्रों के अनुष्ठान की विधि

किसी भी मन्त्र के प्रयोग के पहिले उसका पुरश्चरण करना चाहिये। पुरश्चरण के बिना किसी भी मन्त्र की सिद्धि नहीं होती है। प्रत्येक मन्त्र के पुरश्चरण की जप संख्या और उसके करने की विधियां पृथक् पृथक् हैं।

पुरश्चरणों में एक जैसी संख्या में जप होगा, जब तक कि पूर्णत: अनुष्ठान समाप्त न हो जाए। तीर्थ स्थान, नदी का तट, गुफा, पर्वत, समुद्र का तट, जंगल, उद्यान, विल्व, पीपल अथवा आमला का वृक्ष, गौशाला, देव मन्दिर, घर में एकान्त का कमरा ये स्थान जप के लिये उत्तम स्थान हैं। स्थान ऐसा होना चाहिये कि जहां जप में बाधा पड़ने का भय न हों।

पुरश्चरण करने वाले को स्वच्छ रहना, जितेन्द्रिय रहना और सात्विक भोजन का विशेष ध्यान रखना चाहिये। बाल कटवाना, तेल लगाना, बिना भोग लगाए भोजन करना, दूसरे का भोजन खाना, दान लेना, पर स्त्री का ध्यान, काम, क्रोध, लोभ, मोह, स्त्री का संग, आलस्य पुरश्चरण में वर्जित हैं। पितृ तर्पण न करने से भी जप व्यर्थ हो जाता है। यदि अपने पास सामग्री न हो तो तीर्थ के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान से और पर्व से अतिरिक्त अन्य तिथियों में श्रद्धा युक्त और सदाचारी मनुष्य से एक दिन की सामग्री भिक्षा के रूप में ले लें। जप के समय मौनभंग होने पर प्रणव (ओं) का जप करके फिर जप करना चाहिए। यदि क्रोध इत्यादि का विकार आ जावे तो आचमन और प्राणायाम करना चाहिये। मलमूत्र का वेग रोक कर जप नहीं करना चाहिये। शरीर, मुख, वस्त्र, स्थान सामग्री और मन सब को साफ और पवित्र रखना चाहिये। पहिले दिन जितनी संख्या में जप करो, नित्य उतनी संख्या में जप करना चाहिये, कभी ज्यादा और कभी कम जप करने से जप नष्ट-भ्रष्ट हो जाता है। कलियुग में शास्त्रों के अनुसार चार गुणा जप करने की विधि लिखी है। पृथ्वी शयन, ब्रह्मचर्य पालन, मौन रहना, गुरु सेवा, त्रिकाल संध्या करना, स्नान, पूजा और पितृतर्पण करना, दान, देवस्तुति,

सदाचारी रहना और क्रोध से रहित होकर जप करना ठीक होता है। स्त्री, शूद्र और नास्तिक से न बोलें। झूठ न बोलें। एकान्त में शयन करना चाहिये। यदि पुरश्चरण में मृत्यु शौच अथवा जननाशौच हो तो भी अनुष्ठान न छोड़े।

शावर मन्त्रों के अतिरिक्त अन्य सभी मन्त्र पुरश्चरण के द्वारा सिद्ध होते हैं। आजकल देखने में आया हैं कि अभीष्ट मन्त्र का जिस प्रकार प्रयोग लिखा जाता है और वह देखकर प्रयोग करने बैठ गए, उसका फल यह होता है कि सफलता नहीं होती और समय भी नष्ट हो जाता है। और लोगों की श्रद्धा मन्त्रों में कम हो जाती है। किसी भी मन्त्र का प्रयोग उस साधक को सिद्ध होता है जिसने पुरश्चरण के द्वारा पहिले उसी मन्त्र को सिद्ध कर लिया है। शास्त्रों में पुरश्चरण के लिये जो संख्या दी हुई है वह सतयुग के लिये है, त्रेता में उस से द्विगुण, द्वापर में तीन गुणा और कलियुग में चार गुणा जप करने पर पुरश्चरण पूरा होता है। पुरश्चरण के फल होने का यह प्रमाण है कि उस के अन्त में मन्त्र देवता का प्रत्यक्ष साक्षात होगा और साधक को अभीष्ट वरदान देंगे। शास्त्र में पुरश्चरण की कई विधियां हैं। किसी एक विधि द्वारा पुरश्चरण किया जा सकता है।

ग्रहण काल में मन्त्र का जप करने पर फिर ग्रहण के अन्त में ही मन्त्र की जप संख्या का दशांश हवन, हवन का दशांश, तर्पण, और तर्पण का दशांश मार्जन, मार्जन का दशांश ब्राह्मण भोजन करना चाहिये।

गोपाल मन्त्र में हवन संख्या के वरावर तर्पण करना होगा। यदि सामान्य अनुष्ठान करते समय, वीच में ग्रहण आ जावे तो सामान्य अनुठान को छोड़ना नहीं चाहिये। चन्द्र ताराशुद्धि होने पर शुक्ल पक्ष में पुरश्चरण आरम्भ करना चाहिये, पुरश्चरण के लिये जो स्थान निश्चित करे उसे दो या चार गज के घेरे में एक सीमा निश्चित कर लेवे। अनुष्ठान पूरा होने तक उस सीमा से बाहिर नहीं जाना चाहिये। आहार-विहार सव उस सीमा के अन्दर होना चाहिये। अनुष्ठान स्थान पर कूर्म चक्र के अनुसार मण्डप वनाए। जिस देवता के मन्त्र का पुरश्चरण करना

हो उस देवता की गायत्री का जप करे। गायत्री का जप एक हजार होगा। इस जप से साधक के पाप नष्ट होते हैं और विघ्नों की शान्ति होती है। गायत्री जप से पहिले यह ध्यान कर लेना चाहिये कि पापों के नाश के लिये जप करता हूं ऐसा संकल्प पढ़ लेना चाहिये। पुरश्चरण के पहले दिन उपवास करें। दूसरे दिन नित्य क्रिया के उपरान्त संकल्प पूर्वक भूत शुद्धि, प्राणायाम और मन्त्र देवता की मुद्रा आदि पूर्वक उस देवता की पूजा-पद्धति के अनुसार पूजा करे, देवता का अपने हृदय में ध्यान करे। जप के समाप्त होने पर हवन और तर्पणादि करे। कलश से जल लेकर अपने मस्तक पर अभिषेक करे। यह नित्य प्रति की विधि है। पुरश्चरण समाप्त होने के दिन ब्राह्मण भोजन, हवन और दान दे, फिर गुरु देव की यथाशक्ति पूजा करे।

24. कार्य सिद्धि के लिये सकाम और निष्काम अनुष्ठान करना

कोई भी अनुष्ठान हो वह भावना के अनुसार दो भागों में बांटा जा सकता है सकाम और निष्काम। किसी कार्य की सफलता इतने समय में हो ऐसा विचार रखकर जब कोई अनुष्ठान किया जाता है तो अनुष्ठान को सकाम अनुष्ठान कहते हैं। प्रायश्चित्त समझ कर या केवल ईश्वर की प्राप्ति के लिये जो अनुष्ठान किया जाता है उस को निष्काम अनुष्ठान कहा जाता है। यदि जाप का कोई फल रोग इत्यादि से जो उत्पन्न हुआ हो—की शान्ति के लिये प्रायश्चित्त किया जा रहा हो तो वह सकाम ही होगा। इसी प्रकार जब हम ऐसा अनुष्ठान करते हैं कि इस अनुष्ठान से ईश्वर दर्शन या ऐसा ही कोई फल मिले तो वह भी सकाम ही समझा जाएगा।

25. जप में माला का विधान

जप में माला किस प्रकार की होनी चाहिये। जप करने के समय माला का होना अत्यावश्यक है। जप करते समय माला सर्वदा गुप्ति में अथवा छुपी हुई होनी चाहिये। जप करते समय माला पृथ्वी को स्पर्श न करे। अंगुष्ठ मध्यमा और अनामिका के मिलाप से जप किया जाता है। जप के समय तर्जनी अंगुली को माला से पृथक् रखते हैं, उससे माला

को छूना नहीं चाहिये। जब एक माला का जप पूरा हो जाता है तो माला को वहीं से फेर लेते हैं। इस प्रकार सिमरों का उल्लंघन नहीं होता। यदि माला न हो तो अंगुली पर जप की संख्या की गिनती की जा सकती है। परन्तु इसमें अनामिका के मध्यम पोर से आरम्भ करके कनिष्ठिका की ओर गिनते हुए तर्जनी मूल में समाप्त करना चाहिये। मध्यमा के नीचे की दो ग्रन्थियों को छोड़ देना चाहिये। इस प्रकार जब 100 जप हो जावे तो फिर अनामिका के मूल पर से आरम्भ करके तर्जनी के मध्य तक 8 संख्या का जप करे इस प्रकार 108 जप की माला की संख्या पूरी हो जाएगी। कई देवताओं के मन्त्रों में इससे विपरीत होता है। जप के समय अंगुलियों को पृथक पृथक न करे। केवल सब को झुका कर जप की गिनती करे, इन्हें परस्पर इकट्ठा रखे। जप संख्या की गिनती आवश्यक है। गिनती न किया जप निष्फल जाता है। ऐसा तन्त्र-शास्त्र का मत है। माला पूर्ण होने पर गिनती में चावल, अंगुली के पोट अनाज, फूल, चन्दन और मिट्टी से गिनती नहीं करनी चाहिये। जिस माला से जप हो, उन्हीं मणियों की छोटी माला संख्या की गिनती केलिये बना लेनी चाहिये। जप माला के द्वारा भी गिनती की जा सकती है और कागज पर लिख कर भी कर सकते हैं। अक्षरों के द्वारा माला की संख्या का काम लेना तन्त्रों में अच्छा माना गया है। उसका प्रकार यह है कि (अ) से लेकर सब स्वर और व्यंजन मणि मान लिये ज.ते हैं। एक अक्षर का अनुस्वार युक्त जप करके जैसे (अ) का (अं) और (क) का (कं) फिर एक मन्त्र का जप करना चाहिये (ह) के उपरांत (ल) का एक बार फिर उच्चारण करना चाहिये और फिर वहीं से उल्टे क्रम से अक्षरों का उच्चारण करते हुए (अ) तक आना चाहिये। इस प्रकार एक माला पूर्ण होती है। (क्ष) को सिमरण मानना चाहिये। पद्म बीज, रुद्राक्ष, शंख, मोती, स्फटिक, मणि, स्वर्ण, मूंगा, चान्दी, कुश की जड़ और तुलसी की माला सामान्य पूजा के प्रयोग में आती है। इन में शंखों से लेकर कुश तक की माला, मालाओं में सब से श्रेष्ठ मानी गई हैं। शिव और शक्ति मन्त्रों में रुद्राक्ष और विष्णु मन्त्रों में तुलसी की माला श्रेष्ठ है। माला

एक ही जाति के मनकों की होनी चाहिये, इसमें दो जाति के पदार्थों का मेल नहीं होना चाहिये। मारणादि प्रयोग में पद्म बीज की माला, पाप नाश के लिये कुश मूल की, पुत्र कामनादि में स्वर्ण रत्न आदि की माला, धन कामना में मूंगा की माला प्रयोग में लानी चाहिये। जिन मणियों की माला बनाई जावे वह एक आकार के समान हों। मनके टूटे फूटे अथवा कीड़े इत्यादि से खाये हुए न हों। मोक्ष के लिये जप में 50 मणियों की, धन के लिये 60 की, सब कामनाओं के लिये 27 की, मारणादि में 15 की, कार्यसिद्धि में 54 की और सब कामनाओं की सिद्धि के लिये 108 मणियों की माला बनावे। इन सब में सिमेरु और लगेगा। जप से पहले माला का संस्कार करके तब जप करना चाहिये। माला जिस सूत्र में पिरोई जावे वह रूई या रेशम का सूत्र हो। शांति कार्य में सफेद, वशीकरण इत्यादि में लाल और मारणादि में काला सूत्र लगावे। लाल सूत्र सब के लिये और सब कार्यों में श्रेष्ठ है। सूत्र को पहले तीन गुणा करके फिर तीन गुणा करे। वर्णमाला की रीति से प्रणव के साथ (अ) से लेकर (ह) तक के अक्षर अनुस्वार लगा कर जप करे और फिर विपरीत से करे। एक अक्षर जप के साथ एक मणि का ग्रन्थन करे मणियों के मध्य में ब्रह्म ग्रन्थी दे और प्रणव जप से सिमेरु ग्रन्थित करे। जिस मन्त्र का जप करना हो उसके जप से भी माला ग्रन्थन किया जाता है। रुद्राक्ष और पद्म बीज इत्यादि की मणियों के मुख तथा पुष्पों का निर्णय हो सकता है। रुद्राक्ष में जिधर गहरा मुख हो वह और पद्म बीज में, जिधर दो बिन्दु हों उधर मुख समझना चाहिये। दो या तीन फेरे देकर मन्त्र या अक्षर के जप के साथ मणियों के मध्य में ग्रन्थी देना चाहिये, माला के द्वारा जिस देवता का जप करना हो, उस माला को पीपल के पत्र के डोने में रख कर उस देवता के मन्त्र से माला का स्थापन करे, पंचगव्य से स्नान, चन्दन से लेपन देकर पूजन इत्यादि करे। फिर माला पर देवता का आवाहन करके प्राण प्रतिष्ठा करे और देवता का पूजन करें।

26. ईश्वर नाम और मन्त्रों का सम्बन्ध

ईश्वर के सभी नाम महामन्त्र हैं। इन नामों से ही मन्त्रों का

निर्माण होता है। फिर भी वह केवल मन्त्र नहीं। नाम मन्त्र नहीं है। प्रभु के नामों का स्थान मन्त्र से बहुत ऊंचा है। तात्पर्य नाम के उस भाव से है जबकि भगवान् का नाम समझ कर भगवान् को प्रसन्न करने के लिये लिया जाता है। वह ही नाम जब मन्त्र विधि से लिया जाता है तो मन्त्र हो जाता है। नाम की ही सब से अधिक प्रधानता है, भाव मात्र से ही वह मन्त्र हो जाता है तब उस पर वह सब नियम लगते हैं जो मन्त्र के लिये हैं। नाम को मन्त्र बना देने पर उस शब्द की शक्ति मात्र काम करती है और यह नाम के गुणों को न जान कर नाम का अपमान होता है जो नाम के बहुत प्रभाव को जानते हैं वह कभी उस का प्रयोग मन्त्र रूप में नहीं करेंगे। ब्रह्माण्ड में और इस के बाहर जितने प्रकार की शक्तियां हैं वह सब उस सर्वशक्तिमान की अपार शक्ति के एक कण के सहस्र भाग के तुल्य भी तुलना नहीं कर सकतीं। नाम अपने नाम से अभिन्न है। नाम प्रभु का स्वरूप है इस कारण वह ही शक्ति सिन्धु है। शक्ति उस से ही शक्ति पाकर शक्ति बनती है। वह व्यापक शक्ति का सागर है। जब नाम उच्चारण नाम के रूप में होता है तो वह नामों का स्वरूप होता है। भगवान् पर जैसे कोई नियम बन्धन नहीं हो सकता वैसे ही नाम पर भी नहीं हो सकता। प्रभु के प्रत्येक रूप में जैसे सब शक्तियां हैं वैसे ही नाम भी सर्व समर्थ है। कोई भी साधक किसी भी ईश्वर के नाम का जप किसी भी अवस्था में कर सकता है। नाम के लिये चक्र निर्णय नक्षत्रादि काल निर्णय, स्थान इत्यादि कोई भी बन्धन नहीं है। अपनी रुचि के अनुसार किसी भी नाम का जप किया जा सकता है। नाम का न तो कोई संस्कार होता है और न पुरश्चरण वह तो केवल प्रेम ही होता है। मन्त्र के संस्कार और पुरश्चरण इत्यादि सब होते हैं जब हम नाम को मन्त्र के जप में ग्रहण करते हैं। नाम सर्वदा सिद्ध और सर्वदा दोष रहित है नाम जप की कोई विधि नहीं है।

27. मन्त्रों को गुप्त रखने का लाभ व हानि

मन्त्र सिद्धि के लिये जिन संस्कारों की आवश्यकता बताई गई है। उनमें अन्तिम संस्कार है "गुप्ती" अर्थात् गुप्त रखना या मन्त्र किसी को

बताना नहीं। मन्त्रसाधक के बारे में यह किसी को पता न लगे कि वह किस मन्त्र का जप करता है। यदि नाम का मन्त्रविधि से जप होता है तो उस को भी गुप्त रखना चाहिये। यदि जप के समय कोई पास हो तो मानसिक जप करना चाहिए। वाचक जप करना हो तो सर्वदा एकांत स्थान पर करना चाहिए। मन्त्र के गुप्त रखने का फल यह होता है कि लोगों की व्यर्थ की बातों से बच जाते हैं। जिसको मन्त्र को ग्रहण करने की अभिलाषा होती है वह विद्वान् गुरु के पास जाता है। गुरु उसके अधिकार के अनुकूल मन्त्र देता है। जिसके साधन से वह अपनी कामनाओं को प्राप्त करता है। शास्त्रों में ऐसा विधान है कि एक ही मन्त्र एक ही वर्ण जाति या मनुष्य को न सुनाया जाए। मन्त्र को प्रकट करने पर आज्ञा का उल्लंघन होता है। शास्त्र आज्ञा भंग करने के पाप के कारण अनुष्ठान सफल नहीं होता।

28. मन्त्रों का सद् उपयोग न करने से हानि

जो शक्ति जितनी बलवान् होती है उसके अनुसार ही उतना ही लाभ होता है। उस के विपरीत होने पर उतनी ही हानि होती है। मन्त्र के अनुष्ठान में साधक को प्राय: मृत्यु शय्या पर जाते, पागल होते और सब कुछ नाश होते भी देखा गया है। इस का कारण यह है कि अज्ञानता या विधि न जानते हुए विपरीत फल का होना। जब साधक कोई अनुष्ठान करता है तो बहुत सी गुप्त शक्तियां इस में बाधा उत्पन्न करती हैं। कई बार बहुत से भयानक दृश्य दिखलाई देते हैं। चारों ओर अग्नि दिखाई देती है। मारने वाले पशु आते हुए दिखाई देते हैं। इस प्रकार के कई और भी भयानक दृश्य दृष्टिगोचर होते हैं। जब साधक दृढ़चित्त होकर अपने स्थान पर बैठा रहे वहां से उठे नहीं और जप करता रहे तो सब कुछ स्वयं शांत हो जाता है। चाहे कोई आकृति ही क्यों न हो वह अनुष्ठान के स्थान से कूर्म चक्र को पार नहीं कर सकती। यदि साधक भयभीत होकर भागने लगे तो उसकी मृत्यु हो जाती है। वह जीवन भर पागल हो जाता है। विधि-पूर्वक जप न होने से हानि का भय रहता है। जहां जिस वस्तु या विधि का प्रयोग बताया गया हो वहां वैसे ही करना चाहिए। मन्त्र का जप ध्यान, उच्चारण जिस प्रकार से होना हो वैसा न होने पर हानि होती

है। अनुष्ठान के समय प्राय: पिछले किए हुए बुरे कर्मों का फल, रोग, धन हानि और बाधायें उत्पन्न होती हैं। परन्तु उनसे तंग आकर साधक का हृदय अनुष्ठान से टूट जाता है। यदि वह अनुष्ठान छोड़ दे तो वह और भी अधिक हानिकारक सिद्ध होते हैं। यदि साहस करके और उन बाधाओं से भयभीत न होकर अनुष्ठान करता रहे तो वह उन सब पर विजयी हो जाता है। अनुष्ठान की सब से अधिक सफलता दृढ़ निश्चय पर निर्भर है। गुरु पर निश्चय, मन्त्र पर निश्चय, और इष्ट पर निश्चय जिस साधक में यह तीनों प्रकार के निश्चय दृढ़ हैं उसको कोई शक्ति असफल नहीं कर सकती। और जिस में श्रद्धा और प्रेम नहीं है उसको ब्रह्मा भी सफल नहीं बना सकता। सभी मन्त्रों में एक जैसी शक्ति है। जिस मन्त्र को ग्रहण किया जाए उस पर पूरा विश्वास हो, उसकी विधि से ही अन्य मन्त्रों का अनुष्ठान भी किया जा सकता है।

29. ईश्वर में श्रद्धा और प्रेम रखना

जिस साधन के द्वारा मन जितना एकाग्र हो वह साधन उतना ही अच्छा होता है। मन का स्वभाव चंचल है और साधक उसको एकाग्र करने के लिए प्रयत्न करता है। वह तब ही हो सकता है जब एक ही साधन में उसको लगाए रखने का प्रयत्न करे। यदि साधनों का परिवर्तन करता रहे तो फिर साधन करना और न करना दोनों एक जैसे हैं। मन्त्र की या नाम की शक्ति भी तब ही प्रकट होती है जब एक ही नाम बार-बार लिया जावे। मन्त्र हो या नाम उसका लगातार उच्चारण होता रहे तो लाभदायक होगा।

30. मन्त्रों का चुनाव

वायु, अग्नि, भूमि, जल और आकाश इन पांच महाभूतों के कोष्ठकों में उनके अक्षर देख लें। यदि मन्त्र और साधक के नाम का पहला अक्षर एक ही तत्त्व के कोष्ठक में हो तो वह अपनी कुल का मन्त्र होगा, नहीं तो दूसरी कुल का मन्त्र होगा। यदि वह अपने मित्र तत्त्व के कोष्ठक में हो तो भी ले सकते हैं। यदि शत्रु के कोष्ठक में हो तो नहीं लेना चाहिए। अपनी कुल का मन्त्र सब से श्रेष्ठ होता है।

जल, भूमि का मित्र, वायु अग्नि का मित्र, आकाश सब का ही मित्र माना गया है। जल और वायु की शत्रुता है। भूमि और वायु की भी शत्रुता, है। जल और अग्नि की भी शत्रुता है। शत्रु मन्त्र विपरीत फल देने वाला होता है।

अक्षर कोष्ठक चक्र

वायु	अ	आ	ए	क	च	ट	त	प	य	प
अग्नि	इ	ई	ऐ	ख	छ	ठ	थ	फ	र	क्ष
भूमि	उ	ऊ	ओ	ग	ज	ड	द	व	ल	त्र
जल	ऋ	ॠ	औ	घ	झ	ढ	ध	भ	व	ज्ञ
आकाश	ऌ	ॡ	अं	ङ	ञ	ण	न	म	श	ह

31. नाम राशि और मन्त्र राशि देखना

राशि चक्र में भी शुद्ध मन्त्र ग्रहण करना चाहिए और शत्रु, मृत्यु और व्यय करने वाली राशि वाले मन्त्रों को छोड़ देना चाहिए। अपनी जन्म राशि के भाव से मन्त्र की राशि तक गिनना चाहिए। यदि साधक को अपनी जन्म राशि ज्ञात न हो तो प्रसिद्ध राशि से गिनती करनी चाहिए। पहिली, पांचवीं और नौवीं राशि के मन्त्र शुभ होते हैं। दूसरी, छठी और दसवीं राशि के मन्त्र मध्यम होते हैं। चौथी आठवीं और बारहवीं राशि के मन्त्र शत्रु होते हैं। चौथी राशि का मन्त्र केवल विष्णु के बारे में ही घातक होता है। और शक्ति के बारे में छठी राशि पर मन्त्र आवे तो छोड़ देना चाहिए।

राशियों के नाम—मेष को लग्न, वृष को धन, मिथुन को भ्रातृ, कर्क को बन्धु, सिंह को पुत्र, कन्या को शत्रु, तुला को कलत्र, वृश्चिक को मृत्यु, धन को धर्म, मकर को कर्म, कुम्भ को लाभ और मीन को व्यय

राशि और नाम चक्र

नाम भाव	लग्न	धन	भ्रातृ	बन्धु	पुत्र	शत्रु	कलत्र	मृत्यु	धर्म	कर्म	आय	व्यय
राशि	मेष	वृष	मिथु०	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
	अ आ इ ई	उ ऊ ऋ	ॠ ऌ ॡ	ए ऐ	ओ औ	अः श ष स ह ल क्ष अं	क ख ग घ ङ	च छ ज झ ञ	ट ठ ड ढ ण	त थ द ध न	प फ ब भ म	य र ल व

नाम समझें। इस के अनुसार मन्त्र का फल समझना चाहिए। केवल विष्णु मन्त्रों में शत्रु के स्थान पर वन्धु, बन्धु के स्थान पर शत्रु का पाठ होगा।

फल—लग्न राशि के मन्त्र से मन्त्र सिद्धि धन स्थान के मन्त्र से धन, वृद्धि, भाई के स्थान का लेने से भाई वृद्धि, वन्धु का स्थान लेने से मित्रों से प्रेम, पुत्र स्थान का लेने से पुत्र की प्राप्ति, शत्रु का लेने से शत्रु की वृद्धि, कलत्र स्थान का लेने से मध्यम फल, मृत्यु स्थान का लेने से मृत्यु, धर्म स्थान का लेने से धार्मिक विचार, कर्म स्थान का लेने से कार्य सिद्धि, लाभ स्थान का लेने से धन की प्राप्ति और व्यय स्थान का मन्त्र लेने से व्यय और धन की हानि होती है।

32. अपने नाम और मन्त्र के नाम नक्षत्र का मिलाप

नक्षत्रों के नीचे लिखे हुए चक्र में यदि अपनी जाति में दोनों के नाम हों तो अति प्रेम, दूसरी जाति से मध्यम प्रतीति होती हैं। राक्षस और मनुष्य के मिलाप से विनाश, राक्षस और देवता होने से शत्रु होगी। इस कारण अच्छा मन्त्र वह होगा जो अपनी जाति के कोष्ठक के वर्ण का होगा। देवता और देवता, मनुष्य और मनुष्य, राक्षस और राक्षस एक जाति के हैं। देवता और मनुष्य दोनों के मध्यम फल होते हैं। शेष छोड़ देने चाहिएं। इसके जानने का यह ढंग है कि साधक का जन्म नक्षत्र तथा मन्त्र का प्रथम अक्षर जिस खाने में पड़े उस नक्षत्र तक गिनती होगी। यदि साधक का जन्म नक्षत्र ज्ञात न हो तो उसके नाम का प्रथम अक्षर जिस नक्षत्र के कोष्ठ में पड़े वहां से गिनती करनी चाहिए। गिनती बाई ओर से होगी। इसमें मित्र वर्ग अपना वर्ग तथा शत्रु वर्ग देखना चाहिए। दूसरा प्रकार यह है कि साधक के जन्म नाम के नक्षत्र से मन्त्र नक्षत्र तक जन्म, सम्पद, विपद, क्षेम, शत्रु, साधक, वध मित्र तथा परम मित्र इस प्रकार गिनती करे यदि एक वार गिनती पूरी न हो तो दूसरी वार इसी प्रकार से गिनती करे। मन्त्र नक्षत्र जिस कोष्ठक में आवे मन्त्र को वैसा ही जानो। एक प्रकार यह भी है कि जन्म नक्षत्र से मन्त्र नक्षत्र तक के कोष्ठों तक गिनती को देखते हैं जन्म नक्षत्र से मन्त्र नक्षत्र छठे आंठवें नवें या चौथे कोष्ठक में पड़े तो शुभ होते हैं और शेष अशुभ होते हैं। तीसरे पांचवें तथा सातवें कोष्ठक को छोड़ देना चाहिए।

अश्विनी	भरणी	कृत्तिका	रोहणी	मृगशिरा	आर्द्रा	पुनर्व०	पुष्य	आश्ले०
अ, आ	इ	ई, उ, ऊ	ऋ ॠ ऌ ॡ	ए	ऐ	ओ औ	क	ख, ग
देवता	मनुष्य	राक्षस	मनुष्य	देवता	मनुष्य	देवता	देवता	राक्षस

मघा	पू. फा.	उ. फा.	हस्त	चित्रा	स्वाति	विशा.	अनुराधा	ज्येष्ठा
घ ङ	च	छ ज	झ ञ	ट ठ	ड	ढ ण	त थ द	ध
राक्षस	मनुष्य	मनुष्य	देवता	राक्षस	देवता	राक्षस	देवता	राक्षस
मूला	पू. पा	उ. पा	श्रव	धनिष्ठा	शत.	पू. भा.	उ. भा.	रेवती
न प फ	व	भ	म	य र	ल	व श	ष स ह	त्र क्ष
राक्षस	मनुष्य	मनुष्य	देवता	राक्षस	राक्षस	मनुष्य	मनुष्य	देवता

33. चक्र नं० 2

मन्त्र के जितने अक्षर हों उन्हें पृथक कर लो और उन अक्षरों पर जो मात्रायें हों उन्हें भी पृथक करके स्वर मान लो जैसे (ी) की मात्रा हो तो ई मान लो अब सब अक्षरों को स्वरों सहित तथा व्यञ्जन के कोष्ठक में देखें जिस कोष्ठक में अक्षर निकलें उस कोष्ठक के ऊपर साधक की संख्या नोट कर लें यदि एक कोष्ठक या एक पंक्ति में अधिक शब्द पड़ें तो जितने शब्द पड़ें तो साधक अंक को उतनी बार लीजिए इस प्रकार सब अक्षरों के साधक अंक लेकर उनको जोड़ लो और 8 पर भाग दो इसी प्रकार साधक के नाम के अक्षरों को भी स्वरों के साथ पृथक करो और उनके साधना के नीचे के साधक अंक की गिनती को भी जोड़ लें और उनको भी 8 पर भाग दें। मन्त्र अक्षरों में भाग करने से जो शेष हो और साधक के नाम के अक्षरों में जो शेष हो, उन दोनों को देखें यदि मन्त्र का शेष साधक के शेष से कम हो तो मन्त्र ऋणी है यदि अधिक हो तो मन्त्र धन है। ऋणी मन्त्र को ग्रहण करना चाहिए धन को त्याग देना चाहिए। यदि दोनों के शेष अक्षर एक जैसे हों तो ग्रहण करने योग्य हैं।यदि मन्त्र अंक और नाम अंक का शेष कुछ न बचा हो तो इस मन्त्र को कभी सेवन न करना चाहिए।

34. ग्रहण में अनुष्ठान का फल

सूर्य अथवा चंद्र ग्रहण के समय समुद्र में जाने जाली नदियों में खड़े होकर आरम्भ होने के काल से समाप्ति काल तक जप करना चाहिए। जितना भी जप करो उसका दशांश हवन करो और ब्राह्मण भोजन कराने से भी सिद्धि होती है। सूर्य तथा चंद्रमा ग्रहण में मंत्र के जप का कई गुणा फल मिलता है। नदी में नाभि तक खड़े होकर जप करना चाहिए।

35. मन्त्र साधकों के लिए विशेष उपदेश

1. मन्त्र साधन करने का स्थान एकान्त हो साफ तथा पवित्र हो वहां अन्य कोई दूसरा अन्दर न आए।

6	6	6	0	3	4	4	0	0	0	3
अ आ	इ ई	उ ऊ	ऋ ॠ	ऌ ॡ	ए	ऐ	ओ	औ	अं	अः
क	ख	ग	घ	ङ	च	छ	ज	झ	ञ	ट
ठ	ड	ढ	ण	त	थ	द	ध	न	प	फ
ब	भ	म	य	र	ल	व	श	ष	स	ह
2	2	5	0	0	2	1	0	4	4	1

चक्र नं० 2.

2. कोई भी ऐसा कार्य छोड़कर साधन करने मत बैठो जिससे मन चंचल हो जाए। तथा साधना करते समय उसमें विशेष बाधा होवे।
3. अनुष्ठान करने के दिनों में ब्रह्मचर्य का पूर्ण रूप से पालन करना चाहिए। सत्य अहिंसा प्रभृति नियमों पर कठोरता से स्थित रहे।
4. अनुष्ठान के मध्य में आहार आदि सर्वथा सात्विक एवं शुद्ध होना चाहिए। अपने शरीर तथा ऋतु के अनुसार प्रयोग करो।
5. अनुष्ठान के समय आलस्य तथा प्रमाद से दूर रहो किन्तु कितनी ही अशान्ति क्यों न हो ढीले मत रहो, नियम को मत छोड़ो जरा सा आलस्य सारे किये पर पानी फेर देता है।
6. बाहर अथवा कुल का चाहे कितना ही दु:खदायी और दु:खमय समाचार क्यों न हो अपने हृदय को मत हिलाओ, उस समय मन को वश में रखने की चेष्टा करो।
7. अनुष्ठान के दिनों में यह चेष्टा बराबर करो कि मन शान्त रहे। कोई ऐसी बात मत करो जिससे तुम्हारे मन में भ्रम उत्पन्न हो।
8. अनुष्ठान के दिनों में किसी प्रकार का समाचार पत्र, पत्र, टैलीफून, तथा अन्य समाचार, मत सुनो और पढ़ो जहां तक हो सके इन से दूर रहने की चेष्टा करो।
9. कुछ भी चमत्कार देखो तो भयभीत न होना चाहिए दृढ़ विश्वास तथा धैर्य से परिणाम की प्रतीक्षा करो। जैसी अवस्था हो उसके अनुसार अपना अनुष्ठान करते जाओ।
10. अपने साधन करने की बात किसी पर प्रकट न होने दो चाहे उससे किसी प्रकार का सम्बन्ध क्यों न हो। सर्वदा उसे गुप्त रखने की चेष्टा करो।
11. किसी प्रकार की इच्छा रखकर अनुष्ठान करने में उसमें थोड़ी सी भी कमी आ जाने पर अनुष्ठान भंग हो जाता है। कभी-कभी विपरीत फल देने का भी भय रहता है।

12. किसी भी अनुष्ठान के सफल न होने पर धैर्य को नहीं छोड़ना चाहिए उस को दूसरी बार करना चाहिए असफलता तुम्हारी किसी कमी के कारण से ही होती है ।
13. किसी मनुष्य से सुनने मात्र से ही अनुष्ठान करने मत बैठ जाओ । जब तक पूरी विधि या गुरु बतलाने वाला पास न हो । उसे न करो ।
14. जिस मन्त्र या देवता का अनुष्ठान करो उसमें पूर्ण विश्वास तथा प्रेम होना चाहिए ।

मन्त्रप्रयोग के अंग

I. **भक्ति**—इष्टदेव में परम अनुराग या परम प्रेम को भक्ति कहते हैं। भक्ति तीन प्रकार की होती है—1. वैधी भक्ति—विधि एवं निषेध द्वारा निर्णीत और साधकों द्वारा अपनायी गयी भक्ति वैधी होती है।

II. **रागात्मिकाभक्ति**—जो इष्टदेव के प्रति भाव या अनुराग द्वारा उत्पन्न हो। जब मनमें भाव पैदा होगा तभी राग भी पैदा होगा। साध्य एवं साधक में प्रेममय सम्बन्ध होना ही राग है। साध्य के लिए साधक का समर्पणभाव। जो भी काम करना वह साध्य के लिए की हो।

III. **पराभक्ति**—इष्टदेव के प्रति जब राग पुष्ट हो जाता है, तब यही भक्ति पराभक्ति कहलाती है। भक्त का प्रेम जब शुद्ध-माधुर्य-मय हो जाता है, प्रगाढ़ स्नेह हो जाता है, उसे पराभक्ति या प्रेमा भक्ति कहते हैं, जहां साध्य-साधक में कोई भिन्नता नहीं रहती।

2. **शुद्धि**—मन्त्रसाधना में चार प्रकार की शुद्धियों पर बल दिया जाता है—1. **काय शुद्धि**, 2. **चित्त शुद्धि**, 3. **दिक्शुद्धि**, 4. **स्थान शुद्धि**।

1. मल के प्रक्षालन को स्नान कहते हैं, स्नान करने से शरीर निर्मल हो जाता है। स्नान सात प्रकार से होता है—

(i) **मन्त्र स्नान**—मन्त्रों द्वारा अपने शरीर का मार्जन करना।

(ii) **भौम**—उबटन आदि लगाकर शरीर का मार्जन करना।

(iii) **आग्नेय**—भस्म से स्नान करना।

(iv) **वायव्य**—गायों के खुरों से उड़ी हुई धूल में स्नान करना।

(v) **दिव्य**—धूप या वर्षा में स्नान करना।

(vi) **वारुण**—जलसे स्नान करना।

(vi) **मानस**—मन से भगवान् विष्णु का स्मरण करना।

(2) **चित्तशुद्धि**—अहिंसा, सत्य, अक्रोध, त्याग, शान्ति, तया सभी जीवों पर अनुग्रह, अद्रोह, अतिमानिता का अभाव—ये चित्तशुद्धि के लक्षण हैं।

(3) **दिक् शुद्धि**—दिशाओं की शुद्धि। इसके द्वारा साधक का मन वश में रहता है, साधना में सिद्धि मिलती है। पूर्व और उत्तर दिशाएं ही उत्तम हैं।

(4) **स्थान शुद्धि**—स्थान पवित्र होना चाहिए, देवगृह हो। कीट-पतंगादि रहित हो।

3. **आसन**—मन्त्रसिद्धि के लिए रेशम, ऊन, कुशा, बाघाम्बर, मृगचर्म के आसन सर्व श्रेष्ठ हैं।

आसन शुद्धि, पृथ्वी शुद्धि, पूजन आदि भी आवश्यक हैं।

4. **पचांग सेवन**—गीता, सहस्रनाम, स्तव, कवच एवं हृदय इन पांचों को पंचांग कहते हैं। अपने-अपने सम्प्रदाय की गीता का स्वाध्याय, मनन और चिन्तन करने से, इष्टदेव के सहस्रनाम का पाठ करने से, तथा उस देवता का स्तोत्र, कवच एवं हृदय का पाठ करने से साधक पाप रहित होकर सिद्धि प्राप्त करता है।

5. **आचार**—मन्त्र साधना में तीन प्रकार से आचार माने गये हैं—1. वामाचार 2. दक्षिणाचार और 3. दिव्याचार। वामाचार पद्धति प्रवृत्ति मूलक है, दक्षिणाचार पद्धति निवृत्ति मूलक है। प्रवृत्ति मनुष्य का सहज जीवन है, निवृत्ति महाफलदायिनी है। जो सब जीवों के लिए हितकर है वह दिव्याचार है।

6. **धारणा**—श्रद्धा एवं योग दोनों का विधिवत् अभ्यास होने से धारणा की सिद्धि हो जाती है। वाह्य वस्तुओं के साथ मनोयोग होने से वहिर्धारणा और अन्तर्जगत के सूक्ष्म द्रव्यों के साथ मनोयोग होने से अन्तर्धारणा बनती है। धारणा की सिद्धि हो जाने से मन्त्रसाधना में तत्पर साधक को ध्यानसिद्धि एवं मन्त्रसिद्धि मिल जाती है।

7. **दिव्य देश सेवन**—वह्नि, अम्बु, लिंग, स्थण्डिल, कुण्ड, पट, मण्डल, विशिखा, नित्ययन्त्र, भावयन्त्र पीठ, विग्रह, विभूति, नाभि, हृदय, और मूर्धा इन सोलह को दिव्य देश कहा गया है। साधक को अपने अधिकार के अनुसार दिव्यदिशा में पूजा और उपासना करनी चाहिए। धारणा की सहायता से दिव्य देश में इष्ट का साक्षात्कार होता है। इस लिए मन्त्र-

साधना में दिव्य देश सिद्धिदायक माना गया है।

8. **प्राण क्रिया**—मन, प्राण और वायु में अभेद सम्बन्ध माना गया है। तथा वायु एवं प्राण में कार्य कारण सम्बन्ध होता है, इस लिए प्राणायाम पूर्वक न्यासों को करना चाहिए। अंगन्यास, करन्यास को अवश्य करना चाहिए।

9. **मुद्रा**—तन्त्रशास्त्र के रहस्यवेत्ता ऋषियों ने 'मुद्रा' शब्द का निर्वचन करते हुए कहा है—कि मुद्रा शब्द का प्रथम अक्षर 'मु' देवताओं की प्रसन्नता तथा दूसरा अक्षर 'द्रा' पापक्षय का सूचक होता है। इस लिए मुद्रा के प्रभाव से देवता प्रसन्न होते हैं और साधक पाप रहित हो जाता है।

आवाहन—आदि की नौ मुद्राएं, पूजन की गन्धादि मुद्राएं, तथा षडंगन्यासादि मुद्राओं का साधारणतया सभी काम्यमन्त्रों के प्रयोगों में करना चाहिए।

प्रत्येक देवता की मुद्राएं भिन्न-भिन्न होती हैं।

10. **तर्पण**—तर्पण करने से देवता शीघ्र प्रसन्न होते हैं। सकाम-तर्पण में तत्तद् द्रव्यों से तथा निष्काम तर्पण में केवल जल से तर्पण करें।

11. **हवन**—जप के विना मन्त्र सिद्ध नहीं होता, तथा हवन के विना वह फल नहीं देता। अत: अभीष्टफल की प्राप्ति के लिए श्रद्धा पूर्वक हवन करना चाहिए। काम्य एवं निष्काम प्रयोग में हवन किया जाता है।

12, **बलि:**—देवता के लिए द्रव्य का समर्पण बलि कहलाता है। बलिदान करने से विघ्नों की शान्ति होती है; तथा साधक निरापद होकर सिद्धि को प्राप्त करता है।

13. **याग**—इष्टदेव के पूजन को याग कहते हैं। यह दो प्रकार का होता है—I. अन्तर्याग, इस में अपने देहमय पीठ पर पीठदेवता, पीठ शक्तियों एवं आवरण देवताओं के साथ मानसोपचारों से इष्ट देव का पूजन होता है, फिर आधार चक्र में सोई हुई कुण्डलिनी को जगाकर ब्रह्मरन्ध्र में विद्यमान परमशिव के पास ले जाकर वहां से टपकने वाली

अमृतधाराओं से इष्ट देव को तृप्तकर मन्त्रार्थ की भावना के साथ जप किया जाता है। सभी प्रकार के पूजनों में अन्तर्याग की महिमा सर्वोपरि है। अन्तर्याग की सिद्धि से जपसिद्धि, उससे ध्यान सिद्धि, उससे समाधि-सिद्धि और उससे देवता का साक्षात्कार होता है।

II. **बहिर्याग**—पीठ, विग्रह एवं तन्त्र आदि में विधिवत् पूजन को वहिर्याग कहते हैं। भावों के साथ विविध उपचारों के समर्पण को पूजन कहते हैं। उपचार के तीन प्रकार होते हैं। दशोपचार, षोडशोपचार, पंचोपचार। साधक को अपनी शक्ति के अनुसार दशोपचार, पंचोपचार, षोडशोपचार से अपने इष्टदेव का, पीठदेवताओं का, एवं आवरण देवताओं का भक्तिपूर्वक पूजन करना चाहिए।

14, **जप**—मन्त्र की बार-बार आवृत्ति को जप कहते हैं। यह तीन प्रकार से होता है—मानसिक, उपांशु एवं वाचिक।

1. मन्त्रार्थ की भावना के साथ तन्मय होकर मन्त्र का मन ही मन जाप करना मानसिक जप है। 2. मन्त्रार्थ एवं देवता में मन लगाकर जिह्वा एवं ओष्ठ को कुछ कम्पित करते हुए, केवल अपने ही को सुनाई पड़ने योग्य मन्त्र का उच्चारण उपांशु जप कहलाता है। 3. मन्त्रार्थ एवं देवता में मन लगाकर वाणी द्वारा सुनाई पड़ने योग्य मन्त्र का उच्चारण वाचिक जप कहलाता है।

सभी प्रयोगों में मानसिक एवं उपांशु जप ही श्रेष्ठ हैं। मैला या अपवित्र वस्त्र पहन कर या केश एवं मुख को दुर्गन्धयुक्त रखते हुए जप करने से देवता साधक का अनिष्ट कर सकता है। जप में आलस्य, निद्रा जंभाई, भूख, चिन्ता, शोक, क्रोध, भय, घृणा तथा कुविचार पूर्णरूपेण वर्जित हैं।

देवता, गुरु एवं मन्त्र में ऐक्य भाव रखते हुए, मन्त्रार्थ और देवता का ध्यान करते हुए एकाग्रमन से प्रतिदिन प्रातःकाल से मध्याह्न तक तुल्य संख्या में जप करना चाहिए। किसी दिन अधिक, किसी दिन कम जप करने से अनुष्ठानमें विघ्न पड़ता है।

15. **ध्यान**—मन्त्रसाधना में ध्यान भावप्रधान होता है। क्यों कि

कारण ब्रह्म एवं कार्य ब्रह्म दोनों ही भावमय होते हैं। जिस प्रकार मन्त्र शब्द से सम्बद्ध है, उसी प्रकार शब्द अर्थ से सम्बद्ध है। अर्थ भाव से, भाव रूप से सम्बद्ध होता है। इस लिए प्रत्येक मन्त्र का एक विशेष अर्थ भाव रूप होने के कारण ध्यान भी विशिष्ट होता है।

16. **समाधि**—जिसप्रकार लय योग की समाधि महालय एवं हठ-योग की समाधि महाबोध मानी जाती है, उसी प्रकार मन्त्रयोग की समाधि को महाभाव कहते हैं।

मन, मन्त्र एवं देवता इन तीनों की जब तक पृथक-पृथक् सत्ता रहती है, तब तक ध्यान का अधिकार रहता है, इन तीनों के भाव में मिलते ही समाधि आरम्भ हो जाती है। जिससे महाभाव उत्पन्न होता है।

मन का मन्त्र में, मन्त्र का देवता में लय कर, त्रिपुटी का नाश कर साधक समाधि प्राप्त करता है। इस अवस्था में साधक को रोमांच, स्तब्धता, तथा प्रेमाश्रु बहने लगते हैं, इस स्थिति से साधक कृत-कृत्य हो जाता है, तथा उसे मन्त्र योग का महाफल मिल जाता है। इस समाधि में साधक अपने अस्तित्व को भूल जाता है, और वह स्वयं इष्टमय हो जाता है।

मन्त्र साधन—सिद्धि के लिए किए जाने वाला प्रयत्न साधना कहलाता है। उसके उपयोगी उपकरणों को साधन कहते हैं। साधन के बिना साधना की ओर प्रवृत्त होना सम्भव नहीं है। अतः मन्त्र साधना की जानकारी के साथ-साथ मन्त्र साधन का सम्यक् ज्ञान भी परमावश्यक है।

साधना में विशेष विचार—साधना के बारे में एक और बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि जब वह कर्त्ता के अभीष्ट की प्राप्ति में सहायक हो तो उसे साधना कहते हैं। जो मन्त्र या क्रियाएं साधक का अभीष्ट सिद्ध नहीं कर सकतीं या कर्ता के लिए अभीष्ट कारक हों उन्हें साधन नहीं कहते। मन्त्र साधन में यह महत्त्वपूर्ण बात है कि कोई मन्त्र साधक का अभीष्ट सिद्ध करेगा या नहीं, किस किस कारण यह मन्त्र

अभीष्ट फलदायक हो सकता यह विचारणीय है।

मन्त्रानुष्ठान में विशेष ध्यान योग्य बातें—

1. सिद्धादिशोधन, 2. मन्त्रार्थ, 3, मन्त्रचैतन्य, 4. मन्त्रों की कुल्लुका, 5. मन्त्रसेतु, 6. महासेतु, 7. निर्वाण, 8. मुखशोधन 9. प्राणायाम 10. दीपनी, 11. मन्त्रक सतक, 12. मन्त्र के दोष तथा दोष निवृत्ति।

उक्त बारह बातों की विधिवत् जानकारी आवश्यक है, अन्यथा मन्त्र साधक का परम शत्रु बन जाता है।

1. **सिद्धादि शोधन**—किस मन्त्र के द्वारा साधक को सिद्धि मिलेगी, कौन-सा मन्त्र त्याज्य है, किस मन्त्र से साधना निष्फल होगी, मन्त्रशोधन में साध्य, सिद्ध और शत्रु विचार एवं ऋणी-धनी विचार किया जाता है। कुलाकुल चक्र, अकहड चक्र, अकथह चक्र, राशि चक्र, नक्षत्र चक्र, एवं ऋणी धनी चक्रों के आधार पर साधक के लिए सिद्धि दायक मन्त्र का चुनाव किया जाता है।

2. **मन्त्रार्थ**—मन्त्र साधारण शब्द नहीं है, वह इष्टदेव से अभिन्न होते हुए भी उसके स्वरूप का बोध कराता है। मन्त्र जिस अर्थ या लक्ष्य का संकेत करता है। साधक को उसकी जानकारी हो जाए तो साधना में सुविधा रहती है। मन्त्र प्रयोग में मन्त्रार्थ की भावना को ही जप कहा जाता है। जप के प्रभाव से ही सिद्धि होती है।

3. **मन्त्र चैतन्य**—साधारणतया शब्द दो प्रकार के होते हैं—एक तो किसी अर्थ के अवगत हो जाने पर मन—प्रेरित वायु के आघात से कण्ठ, तालु आदि विशेष स्थानों से उच्चारित होने वाला शब्द, दूसरा अन्त:करण में अर्थ को उद्भासित करने वाला चैतन्य शब्द, जिसे वैयाकरण स्फोट या शब्द ब्रह्म कहते हैं। स्फोट का अर्थ है जिससे अर्थ स्फुटित हो। अर्थ का स्फुरण, स्पन्दन या कम्पन से होता है तथा कम्पन नाद सहकारी है, अतः स्पन्दन या कम्पन शब्द रूप ही है। चैतन्य स्पन्दन जिससे समस्त सूक्ष्म अर्थ, शब्द, तन्मात्रा, आकाश, स्थूल शब्द या स्थूल सृष्टि की अभिव्यक्ति हुई, शब्द, ब्रह्म अथवा सगुण ब्रह्म ही है। मन्त्र

का भी यही मूलस्वरूप है और उसके इसी अर्थ में मन्त्र, देवता, गुरु का ऐक्य होता है, जिसे जप में आवश्यक माना गया है। यह अत्यावश्यक है कि साधक के मन में अपने मन्त्र के प्रति साधारण शब्द भाव न रहे अपितु उसमें ब्रह्मभाव जाग्रत हो जाए। भाव के आते ही मन्त्र चैतन्य रूप में स्फुरित होने लगता है और इस स्थिति में साधक का मन उसमें तल्लीन एवं तन्मय हो जाता है।

4. **मन्त्रों की कुल्लुका**—रुद्रयामल में कहा गया है कि जो व्यक्ति कुल्लुक को जाने बिना जप करता है उसकी आयु, विद्या, कीर्ति और यश नष्ट हो जाता है। अत: मन्त्र का जप करने से पहले उसकी कुल्लुका का ज्ञान कर लेना चाहिए। सरस्वती तन्त्र एवं वाराही तन्त्र में बतलाया गया है कि जप प्रारम्भ करते समय साधक को जिस देव के मन्त्र का जप करना हो उसकी कुल्लुका का सिर पर उसका न्यास कर लेना चाहिए, ऐसा करने से जप निर्विघ्न समाप्त होता है। तथा साधक को सिद्धि होती है। उदाहरण—मन्त्र का देवता—शिव, कुल्लुका का मन्त्र-ओं हों।

5. **मन्त्रसेतु**—साधक का मन्त्र के साथ सम्बन्ध जोड़ने वाला बीज सेतु कहलाता है। मन्त्र का जप करने से पहले सेतु मन्त्र का हृदय में जप करना चाहिए। प्रधानत: मन्त्रों का सेतु प्रणव होता है।

6. **महासेतु**—जप करने से पहले महासेतु मन्त्र का जप किया जाता है। इसके प्रभाव से साधक को सभी समय एवं सभी अवस्थाओं में जप करने का अधिकार मिलता है।

उदाहरणार्थ—महाकाली का महासेतु क्रीं, तारा का हुम्, त्रिपुर सुन्दरी का ह्रीं। इसका जप कण्ठस्थित विशुद्ध चक्र में किया जाता है।

7. **निर्वाण**—सर्वप्रथम प्रणव, फिर अकार से क्षकार तक समस्त स्वर वर्ण और फिर मूलमन्त्र के बाद पुन: स्वरवर्ण तथा अन्त में प्रणव एवं मातृका से सम्पुटित मूल मन्त्र का जप करना निर्वाण कहलाता है। इससे मन्त्र के आत्मस्वरूप का बोध होता है।

8. **मुखशोधन**—मन्त्र शास्त्र में जप करने से पहले मुखशोधन करना आवश्यक है। भोजन, कलह, असत्य आदि वचनों का मल जिह्वा

पर रहता है, इसका शोधन भी मन्त्र से होता है। मन्त्र का जो बीज है—उसका दस वार हृदय में जप करने से मन्त्र जप का अधिकार मिल जाता है।

9. **प्राणयोग**—जिस प्रकार प्राण युक्त शरीर ही कुछ कर सकता है, उसी प्रकार प्राणयुक्त मन्त्र भी सिद्ध होकर अभीष्ट फल देता है। बाराही तन्त्र में एवं योगिनी हृदय तन्त्र में प्राण की विधि बतलायी गयी है। माया बीज से पुटित मूल मन्त्र का सात बार जप करना प्राणयोग कहलाता है।

10. **दीपनी**—जिस प्रकार दीपक से वातावरण का अन्धकार दूर हो जाता है, उसी प्रकार दीपनी क्रिया से मन्त्र प्रदीप्त हो जाता है। तथा साधक को उसकी समस्त शक्तियों की प्रतीति होने लगती है। मन्त्र शक्तियों का आगार माना जाता है तथा एक ही मन्त्र से अनेक प्रकार की सिद्धियां एवं फल प्राप्त हो जाते हैं।

11. **मन्त्र के सूतक**—मन्त्र में दो प्रकार के सूतक होते हैं—

1, जात सूतक एवं 2. मृत सूतक। इन दोनों अशौचों का मन्त्र किये बिना मन्त्रसिद्ध नहीं होता। अतः मन्त्रजप से पूर्व प्रणव से सम्पुटित मूलमन्त्र का जप के प्रारम्भ में तथा जप के अन्त में 108 बार या सात बार जप कर लेना चाहिए।

12. **मन्त्र के दोष**—हरि तत्त्व दीधिति में मन्त्र के आठ दोष बताए गये हैं—1. अभक्ति, 2. अक्षरभ्रान्ति, 3. लुप्त, 4. छिन्न, 5. ह्रस्व, 7. कथन एवं 8. स्वप्न कथन।

1. मन्त्र को अक्षरों का समूह समझना या दूसरे मन्त्र को अपने मन्त्र से श्रेष्ठ समझना अभक्ति दोष है।

2 गुरु या शिष्य के प्रमादवश मन्त्र के अक्षरों में उलटफेर हो जाना अक्षर भ्रान्ति है।

3. मन्त्र में किसी वर्ण की न्यूनता को लुप्तदोष कहते हैं।

4. मन्त्र में संयुक्त वर्णों में से किसी अंश का छूट जाना छिन्न-दोष है।

5. दीर्घ वर्ण के स्थान पर ह्रस्व वर्ण का उच्चारण ह्रस्व दोष है।

6. ह्रस्व वर्ण के स्थान पर दीर्घ वर्ण का उच्चारण दीर्घ दोष है।

7. जाग्रत अवस्था में अपना मन्त्र किसी को बतला देना कथन-दोष है।

8. स्वप्न में अपना मन्त्र बतला देना स्वप्न कथनदोष है।

दोष निवृत्ति के उपाय—मन्त्र सर्व शक्तिमान देवता का स्वरूप है, ऐसा अनुभव कर एक-एक मन्त्र के उच्चारण में परमानन्द का अनभव करते हुए मन्त्र का जप करने से मन्त्राधिष्ठातृदेव प्रसन्न हो जाते हैं, जिससे भक्ति का उदय होता है, भक्ति उदित होने से शीघ्र सिद्धि मिल जाती है।

अभक्ति दोष को दूर करने का उपाय—अक्षर भ्रान्ति-लुप्त-छिन्न, ह्रस्व, दीर्घ आदि दोषों की निवृत्ति के लिए मन्त्र को बार-बार पढ़ना चाहिए।

दीक्षा—यह सत्य है कि साधक, मन्त्र एवं देवता इन तीनों में मूलत: एक ही तत्त्व विद्यमान है, फिर भी किस साधक के हृदय में किस देवता एवं किस मन्त्र के आश्रय से वह स्फुरित करना है—यह दीक्षा का मुख्य कारण है।

गुरु की कृपा एवं शिष्य की श्रद्धा इन दो पवित्र भावनाओं का सङ्गम दीक्षा है। गुरु का आत्मदान एवं शिष्य का आत्मसमर्पण, एक की कृपा एवं दूसरे की श्रद्धा के अतिरेक से ही हो सकता है। दीक्षा एक दृष्टि से गुरु की ओर से आत्मदान, ज्ञानसंचार या शक्तिपात है, तो दूसरी दृष्टि से शिष्य की प्रसुप्त शक्तियों का उद्बोधन है। अत: सभी प्रकार के साधकों के लिए दीक्षा लेना अनिवार्य है। दीक्षा से शरीर की समस्त अशुद्धियों, मन की समस्त भ्रान्तियों और सिद्धि का मार्ग खुल जाता है।

सप्त अधिकार—जब गुरुदेव कृपापूर्वक अपने शिष्य को मन्त्रोपदेश करते हैं तो उसे दीक्षा कहते हैं। इसके बाद शिष्य को समझ कर जब गुरुदेव शिष्य को योग क्रिया सिखाना शुरू करते हैं। तो उसे **महादीक्षा**

कहते हैं। गुरु के बतलाए हुए लक्ष्य को ध्यान में रखकर साधक जिस साधना विधि से मन्त्रसिद्धि प्राप्त करता है, उसे **पुरश्चरण** कहते हैं, तथा विशेप प्रक्रिया, विशेष काल तथा पुरश्चरण के द्वारा किया जाने वाला पुरश्चरण ही **महापुरश्चरण** कहलाता है। पुरश्वरण के द्वारा सिद्धि मिल जाने पर जब साधक को साधना में उच्च अधिकार मिलता है तब गुरु शिष्य को साधना के रहस्यों को बतलाते हैं, जिससे साधक आनन्द के राज्य में प्रविष्ट होता है, इस क्रिया को **अभिषेक** कहते हैं। तत्पश्चात् अत्युन्नत संस्कार सम्पन्न शिष्य को जब गुरु अपने में मिला लेता है तो उसे महाभिपेक कहते हैं। आध्यात्मिक उन्नति के द्वारा साधक उच्चावस्था में जाकर नाम एवं रूप की एकता जानने पर अनेक सामर्थ्य प्राप्त कर लेता है। इस सर्वोत्तम अधिकार को **तद्भाव** कहते हैं। इसी भाव के द्वारा साधक इष्टदेव के साथ अपनी दृढ़ एकता स्थापित कर महाभाव प्राप्त कर लेता है, जो मन्त्र साधना का चरम लक्ष्य है।

पुरश्चरण एवं अनुष्ठान—मन्त्र प्राप्त करने के पश्चात् साधक के सिद्धि प्राप्त करने के लिए साधना मार्ग पर निरन्तर बढ़ने को पुरश्चरण कहते हैं। पुरश्चरण के द्वारा ही साधक को सिद्धि मिलती है।

दीपनी क्रिया केवल इतनी ही है कि मन्त्र का जप प्रारम्भ करने से पहले मन्त्र को प्रणव से सम्पुटित कर उसका सात बार जप करना।

पुरश्चरण द्वारा मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर उस मन्त्र के द्वारा विविध कामनाओं की पूर्ति हेतु किये जाने वाले प्रयोगों को अनुष्ठान कहते हैं। कामना पूर्ति के लिए अनुष्ठान भी उतना ही अनिवार्य है जितना सिद्धि के पुरश्चरण।

पुरश्चरण का स्थान—योगिनी हृदय में लिखा है कि सिद्ध-पीठ, पुण्य क्षेत्र, नदी, तट, गुफा, पर्वत शिखर, तीर्थ, सङ्म, पवित्र-वन, एकान्त उद्यान, विल्व वृक्ष, पर्वत की तराई, सरोवर, तुलसी कानन, गोशाला, देवालय, पीपल या आंवले के वृक्ष के नीचे या अपने घर में अनुष्ठान करना चाहिए।

पुरश्चरण स्थान वही श्रेष्ठ है जहां बैठ कर चित्त की ग्लानि मिटे,

तथा मन की एकाग्रता एवं प्रसन्नता बढ़े।

पवित्र भोजन—पुरश्चरण और अनुष्ठान के समय साधक को पवित्र भोजन करना चाहिए, क्योंकि भोजन के रस से ही शरीर-प्राण एवं मन का निर्माण होता है। अशुद्ध भोजन से शरीर में रोग, प्राणों को क्षोभ तथा मन में विकार उत्पन्न होते हैं। विकृत मन से मन्त्र साधना नहीं की जा सकती।

भोजन के दोष—मुख्यत: भोजन के तीन दोष माने गये हैं—

1. आश्रय दोष, 2. निमित्त दोष, 3. जाति दोष।

1. **जाति दोष**—स्वभाव से ही भोज्य पदार्थ में रहने वाला दोष जाति दोष कहलाता है। प्याज, लहसुन, मांस, मछली, अण्डा आदि ये जाति दोष हैं।

2. **आश्रय दोष**—पवित्र वस्तुएं भी जब निकृष्ट व्यक्ति या स्थान का आश्रय ले लेती हैं, तो आश्रय दोष होता है।

3. **निमित्त दोष**—पवित्र स्थान पर रखी हुई पवित्र वस्तुएं भी कभी कभी निमित्त दोष से दूषित हो जाती हैं। जैसे देव मन्दिर में पड़े हुए भक्ष्य पदार्थ को कुत्ता, बिल्ली आदि स्पर्श कर जाए।

पुरश्चरण के अन्य नियम—पुरश्चरण में मन में कुटिलता, उद्विग्न नहीं होना चाहिए। ब्रह्मचर्य व्रत का दृढ़ता से पालन करना चाहिए। बिना संकल्प के कर्म नहीं करना चाहिए। अपने मन में क्रोध, अहंकार, लोभ, मोह, हिंसा के बारे में कभी भी विचार नहीं करना चाहिए।

जितनी संख्या में जप करना हो—वह नियमित हो, समय की पाबन्दी हो। आसन की शुद्धि हो। भूमि शयन करे, गुरु सेवा, त्रिकाल स्नान, पापकर्म का त्याग, मौन भाव रखे।

मन्त्रसिद्धि के उपाय—यदि विधिवत् मन्त्र का पुरश्चरण करने पर भी सिद्धि न मिले तो पुन: पुरश्चरण करना चाहिए। प्राय: जन्मान्तर से अर्जित पाप सिद्धि में बाधक हो जाते हैं।

मन्त्र सिद्धि के लक्षण—प्रारम्भ में साधक को मन, मन्त्र और देवता की, अथवा ध्याता, ध्यान एवं ध्येय की पृथक्-पृथक् प्रतीति होती है।

परन्तु पुरश्चरण के द्वारा इस त्रिपुटी का नाश हो जाने पर इन तीनों में केवल इस देव का रूप ही दिखाई देता है। इस स्थिति में साधक, साधन एवं साध्य में कोई भेद ही नहीं रह जाता। इस स्थिति के प्राप्त होने पर साधक रोमाञ्चित एवं स्तब्ध हो जाता है तथा उसके नेत्रों से प्रेमाश्रु बहने लग जाते हैं। मन और मन्त्र के देव में विलीन हो जाने से साधक समाधिस्थ हो जाता है और ऐसे साधक को महाभाव की उपलब्धि होती है। जो मन्त्र साधना का चरम फल है।

मन्त्र प्रयोग विधि:

1. गायत्रीमन्त्र पुरश्चरणम्

विनियोग:—ओं तत्सवितुरिति गायत्र्या विश्वा मित्र ऋषि: सविता देवता गायत्री छन्द: जपे विनियोग: ।

अंगन्यास:—ओं विश्वामित्राय ऋषये नम: शिरसि ।
ओं गायत्री छन्दसे नम: मुखे ।
ओं सवितृ देवतायै नम: हृदि ।

करन्यास:—ओं तत्सवितुरिति अंगुष्ठाभ्यां नम: ।
ओं वरेण्यं तर्जनीभ्यां नम: ।
ओं भर्गोदेवस्य मध्यमाभ्यां नम: ।
ओं धीमहि अनामिकाभ्यां नम: ।
ओं धियो योन: कनिष्ठिकाभ्यां नम: ।
ओं प्रचोदयात् करतलकर पृष्ठाभ्यां नम: ।

षडङ्गन्यास:—ओं तत्सवितु: हृदयाय नम: ।
ओं वरेण्यं शिरसे स्वाहा ।
ओं भर्गोदेवस्य शिखायै वषट् ।
ओं धीमहि कवचाय हुम् ।
ओं धियो यो न: नेत्रत्रयाय वौषट् ।
ओं प्रचोदयात् अस्त्राय फट् ।

ध्यानम्:—मुक्ता विद्रुम हेम नील धवलच्छायै: मुखैस्त्र्यक्षणै:,
युक्तामिन्दुनिवद्धरत्न मुकुटां तत्त्वार्थ वर्णात्मिकाम् ।
गायत्रीं वरदांभयांकुश कशां शूलं कपालं गुणम् ।
शंखं चक्रमथारविन्दयुगलं हस्तैर्वहन्तीं भजे ॥

ध्यान करने के पश्चात् माला का पूजन करे—

पीपल के पत्ते पर माला को स्थापित करके—

ओं ह्रीं अं आं इं ईं उं ऊं ऋं ॠं एं ऐं ओं औं अं अ: कं खं गं घं ङं चं छं जं झं ञं टं ठं डं ढं णं तं थं दं धं नं पं फं वं भं मं यं रं लं वं

शं षं सं हं लं क्षं—इन पचास मातृका अक्षरों का स्थापन कर—ओं सद्यो जातं प्रपद्यामि सद्यो जाताय वै नमो नमः। भवे भवेनाति भवे भवस्व मां भवोद्भवाय नमः ॥

इस मन्त्र से पंचगव्यद्वारा माला का प्रक्षालन कर पुनः शुद्ध जल से प्रक्षालन करे।

ओं तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्।

इस मन्त्र से चन्दन-कस्तूरी आदि से माला का लेपन करे।

ओं वामदेवाय नमो ज्येष्ठाय नमः श्रेष्ठाय नमो रुद्राय नमः कालाय नमः कलविकरणाय नमो वलविकरणाय नमः।

इस से पुष्प चढाए

ओं ईशानः सर्वविद्यानामीश्वरः सर्वभूतानां ब्रह्माधिपतिः ब्रह्म शिवो मे अस्तु सदाशिवोम्।

इससे प्रत्येक मनके का पूजन करे—

ओं अघोरेभ्योऽथ घोरेभ्यो घोरघोरतरेभ्यः। सर्वेभ्यः सर्व शर्वेभ्यः नमस्ते अस्तु रुद्र रूपेभ्यः।

इस मन्त्र से माला के मेरु का पूजन करे।

ओं महामाये महामाले सर्वशक्ति स्वरूपिणि।
चतुर्वर्गस्त्वयि न्यस्तः तस्मान्मे सिद्धिदा भव ॥

इस मन्त्र से प्रार्थना करे—

ओं अविघ्नं कुरु माले त्वं गृह्णामि दक्षिणे करे।
जपकाले च सिद्ध्यर्थं प्रसीद मम सिद्धये ॥

मन्त्रः—ओं भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यम्। भर्गो देवस्य धीमहि। धियो योनः प्रचोदयात्।

इस मन्त्र को पढ़ कर माला को ग्रहण करे।

इस प्रकार सविता का ध्यान करता हुआ हृदय के समीप माला को रख कर मध्याह्न तक जप करना चाहिए। जप की समाप्ति पर—

ओं त्वं माले सर्व देवानां प्रीतिदा शुभदा भव।

शिवं कुरुष्व मे भद्रे यशो वीर्यं च सर्वदा ।।

इस से माला को शिर पर रखकर मस्तक नवाए । प्राणायाम करके न्यासत्रय कर जप को ईश्वरार्पण कर देना चाहिए ।

प्रतिदिन समान संख्या में जप करना चाहिए । न अधिक करे न कम करे । अभीष्ट जप की पूर्ति पर दशांश हवन करना चाहिए ।

हवन के दिन गणेश-ओंकार-मातृका-नवग्रह आदि का पूजन कर-कुशकण्डिका कर हवन की विधि को करे ।

आक (अर्क) की समिधा में आहुति डालनी चाहिए । यदि इतनी आक की लकड़ी न मिल सके तो पलाश की समिधा में ही हवन करना ।

तिल-जौ-चावल-शक्कर-पांचमेवा-घृत-वालछड़ पीली सरसों से आहुति दे । यदि 24000 जप होता है—तो दशांश 2400 आहुति डालनी होगी । होम का दशांश 240 तर्पण करना चाहिए । तर्पण का दशांश 24 का मार्जन करना चाहिए । मार्जन का दशांश ब्राह्मण भोजन होना चाहिएं । ऐसी ही शास्त्र विहित विधि है ।

कार्य की समाप्ति पर समस्त कार्य ईश्वरार्पण करना चाहिए ।

यदि सकाम काम करना है—तब जप से पूर्व संकल्प करना चाहिए । यदि ,स्वयं न कर सकता हो तो योग्य ब्राह्मणों द्वारा करवाएं—उन को आवरणी दें उनका पूजन करे—

संकल्प—देशकालौसंकीर्त्य ओं अमुक गोत्रोऽमुक शर्माहं अमुक शर्मणः यजमानस्य सकलपापक्षय द्वारा श्री परमेश्वर प्रीत्यर्थं गायत्रीपुरश्चरणान्तर्गत-अमुक संख्या परिमितं गायत्री जपं करिष्ये ।' इति प्रात्याहिकं जपं संकल्पयेत ।

विष्णु शयन मासेषु पुरश्चरणं न कार्यम् । तीर्थादौ शीघ्रं सिद्धिः । विल्ववृक्षाश्रयेण जपे एकाहात् सिद्धिः ।

इति गायत्री पुरश्चरण प्रयोगः

अथ गायत्री शापविमोचनम्

विनियोग:—अस्य श्री ब्रह्मशाप विमोचन मन्त्रस्य ब्रह्मा ऋषि: भुक्ति-मुक्ति-प्रदा ब्रह्मशाप विमोचनी गायत्री शक्ति देवता गायत्री छन्द: ब्रह्मशाप-विमोचने विनियोग: ।

ओं गायत्रीं ब्रह्मेत्युपासीत यद्रूपं ब्रह्मविदो विदु: । तां पश्यन्ति धीरा: सुमनसा वाचामग्रत: ।

ओं वेदान्त नाथाय विद्महे हिरण्यगर्भाय धीमहि । तन्नो ब्रह्म प्रचोदयात् । ओं देवी गायत्री त्वं ब्रह्म शापाद्विमुक्ता भव ।।1।।

विनियोग:—अस्य श्री वसिष्ठ शापविमोचन मन्त्रस्य निग्रहानुग्रह कर्ता वसिष्ठ ऋषि: वसिष्ठानुगृहीता गायत्री शक्ति देवता विश्वोद्भवा गायत्री छन्द: वसिष्ठ शाप विमोचनार्थे जपे विनियोग: ।।

ओं सोऽहमर्कमयं ज्योतिरहं शिव: आत्मज्योतिरहं शुक्र: सर्वं ज्योतिरसोऽस्म्यहम् । इत्युक्त्वा योनिमुद्रां प्रदर्श्य गायत्री त्रयं पठित्वा । ओं देवी गायत्री त्वं वसिष्ठ शापाद्विमुक्ता भव ।।2।।

विनियोग:—ओं अस्य श्री विश्वामित्र शाप विमोचन मन्त्रस्य न्यूतन सृष्टिकर्ता विश्वामित्र ऋषि:, विश्वामित्रानुगृहीता गायत्री शक्तिर्देवता वाग्देहा गायत्री छन्द: विश्वामित्र शापविमोचनार्थे जपे विनियोग: ।

ओं गायत्रीं भजाम्यग्निमुखीं विश्वगर्भां यदुद्भवाम् । देवाश्चक्रिरे विश्वसृष्टिं तां कल्याणीमिष्टकरीं प्रपद्ये यन्मुखान्निस्सृतोऽखिलवेदगर्भ: । शापयुक्ता तु गायत्री सफला न कदाचन । शापादुत्तारिता सा तु भुक्ति-मुक्तिफलप्रदा ।

प्रार्थना—अजरे अमरे चैव ब्रह्मयोनिर्नमोऽस्तुते । ब्रह्मशापाद्विमुक्ता भव । वसिष्ठ शापाद्विमुक्ता भव । विश्वामित्र शापाद्विमुक्ता भव ।

गायत्री कवचम्

विनियोग:—अस्य श्री गायत्री कवचस्य ब्रह्माविष्णु रुद्रा: ऋषय: ऋग्यजु: सामाथर्वाणि छन्दांसि पर-ब्रह्म स्वरूपिणी गायत्री देवता भू: वीजं, भुव: शक्ति: स्व: कीलकं गायत्री प्रीत्यर्थे जपे विनियोग: ।

वर्णास्त्रां कुडिकाहस्तां शुद्ध निर्मल ज्योतिपीम् । सर्व देवी मयीं वन्दे गायत्रीं वर्णास्त्रां वेद मातरम् ।

ध्यानम्—मुक्ताविद्रुम हेमनील धवलच्छायै र्मुखैस्त्र्यक्षणैः । युक्तामिन्दु निबद्धरत्न मुकुटां तत्त्वार्थ वर्णात्मिकाम् । गायत्रीं वरदाभयांकुशकशां शूलं कपालं गुणं शंखं चक्रमथारविन्दयुगलं हस्तैर्वहन्तीं भजे ॥

गायत्री पूर्वतः पातु सावित्री पातु दक्षिणे ।
ब्रह्मविद्या च मे पश्चादुत्तरे मां सरस्वती ॥1॥
पावकी मे दिशं रक्षेत्पावकोज्ज्वल शालिनी ।
यातुधानीं दिशं रक्षेद्यातुधान गणार्दिनीम् ॥2॥
पावमानीं दिशं रक्षेत् पवमान विलासिनी ।
दिशं रौद्रीमवतु मे रुद्राणी रुद्ररूपिणी ॥3॥
ऊर्ध्वंब्रह्माणी रक्षेदधस्ताद् वैष्णवी तथा ।
एवं दशदिशो रक्षेत् सर्वतोभुवनेश्वरी ॥4॥
ब्रह्मास्त्रस्मरणादेव वाचां सिद्धिः प्रजायते ॥
ब्रह्मदण्डश्च मे पातु सर्वशस्त्रास्त्रभक्षकः ॥5॥
ब्रह्म शीर्षस्तथापातु शत्रूणां वधकारकः ।
सप्तव्याहृतयः पान्तु सस्वरा विन्दुसंयुताः ॥6॥
वेदमाता च मां पातु सरहस्याः सदेवता ।
देवीसूक्तं सदा पातु सहस्राक्षर देवता ॥7॥
चतुष्षष्टिकलाविद्या दिव्याद्याः पातु देवता ।
वीजशक्तिश्च मे पातु पातु बिक्रम देवता ॥8॥
तत्पदं पातु मे पादौ जङ्घे मे सवितुः पदम् ।

वरेण्यं कटि देशं तु नाभिं भर्गस्तथैव च ।।9।।
देवस्य मे तु हृदयं धीमहीति गलं तथा ।
धियो मे पातु जिह्वायां यः पदं पातु लोचने ।।10।।
ललाटे न पदं पातु मूर्धानं मे प्रचोदयात् ।
तद्वर्णः पातु मूर्धानं सकारः पातु भालकम् ।।11।।
चक्षुषी मे विकारस्तु श्रोत्रं रक्षेत्तु कारकः ।
णिकारस्त्वधरोष्ठे च यकारस्तूत्तरोष्ठके ।।
आस्यमध्ये मकारस्तु गोकारस्तु कपोलयोः ।।13।।
देकारस्तु कण्ठ देशे च वकारः स्कन्धदेशयोः ।
स्यकारो दक्षिणं हस्तं धीकारो वामहस्तके ।।14।।
मकारो हृदयं रक्षेद् हितकारो जठरं तथा ।
धिकारो नाभि देशं तु योकारस्तु कटि द्वयम् ।।15।।
गुह्यं रक्षतु योकारः उरू मे नः पदाक्षरम् ।
प्रकारो जानुनी रक्षेच्चोकारो जङ्देशयोः ।।16।।
दकारो गुल्फ देशं तु यात्कारः पाद युग्मकम् ।
जातवेदेति गायत्री त्र्यम्बकेति शताक्षरा ।।17।।
सर्वतः सर्वदापातु आपो ज्योतिरिति षोडशी ।
इदं तु कवचं दिव्यं बाधाशत विनाशनम् । ।।18।।
चतुष्षष्टिकला विद्या सकलैश्वर्यं सिद्धिदम् ।
जपारम्भे च हृदयं जपान्ते कवचं पठेत् ।।19।।
स्त्री गोब्राह्मणमित्रादि द्रोहाद्यखिलपातकैः ।
मुच्यते सर्व पापेभ्यः परं ब्रह्माधिगच्छति ।।20।।

भूर्जपत्रे लिखित्वैतत्स्वकण्ठे धारयेद्यदि ॥
शिखायां दक्षिणे वाहौ नानाविद्यानिधिर्भवेत् ॥
इति विश्वामित्र कल्पोक्तं गायत्रीकवचम् ।

नोट—गायत्री जप के समय की जाने वाली मुद्राओं आदि के लिए हमारी प्रकाशित वेदोक्त-नित्य कर्म पद्धति एवं देव पूजा पद्धति देखें।

————

2. शुक्रोपासितमृतसञ्जीवनीमन्त्रः (तन्त्रसारे)

उों तत्सवितुर्वरेण्यं त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टि-वर्द्धनं भर्गो देवस्य धीमहि उर्वारुकमिव बन्धनात् धियो योनः प्रचोदयात् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ॥उों॥

इस मन्त्र के जाप से शारीरिक कष्ट की निवृत्ति होती है।

शतक्षरा गायत्री मन्त्रः

उों तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो योनः प्रचोदयात् । उों जातवेदसे सुनवामसोममारातीयतो निदहातिवेदः । स न पर्षदति दुर्गाणि विश्वानावेवसिन्धुः दुरितात्यग्निः ।उों त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम् । उर्वारुकमिव वन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ॥

द्वितीय प्रकार—उों तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो योनः प्रचोदयात् । उों त्र्यम्बकं यजामहे

सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम् । उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीयमामृतात् । ओं जातवेदसे सुनवाम सोममारातीयतो निदहाति वेदः । सनः पर्षदति दुर्गाणि विश्वानावेव सिन्धु दुरितात्यग्निः ॥

आत्मा की शुद्धि के लिए, शरीरकष्ट के लिए, ग्रह दोष की निवृत्ति के लिए अपूर्व फलदायी मन्त्र है ।

3. महामृत्युञ्जय जप विधिः

आचम्य प्राणानायम्य देशकालौ संकीर्त्य—ओं मम आत्मनः श्रुति-स्मृति पुराणोक्तफल प्राप्त्यर्थं (अमुक यजमानस्य वा) शरीरेऽमुकपीडा निरसन द्वारा सद्यः आरोग्य प्राप्त्यर्थं श्रीमहामृत्युञ्जय देवता प्रीतये अमुकसंख्या परिमितं श्री महामृत्युञ्जय मन्त्र जपमहं करिष्ये । इति संकल्प्य शिव पूजां कृत्वा जपं कुर्यात् ।

ऋष्यादिन्यासः—ओं अस्य श्रीमहामृत्युञ्जय मन्त्रस्य वसिष्ठ ऋषिः श्रीमहामृत्युञ्जय रुद्रो देवता अनुष्टुप् छन्दः हौं बीजं जूं शक्तिः सः कीलकं मृत्युञ्जय प्रीत्यर्थं जपे विनियोगः ।।

ओं वसिष्ठ ऋषये नमः शिरसि ।
ओं अनुष्टुप् छन्दसे नमः मुखे ।
ओं श्री महामृत्युञ्जयदेवतायै नमः हृदये ।
ओं हौं बीजाय नमः गुह्ये ।
ओं जूं शक्तये नमः पादयोः ।
ओं सः कीलकाय नमः सर्वाङ्गेषु ।।
कराङ्गन्यासः—ओं त्र्यम्बकं अंगुष्ठाभ्यां नमः ।
ओं यजामहे तर्जनीभ्यां नमः ।
ओं सुगन्धिम्पुष्टिवर्धनं मध्यमाभ्यां नमः ।
ओं उर्वारुकमिवबन्धनात् अनामिकाभ्यां नमः ।
ओं मृत्योर्मुक्षीय कनिष्ठिकाभ्यां नमः ।
ओं मामृतात् करतल कर पृष्ठाभ्यां नमः ।
एवं हृदयादिन्यासः—ओं त्र्यम्बकं हृदयाय नमः ।
ओं यजामहे शिरसे स्वाहा ।
ओं सुगन्धिम्पुष्टिवर्धनं शिखायै वौषट् ।
ओं उर्वारुकमिवबन्धनात् कवचाय हुम् ।
ओं मृत्योर्मुक्षीय नेत्रत्रयाय वषट् ।
ओं मामृतात् अस्त्राय फट् ।

ध्यानम्

चन्द्रोद्भासितमूर्धजं सुरपतिं पीयूष पात्रं महद्, हस्ताब्जेन दधत्सु दिव्यममलं हास्यास्य पङ्केरुहम् । सूर्येन्द्वग्निविलोचनं करतलः पाशाक्षसूत्रां-कुशां, भोजं बिभ्रतमक्षयं पशुपतिं मृत्युञ्जयं तं स्मरे ।।1।।

हस्ताभ्यां कलशद्वयामृतरसैराप्लावयन्तं शिरो, द्वाभ्यां तौ दधतं मृगाक्षवलये, द्वाभ्यां वहन्तं परम् । अङ्क न्यस्त करद्वयममृतघटं कैलास कान्तंशिवं स्वच्छांभोज गतं नवेन्दुमुकटं देवं त्रिनेत्रं भजे ।।2।।

ओं लं पृथिव्यात्मकं गन्धं समर्पयामि। ओं हं आकाशात्मकं पुष्पं समर्पयामि। ओं यं वाय्वात्मकं धूपं समर्पयामि। ओं रं तेजो रूपं दीपं समर्पयामि। ओं वं अमृतात्मकं नैवेद्यं समर्पयामि। ओं सं सर्वात्मकं मन्त्र-पुष्पं समर्पयामि।

मन्त्रः—ओं हौं जूं सः ओं भूर्भुवः स्वः त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धना-न्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् स्वः भुवः भूः ओं सः जूं हौं ओं ।। इति पञ्चाशद् वर्णात्मको मन्त्रः मन्त्रमहोदधौ ।।

जपान्ते उत्तरन्यासं कृत्वा—

गुह्याति गुह्यगोप्ता त्वं गृहाणास्मत्कृतं जपम्।
सिद्धिर्भवतु मे देव त्वत्प्रसादान्महेश्वर ।।
मृत्युञ्जय महादेव त्राहि मां शरणागतम्।
जन्म मृत्यु जरारोगैः पीडितं कर्मबन्धनैः ।।

इति प्रार्थ्य—अनेन महामृत्युञ्जय जपाख्येन कर्मणा श्रीमहा-मृत्युञ्जय प्रीयताम् ।।

त्र्यक्षर मन्त्रः—ओं हौं जूं सः ।।

शिवमन्त्र—ओं हौं ओं जूं सः ओं नमः शिवाय ओं प्रपन्न पारि-जाताय स्वाहा ।।

(शरीर रक्षा के लिए यह मन्त्र बहुत प्रभावशाली है।)

महामृत्युंजय-जपविधिः

(मन्त्रमहोदधौ)

विनियोगः—ओं अस्य श्रीमहामृत्युञ्जय मन्त्रस्य वामदेव कहोलव-सिष्ठा ऋषयः पंक्तिगायत्री अनुष्टुप् छन्दांसि सदाशिव महामृत्युंजयरुद्रो-देवता ह्रीं शक्तिः श्रीं वीजं ममाभीष्ट सिद्धयर्थे जपे विनियोगः ।

ऋष्यादि-न्यासः—वामदेव कहोल वसिष्ठाः ऋषयः मूर्ध्नि ।

पंक्तिगायत्र्यनुष्टुप् छन्दांसि वक्त्रे ।
सदाशिवमहामृत्युंजयरुद्रदेवतायै नमः हृदि ।
ह्रीं शक्त्यै नमः लिंगे ।
श्रीं वीजाय नमः पादयोः ॥

ओं ह्रौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः त्र्यम्बकं ओं नमोभगवते रुद्राय शूलपाणये स्वाहा हृदि ।

ओं यजामहे अमृतमूर्तये मां जीवय-शिरसि ।
ओं सुगन्धिम्पुष्टिवर्धनं ओं चन्द्र शिरसे जटिने स्वाहा शिखायै ।
ओं उर्वारुकमिव वन्धनात् ओं त्रिपुरान्तकाय ह्रां ह्रीं कवचाय ।

ओं ह्रौं मृत्योर्मुक्षीय ओं नमो त्रिलोचनाय ऋग्यजुः साम मन्त्राय नेत्र त्रयाय ।

ओं ह्रौं मामृतात् ओं नमो भगवते अग्नित्रयाय ज्वल मां रक्षरक्ष ओं अघोरास्त्राय अस्त्राय ।

अथ-शिवस्य न्यासः—

ओं ह्रौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः त्र्यं नमः पूर्वमुखे ॥1॥
ओं ह्रौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः वं नमः पश्चिम मुखे ॥2॥
ओं ह्रौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः कं नमः दक्षिण मुखे ॥3॥
ओं ह्रौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः यं नमः उत्तर मुखे ॥4॥
ओं ह्रौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः जां नमः उरसि ॥5॥
ओं ह्रौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः मं नमः कण्ठे ॥6॥
ओं ह्रौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः हें नमः मुखे ॥7॥
ओं ह्रौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः सु नमः नाभौ ॥8॥
ओं ह्रौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः गं नमः हृदि ॥9॥
ओं ह्रौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्व धिं नमः पृष्ठे ॥10॥
ओं ह्रौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः पुं नमः कुक्षौ ॥11॥
ओं ह्रौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः ष्टिं नमः लिंगें ॥12॥
ओं ह्रौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः वं नमः गुदे ॥3॥
ओं ह्रौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः र्धं नमः दक्षिणोरुमूले ॥14॥
ओं ह्रौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः नं नमः वामोरुमूले ॥15॥

ओं हौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः उं नमः दक्षिणोरुमध्ये ॥16॥
ओं हौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः वां नमः वामोरुमध्ये ॥17॥
ओं हौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः रुं नमः दक्षिणजानुनि ॥18॥
ओं हौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः कं नमः वामजानुनि ॥19॥
ओं हौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः मिं नमः दक्षिणजानुवृत्ते ॥20॥
ओं हौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः वं नमः वामजानुवृत्ते ॥21॥
ओं हौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः वं नमः दक्षिणस्तने ॥22॥
ओं हौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः धं नमः वामस्तने ॥23॥
ओं हौं ओं जूं सः भूर्भुव; स्वः नां नमः दक्षिणपार्श्वे ॥24॥
ओं हौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः मृं नमः वामपार्श्वे ॥25॥
ओं हौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः त्यों नमः दक्षिणपादे ॥26॥
ओं हौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः मुं नमः वामपादे ॥27॥
ओं हौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः क्षीं नमः दक्षिणकरे ॥28॥
ओं हौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः यं नमः वामकरे ॥29॥
ओं हौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः मां नमः दक्षिणनासायाम् ॥30॥
ओं हौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः मृं नमः वामनासायाम् ॥31॥
ओं हौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः तां नमः मूर्घ्नि ॥32॥

ध्यानम्—हस्ताम्भोज युगस्थ कुंभयुगलादुधृत्यतोयं शिरः सिंचन्तं करयोर्युगेन दधते स्वांके सकुंभौ करौ । अक्षस्रक् सृगहस्तमंबुजगतं मूर्धस्थ चन्द्रंस्रवत् पीयूषोन्नत तनुं भजे सगिरिजं मृत्युंजयं अम्बकम् ॥

मन्त्र—ओं हौं ओं जूं सः भूर्भुवः स्वः त्र्यम्वकं यजामहे सुगन्धिम्पुष्टिवर्धनम् ॥ उर्वारुकमिव वन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् भूर्भुवः स्वरोंजूं सः हौं ओं ॥इति पंचाशदर्णः॥

4. वैरीविनाशन दुर्गामंत्र

ओं "सर्वावाधा" इत्यस्य मन्त्रस्य भगवान् वेद व्यास ऋषिः अनुष्टुप् छन्दः शुम्भासुरविध्वंसिनी दुर्गा देवता रिपुनाशार्थे जपे विनियोगः ॥

अंगन्यासः—ओं सर्वा इत्यंगुष्ठाभ्यां नमः ।
ओं वाधा प्रशमनं इति तर्जनीभ्यां स्वाहा ।

दुर्गापूजन यन्त्र



ओं त्रैलोक्यस्याखिलेश्वरी मध्यमाभ्यां वषट् ।
ओं एवमेव इति अनामिकाभ्यां हुम् ।
ओं त्वया कार्यम् इति कनिष्ठिकाभ्यां वौषट् ।
ओं अस्मद् वैरीविनाशनम् इति करतलकरपृष्ठाभ्यां फट् ।

हृदयादिन्यास:—ओं सर्वा हृदयाय नम: ।
ओं वाधाप्रशमनं शिरसे स्वाहा ।
ओं त्रैलोक्यस्याखिलेश्वरी शिखायै वषट् ।
ओं एवमेव कवचाय हुम् ।
ओं त्वया कार्यम् नेत्र त्रयाय वौषट् ।
ओं अस्मद्वैरीविनाशनम्—अस्त्रायफट् ॥

ओं सं नम: मूर्ध्नि । ओं वां नम: ललाटे ।
ओं वां रक्ष कर्णे । ओं धां वामकर्णे
ओं प्रं नम: दक्षनासायाम् । ओं शं नम: वामनासायाम् ।
ओं मं नम: उत्तरोष्ठे । ओं नं नम: अधरोष्ठे ।

ॐ त्रैं नमः ऊर्ध्वदन्त पंक्तौ । ॐ लों नमः अधोदन्त पंक्तौ ।
ॐ क्यं नमः जिह्वायाम् । ॐ स्यं नमः कण्ठे ।
ॐ खिं नमः दक्षांसे । ॐ लें नमः वामांसे ।
योनि वाले यन्त्र के बाहर अष्टदल और उसे भूपुर से वेष्टित कर यन्त्र का पूजन करे।

---

25. कर्णपिशाचिनी मन्त्र:

विनियोग:—ओं अस्य कर्णपिशाचिनी मन्त्रस्य पिप्पलाद-ऋषि: निचृत् छन्द: कर्णपिशाचिनी देवता ममाभीष्ट सिद्धये जपे विनियोग: ।

षडङ्गन्यास:—ओं हृदयाय नम: । ओं ह्लीं शिरसे स्वाहा । ओं कर्ण-पिशचिनि शिखायै वषट् । ओं कर्णे मे कवचाय हुम् । ओं कथय नेत्रत्रयाय वौषट् । ओं स्वाहा अस्त्राय फट् ।

ध्यानम्—चितासनस्थां नरमुण्डमालाम्,
विभूषितामस्थि मणीन् कराब्जै: ।
प्रीतां नरान्त्रैर्दधतीं कुवस्त्रां,
भजामहे कर्णपिशचिनीं ताम् ॥

मन्त्र—ओं ह्लीं कर्णपिशाचिनि कर्णे मे कथय स्वाहा ॥

प्रयोगविधि:—श्मशान में बैठकर या शव पर बैठकर एकाग्रमन से इस 16 अक्षर वाले मन्त्र का एक लाख जप करना चाहिए। तथा विभीतक की समिधाओं द्वारा अग्नि में दशांश होम करना चाहिए।

पूर्वोक्त पीठ पर षडङ्ग पूजा, दिक्पाल एवं उनके आयुध सहित देवी का पूजन करना चाहिए। इस प्रकार मन्त्रसिद्ध हो जाने पर बेर के पेड़ के नीचे अपवित्रता पूर्वक एक लाख मन्त्र का जप करना चाहिए। इससे सन्तुष्ट होकर पिशाचिनी दूसरों के मन की बात तथा भरैवी घटनाओं को कान में बतला देती है।

26. पुत्रप्रदकृष्ण-मन्त्र (सन्तानगोपालमन्त्र)

विनियोग:—ओं अस्य श्री सन्तान गोपाल मन्त्रस्य नारद ऋषि:

अनुष्टुप् छन्द: सुतप्रद: कृष्णो देवता ममाभीष्ट सिद्धये जपे विनियोग: ।

मन्त्र:—ओं क्लीं देवकी सुत गोविन्द वासुदेव जगत्पते । देहिमे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गत: ।।

न्यास:—देवकीसुत गोविन्द हृदयाय नम: । वासुदेव जगत्पते शिरसे स्वाहा । देहि मे तनयं कृष्ण शिखायैवषट् । त्वामहं शरणं गत: कवचाय हुम् । देवीति (संपूर्णपाठ पढ़कर) । अस्त्रायफट् ।

ध्यान—विजयेन युतो रथस्थित: प्रसभानीय समुद्रमध्यत: ।
प्रददत्तनयान् द्विजन्मने स्मरणीयो वसुदेव नन्दन: ।।

जपसंख्या—इस मन्त्र का एक लाख जप करना चाहिए । मधु, घी एवं शक्कर मिश्रित तिलों से दस हजार आहुति डालनी चाहिए । एक हजार तर्पण हो, एक सौ मन्त्र द्वारा मार्जन हो ।

प्रतिदिन भगवान् वासुदेव का विधिपूर्वक पूजन करना चाहिए । श्री वासुदेव कृष्ण पर विश्वास रखते हुए जप करने से कामना सिद्धि होती है ।

27. गारुडमन्त्र प्रयोग:

विनियोग:—ओं अस्य श्री गरुड मन्त्रस्य अनन्त ऋषि: पंक्ति: छन्द: पक्षीन्द्रो देवता ओं बीजं स्वाहा शक्ति: ममाभीष्ट सिद्धये जपे विनियोग: ।।

मन्त्र:—क्षिप ओं स्वाहा । इति पंचार्ण: मन्त्र: ।

सर्पभयहर यन्त्र

षडंगन्यास:—ओं ज्वल ज्वल महामति स्वाहा हृदयाय।
ओं गरुड चूडानन स्वाहा शिरसि।
ओं गरुड शिखेस्वाहा—शिखायाम्।
ओं गरुड प्रभंजय प्रभंजय प्रभेदय प्रभेदय।
वित्रासय वित्रासय विमर्दय विमर्दय स्वाहा हुं कवचाय।
उग्ररूपधर सर्व विषहर भीषय भीषय सर्व दहदह भस्मी कुरु कुरु स्वाहा नेत्रत्रयाय।
अप्रतिहतवल्या प्रतिहत शासन हुं फट् स्वाहा अस्त्राय।

ध्यानम्—तप्त स्वर्ण निभं फणीन्द्र निकरैः कलृप्तांग भूषं प्रभुम्।
स्मतृंणां शमयन्तमुग्रमखिलं नृणां विषं तत्क्षणात्।
चंच्वग्र प्रचलद् भुजंगमभयं पाण्योर्वरं बिभ्रतम्,
पक्षोच्चारित सामगीत ममलं श्री पक्षिराजं भजे॥

जपसंख्या—पांच लाख। दशांश तिलों से हवन।

पीठपूजनम्—पूजयेन्मातृका पद्मे गरुडं वेद विग्रहम्।
चतुर्थ्यंत: पक्षिराज: स्वाहा पीठमनुस्मृत:।
इष्ट्वांगं कर्णिका मध्ये नागान् पत्रेषु पूजयेत्।
अनन्तं वासुकिं चापि तृतीयं तक्षकं पुन:।
कर्कोटकं तथा पद्मं महापद्मं समर्चयेत्।
शंखपालं च कुलिकमिन्द्रादीन् वज्र संयुतान्।
एवं सिद्धे मनौ मन्त्री नाशयेद्गरलद्वयम्।
विष्णु भक्ति परो नित्यं यो भजेत् पक्षिनायकम्।
शत्रून् सर्वान् पराभूय सुखी भोगसमन्वित:।
जीवेदनेक वर्षाणि सेवितोधरणीधवै:।
कलेवरान्ते श्रीनाथ सायुज्यं लभते तु स:॥
गरलद्वयं—विषद्वयं स्थापरं जंगमाख्यम्॥

28. महाविद्यानीलसरस्वतीमन्त्र

मन्त्र—ओं ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौं क्लीं ह्रीं ऐं व्लूं स्त्री नीलतारे सरस्वती द्रां द्रीं क्लीं व्लूं स: ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौ: सौ: ह्रीं स्वाहा।

विनियोग:—ओं अस्य श्री महाविद्यामन्त्रस्य ब्रह्मा ऋषि: अनुष्टुप् छन्द: सरस्वती देवता ममाभीष्ट सिद्धये जपे विनियोग:।

करांगन्यास:—ओं ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौं अंगुष्ठाभ्यां नम:॥ हृदयाय नम:।

ॐ क्लीं ह्लीं ऐं ब्लूं स्त्रीं तर्जनीभ्यां नमः ।। शिरसे स्वाहा ।
ॐ नील तारे सरस्वति मध्यमाभ्यां नमः ।। शिखायै वषट् ।
ॐ द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः अनामिकाभ्यां नमः ।। कवचाय हुम् ।
ॐ ऐं ह्लीं श्रीं क्लीं सौः कनिष्ठकाभ्यां नमः । नेत्रत्रयाय वौषट् ।।
ॐ सौं ह्लीं स्वाहा करतल करपृष्ठाभ्यां नमः । अस्त्राय फट् ।।

ध्यान—शवासनां सर्व विभूषणाढयां कर्त्री कपालं चषकं त्रिशूलम् ।
करैर्दधानां नरमुण्डमालां त्र्यक्षां भजे नील सरस्वतीं ताम् ।।

जपसंख्या—इस विद्या का चार लाख जप करना चाहिए । मधु-सहित पलाश पुष्पों (टेसू के फलों) से श्रद्धा एवं मनोक्षोभ सहित दशांश हवन करना चाहिए ।

29. विश्वावसुगन्धर्व-मन्त्र

विनियोग:—ॐ अस्य श्री विश्वावसु गन्धर्व मन्त्रस्य विश्वावसु ऋषिः अनुष्टुप् छन्दः हरगौरी देवता इष्ट कन्या प्राप्तये जपे विनियोगः ।

न्यास:—विश्वावसु ऋषये नमः शिरसि ।
अनुष्टुप् छन्दसे नमः मुखे ।
हरगौरी देवतायै नमः हृदि ।
विश्वावसु गन्धर्वराजाय अंगुष्ठाभ्यां नमः ।
कन्यानामाधिपतये तर्जनीभ्याम् ।
लभामहे देवकन्या मध्यमाभ्याम् ।
सुवर्णालंकृतां अनामिकाभ्याम् ।
अमुक नाम्नीं कनिष्ठिकाभ्याम् ।
देहिमे विश्वावसवे स्वाहा करतलकरपृष्ठाभ्याम् ।
एवं हृदयादिन्यासः ।

ध्यानम्—हस्ताब्जैः विविध प्रधानि कमलं ध्यायेत् । सुदीप्ताम्बरां कन्यां प्रार्थयते वराय ददानं सद्वस्त्र भूषार्पितम् । कन्याभिः परिवारितं निजमुखाम्भोजाभिरानन्दितम् । नाना कल्प कला कलाप कलितं विश्वावसुं चिन्तयेत् ।।

मन्त्र—ॐ विश्वावसु र्नाम गन्धर्वः कन्यानामधिपतये लभामहे देवकन्यां सुरूपां स्वर्णालंकृताम् अमुकनाम्नीं देहि

मे नमः स्वाहा ॥

विधि—वटवृक्ष मूले स्थित: देवं सम्पूज्य चत्वारिंशत सहस्र (40000) जपेत । दशांशतर्पणम् । दशांश मार्जनम् । दशांश ब्राह्मण भोजनम् । त्रयोदश्यां कुमारिकायै शर्करापूरितम् कांस्य पात्रम् यच्छेत् ।

कमलवीज मालिकया यजेत् ॥

विवाह के लिए यह उत्तम प्रयोग है । या जिसके साथ विवाह करने की इच्छा हो उसके लिए भी फलप्रद है ।

30. षडक्षर शिवमन्त्र

विनियोग:—ओं अस्य श्री षडक्षर शिव मन्त्रस्य वामदेव ऋषि: पङ्क्ति छन्द: सदाशिवोदेवता पुरुषार्थ चतुष्टय सिद्ध्यर्थे जपे विनियोग: ।

मन्त्र—ओं नमः शिवाय ॥

अंगन्यास:—वामदेवऋषये नम: शिरसि । पङ्क्त छन्दसे नमो मुखे । सदाशिवाय देवतायै नम: हृदये । चतुर्विध पुरुषार्थ सिद्धये जपे विनियोग: इति कृतांजललिर्वदेत् । ओं हृदयाय नम: । न शिरसे स्वाहा । म: शिखायै वषट् । शिवकवचाय हुम् । वा नेत्रत्रयाय वौषट् । य अस्त्राय फट् ।

ध्यानम्—शान्तं पद्मासनस्थं शशिमुकुटधरं मुण्डमालं त्रिनेत्रम् । शूलं खड्गं च वज्रं परशुमुसलके दक्षिणांगे वहन्तम् । नागं घण्टां कपालं नलिनकर युतं सांकुशं पाशमन्ये । नानालंकार युक्तं स्फटिक मणिनिभं नौमि वालं शिवाख्यम् ।

जप—इस मन्त्र का सवा लाख संख्या में जप करे । शिवार्चन समन्त्रक करे । ब्रह्मचर्य का पालन करे ।

ओंकारं विन्दु संयुक्तं नित्यं ध्यायन्ति योगिन: ।
कामदं मोक्षदं चैव ओंकाराय नमो नम: ॥1॥
न जातिर्न मृतिर्यस्य क्षयो यस्य न विद्यते ।
नमन्ति देवता: सर्वे नकारं तं नमाम्यहम् ॥2॥
महादेवं महावक्त्रं महाध्यान-परायणम् ।
महापापहरं देवं मकारं तं नमाम्यहम् ॥3॥

शिवात् परतरं नास्ति शिवशास्त्रेषु निश्चय: ।
शमन्ति सर्वपापानि शकारं तं नमाम्यहम् ।।4।।
वाहनं वृषभो यस्य वासुकि कण्ठ भूषणम् ।
वामे शक्तिधरं देवं वकारं तं नमाम्यहम् ।।5।।
यत्र यत्र स्थितो देव:सर्वव्यापी महेश्वर: ।
यो गुरु: सर्वदेवानां यकारं तं नमाम्यहम् ।।6।।
इदं षडक्षर स्तोत्रं प्रातरुत्थाय य: पठेत् ।
विमुच्यते सर्वपापेभ्यो शिवलोकं स गच्छति ।।

मन्त्र—ओं अघोरेभ्योऽथघोरेभ्यो घोरघोरतरेभ्य: ।
सर्वेभ्योऽथशर्वेभ्यो नमस्तेऽस्तु रुद्ररूपेभ्य: ।

शिव गायत्री—ओं तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि ।। तन्नो रुद्र: प्रचोदयात् ।।

ये दोनों मन्त्र भी भगवान् शिव के फलप्रद हैं ।

31. प्रत्यंगिरा-मन्त्र

विनियोग:—अस्य श्री प्रत्यंगिरा मन्त्रस्य ब्रह्मा ऋषि: अनुष्टुप् छन्द: देवी प्रत्यंगिरा देवता ओं बीजं ह्रीं शक्ति: परकृत्यनिवारणे जपे विनियोग: । (ममाखिलावाप्तये वा)

खडङ्गन्यास:—ह्रां हृदये नम: । ह्रीं शिरसे स्वाहा । ह्रूं शिखायै वषट् । ह्रैं कवचाय हुम् । ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट् । ह्र: अस्त्राय फट् ।।

ध्यानम्—सिंहारूढातिकृष्णं त्रिभुवनभयकृद् रूपमुग्रं वहन्ती ज्वाला वक्त्रावसाना नववसन युगं नीलमण्याभ कान्ति: । शूलं खड्गं वहन्ती निजकर युगले भक्तरक्षैक दक्षा । सेयं प्रत्यंगिरा संक्षपयतु रिपुभि: निर्मितं वीभिचारम् ।।

मन्त्र:—ओं ह्रीं नम: कृष्णवाससे शतसहस्र हिंसिनि सहस्रवदने महाबले अपराजिते प्रत्यंगिरे परसैन्य पर-

कर्म विध्वंसिनि परमन्त्रोत्सादिनि सर्वभूतदमनि सर्व-देवान् बन्ध बन्ध सर्व विद्या: छिन्धि छिन्धि क्षोभय क्षोभय परयन्त्राणि स्फोटय स्फोटय सर्वश्रृंखला: त्रोटय त्रोटय ज्वलज्ज्वाला जिह्वे करालवदने प्रत्यंगिरे ह्रीं नमः ॥

जनसंख्या—इस मन्त्र का दस हज़ार जप करना चाहिए। तथा तिल एवं राजिका से एक हज़ार आहुतियां देकर सिद्ध मन्त्र का काम्य प्रयोग में एक सौ वार जप करना चाहिए। ग्रह एवं भूत आदि से ग्रस्त व्यक्ति पर इस मन्त्र का एक सौ वार जप करते हुए जल से मार्जन करना चाहिए।

अयुतं प्रजपेन्मन्त्रं सहस्रं तिलराजिका: ।
हुत्वा सिद्धमनुं मन्त्रं प्रयोगेषु शतं जपेत् ॥
ग्रहभूतादिका विर्ष्टि सिंचेन्मन्त्रं जपञ्जलैः ।
विनाशयेत् परकृतं यंत्र मन्त्रादि कर्मणाम् ॥

32. छिन्नमस्तका-मन्त्र

मन्त्र—ॐ श्रीं ह्रीं ह्रीं ऐं वज्र वैरोचनीये ह्री ह्रीं फट् स्वाहा।

विनियोग—ॐ अस्य श्री छिन्नमस्तका मन्त्रस्य भैरव ऋषि: सम्राट् छन्द: छिन्न मस्तका भुवनेश्वरी देवता हूं हूं वीजं स्वाहा शक्ति-ममाभीष्ट सिद्धये जपे विनियोग: ।

ऋष्यादिन्यास—भैरव ऋषये नम: शिरसि। सम्राट् छन्दसे नम: मुखे। छिन्नमस्तक देवतायै नम: हृदि। हूं हूं वीजाय नम: गुह्ये। स्वाहा शक्तये नम: पादयो:।

करांगन्यास :—

ॐ आं खड्गाय ह्रीं ह्रीं फट् स्वाहा—कनिष्ठयो: हृदयाय।
ॐ ईं सुखड्गाय ,, ,, ,, ,, अनामिकयो:। शिरसे।

ओं ऊं वज्राय ,, ,, ,, ,, मध्यमयो: । शिखायै ।
ओं ऐं पाशाय ,, ,, ,, ,, तर्जन्यो: । कवचाय ।
ओं औं अंकुशाय ,, ,, ,, ,, अंगुष्ठयो: । नेत्रत्रयाय ।
ओं अ: वसुरक्ष ,, ,, ,, ,, करतलकर पृष्ठयो: । अस्त्राय ।।

ध्यानम्—भास्वन्मण्डलमध्यगां निजशिरश्छिन्नं विकीर्णालकम् ।
स्फारास्यं प्रपिबद्गलात्स्वरुधिरं वामकरे विभ्रतीम् ।
याभासक्तरति स्मरोपरिगतां सख्यौ निजे डाकिनी ।
वर्णिन्यौ परिदृश्यमोद कलितां श्री छिन्नमस्तकां भजे ।

जपसंख्या—इस प्रकार देवी का ध्यान करके चार लाख मन्त्र का जप करना चाहिए । पलाश या बेल के पत्र एवं फलों से दशांश होम करना चाहिए ।

ध्यात्वैवं प्रजपेल्लक्षं चतुष्कं तद्दशांशत: ।
पलाशै: विल्वजैर्वापि जुहुयात् कुसुमै: फलै: ।।

पीठ पूजा—आधारशक्तये नम: से लेकर परमात्मने नम: तक पूजित पीठ पर दिशाओं में जया, विजया, अजिता, नित्याविलासिनी, दोग्ध्री, एवं अघोरा तथा मध्य में मंगला का पूजन करना चाहिए ।

ओं आधार शक्तये नम: ।	ओं कल्पवृक्षाय नम: ।
ओं प्रकृतये नम: ।	ओं स्वर्णसिहासनाय नम: ।
ओं कूर्माय नम; ।	ओं आनन्दकन्दाय नम: ।
ओं अनन्ताय नम: ।	ओं संविन्नलाय नम: ।
ओं पृथिव्यै नम: ।	ओं सर्वतत्त्वात्मकपद्माय नम: ।
ओं क्षीर समुद्राय नम:	ओं सत्त्वाय नम: ।
रत्नद्वीपाय नम: ।	ओं रजसे नम:
ओं अं अन्तरात्मने नम: :	ओं तं तमसे नम: ।
ओं पं परमात्मने नम: ।	ओं आत्मने नम: ।
ओं ह्रीं ज्ञानात्मने नम: ।	ओं इति कामाभ्यां नम: ।

इससे पीठ पूजा कर-पूर्वादि दिशाओं में शक्तियों का पूजन करे ।

ओं जयायै नमः। ओं विजयायै नमः। ओं अजितायै नमः। ओं अपराजितायै नमः।

ओं नित्यायै नमः। ओं विलासिन्यै नमः। ओं दोग्ध्र्यै नमः। ओं घोरायै नमः।

मध्यमे-मंगलायै नमः। इसके बाद-सर्व बुद्धिप्रदे वर्णनीये सर्वसिद्धिप्रदे डाकिनीये, ओं वज्रवैरोचनीये एह्येहि नमः।

छिन्नमस्तका मन्त्र—2.

मन्त्र—ओं सर्वसिद्धवर्णनीये सर्वसिद्धि डाकिनीये ओं वज्रवैरोचनीये इहावह, सर्वसिद्धिवर्णनीये सर्वसिद्धि डाकिनीये वज्रवैरोचनीये इह तिष्ठ तिष्ठ इह सन्निधेहि इह सन्निरुद्धस्व, इस प्रकार आवाहन कर ओं वज्रवैरोचनीये देहि देहि एहि एहि गृह्ण गृह्ण स्वाहा मम शत्रून् मारय मारय करालिके हुं फट् स्वाहा।

त्रिकोण में छिन्नमस्तकादेवी और उसके दोनों ओर डाकिनी एवं वर्णिनी नामक दोनों सखियों का प्रणव एवं वाग्बीज सहित नाम मन्त्रों से पूजन करना चाहिए। देवी की आज्ञा लेकर आवरण पूजन करनी चाहिए।

1- वज्राय नमः। शक्तये०। दण्डाय०। खड्गाय०। पाशाय०। अंकुशाय०। गदायै०। शूलाय०। पद्माय०। चक्राय०।

2. इन्द्राय नमः। अग्नये०। यमाय०। निर्ऋतये०। वरुणाय०। वायवे०। सोमाय०। ईशानाय०। ब्रह्मणे०। अनन्ताय०।

3. करालाय०। विकरालाय०। अतिकालाय०। महाकालायै नमः। भूपर के द्वारों पर।

4. एकलिंगायै०। योगिन्यै०। डाकिन्यै०। भैरव्यै०। महाभैरव्यै०। केन्द्राक्ष्यै०। असितांग्यै०। संहारिण्यै नमः। अष्टदल कमल पर।

इन मन्त्रों से पडङ्ग पूजा करके-तदनन्तर त्रिकोण में—

ओं छिन्नमस्तकायै नमः। ऐं डाकिन्यै०। ऐं वर्णिन्यै०। इन मंत्रों से डाकिनी, वर्णिनी एवं छिन्नमस्तका देवी का पूजन कर पांच पुष्पांजलि देकर जप करना चाहिए।

33. आसुरीविद्या

अथर्ववेद में प्रतिपादित आसुरी विद्या का प्रयोग (मन्त्रमहोदधि)

विनियोग:—ॐ अस्य श्री आसुरी मन्त्रस्य अंगिरा ऋषि: विराट् छन्द: आसुरी दुर्गा देवता ॐ वीजं स्वाहा शक्ति: ममाभीष्ट सिद्धयर्थे जपे विनियोग: ।

ऋष्यादि न्यास:—अंगिरसे ऋषये नम: शिरसि ।
विराट् छन्दसे नम: मुखे । आसुरी दुर्गा देवतायै नम: हृदि ।
ॐ ॐ बीजाय नम: गुह्ये । ॐ स्वाहा शक्तये नम: पादयो: ।

षडङ्गन्यास:—ॐ कटुके कटुकपत्रे हुं फट् स्वाहा हृदयाय नम: ।
ॐ सुभगे आसुरी हुं फट् स्वाहा शिरसे स्वाहा ।
ॐ रक्ते रक्तवाससे हुं फट् स्वाहा शिखायै वषट् ।
ॐ अथर्वणस्य दुहिते हुं फट् स्वाहा कवचाय हुम् ।
ॐ अघोरे अघोर कर्म कारिके हुं फट् स्वाहा नेत्रत्रयाय वौषट् ।
अमुकस्य गतिं दह दह प्रवुद्धस्य हृदयं दह दह हन हन ।
ॐ पच पच तावद् दह तावत् पच यावत् त्वं मे वशमायाति हुं फट् स्वाहा । अस्त्राय फट् ।

ध्यानम्—शरच्चन्द्र कान्तिर्वराभीतिशूलं
सृणिं हस्त पद्मै: दधानाम्बुजस्था ।
विभूषां वराढ्याहि यज्ञोपवीता—
मुदोऽथर्वपुत्री करोत्वासुरी न: ॥

मन्त्र—ॐ कटुके कटुकपत्रे सुभगे आसुरि रक्ते रक्तावससे अथर्वणस्य दुहिते अघोर अघोर कर्मकारिके अमुकस्य गतिं दह दह हन हन पच पच तावद् दह तावत् पच यावन्मे वशमायाति हुं फट् स्वाहा ।

जप एवं हवन—इस मन्त्र का दस हज़ार जप करना चाहिए तथा घी मिलाकर राई से दशांश होम करने पर मन्त्र सिद्ध हो जाता है ।

काम्य प्रयोग—राई के पांचों अंग जड़, शाखा, पत्र, पुष्प एवं फल

को लेकर साधक मूल मन्त्र से 100 वार अभिमन्त्रित करे, फिर उससे स्वयं को धूपित करे ऐसा करने पर जो व्यक्ति उसे सूंघता है, वह वश में हो जाता है।

34. श्री विद्या

श्री विद्या च तथा लक्ष्मीर्महालक्ष्मी स्तृतीयका।
त्रिशक्तिः सर्व साम्राज्या पंच लक्ष्म्यः प्रकीर्तिताः॥
श्री विद्या परं ज्योतिः पर निष्कलशांभवी।
अजपा मातृका चेति पंच कोशा इमे स्मृताः॥
श्री विद्या त्वरिता चैव पारिजातेश्वरी पुनः।
त्रिपुरा पंच वाणेशी पंच कल्पलता इमाः॥
श्रीविद्याऽमृतपीठेशी सुधा श्रीरमृतेश्वरी।
अन्नपूर्णेति विख्याताः पंचैताः कामधेनवः॥
श्री विद्या सिद्धलक्ष्मीश्च मातंगी भुवनेश्वरी।
वाराही च स्मृतं चैतन्मुनिभिरल पंचकम्॥
श्री विद्यां मूलमन्त्रेण मध्ये संयोज्य पूजयेत्।
क्रमतोऽन्याश्चतुर्दिक्षु तासां मन्त्रान् क्रमाद् ब्रुवे।
वकेशो वह्निमारूढो वामनेत्रेन्दु संयुतः।
लक्ष्मीमन्त्रोऽयमेकार्णस्तेन लक्ष्मीं प्रपूजयेत्॥

महालक्ष्मीमन्त्रः—ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः॥ (अष्टाविंशतिवर्णात्मकः)

35. अथ ऋणमोचन मंगलस्तोत्रम्

यन्त्राग्रे खदिराङ्गारेण समाः दक्षिणोत्तराः तिस्राः रेखा कृत्वा तासु ऋणं विन्यस्य वामपादेनाक्रम्य एकविंशति वारं स्तोत्रं पठेत्।

अस्य श्री ऋणमोचन मङ्गल स्तोत्रमन्त्रस्य भार्गव ऋषिः अनुष्टुप् छन्दः ऋणहर्ता मङ्गलेश्वर भूमिपुत्रो देवता श्रीं वीजं, ह्रीं शक्तिः ऐं कीलकम्, मम सकल मङ्गल प्रीत्यादि सिद्धयर्थे ऋणमोचनार्थे जपे विनियोगः॥

अथांग न्यास:—ओं भर्गव ऋषये नम: शिरसि, अनुष्टुप् छन्दसे नमो मुखे, मङ्गलेश्वर भूमिपत्र देवतायै नमो हृदि, श्रीं वीजाय नमो नाभौ, ह्रीं शक्त्यै नमो गुह्ये, ऐं कीलकाय नम: पादयो:, मम मङ्गल प्रसाद सिद्धयर्थे जपे विनियोगाय नम: सर्वाङ्गे ।

ओं श्रीं हृदयाय । नम: ह्रीं शिरसे स्वाहा, ऐं शिखायै, वषट् ।

मन्त्र—ॐ अग्निर्मूर्धा दिव: ककुत्पति पृथिव्या अयं, अपा ᳲ रेता ᳲ सिजन्वति ।

गायत्री—ॐ अङ्गारकाय विद्महे शक्ति हस्ताय धीमहि, तन्नो भौम: प्रचोदयात् ।

ॐ दुखदौर्भाग्य नाशाय धन सन्तान हेतवे ।
कृतं रेखा त्रयं वामपादेन मार्जाम्यहम् ॥
ऋण दुख विनाशाय मनोऽभीष्टार्थ सिद्धये ।
मार्जाम्यसिता रेखा: तिस्रो जन्म त्रयोद्भवा: ॥
तत: पुष्पाञ्जलिं गृहीत्वा प्रार्थनां कुर्यात्—
धरणीगर्भ सम्भूतं विद्युत्तेज: समप्रभम् ।
कुमारं शक्ति हस्तं च मङ्गलं प्रणमाम्यहम् ॥
ऋण हर्त्रे नमस्तुभ्यं दुखदारिद्रय नाशिने ।
नमस्ते द्योतमानाय सर्व कल्याण कारिणे ॥
देवदानव गन्धर्व यक्षराक्षस पन्नगा: ।
सुखं यान्ति यतस्तस्मै नमो धरणी सूनवे ॥
यो वक्रगतिमापन्नो नृणां दु:खं प्रयच्छति ।
पूजित: सुख सौभाग्यं क्ष्मासूनवे नम: ॥
जपाकुसुम पुष्प निभ काय महीपुत्र महामते ।
वक्रगायोग्रवीर्याय लोहिताङ्गाय ते नम: ॥
लोहिताक्ष नमस्तुभ्यं नमस्ते लोहिताम्बर ।
ग्रहराज महीपुत्र मम शान्तिप्रदो भव ॥
प्रसादं कुरु मे देव मङ्गलप्रद मङ्गल ।

मेषवाहन रुद्रात्मन् पुत्रान् देहि धनं यश: ।
अङ्गारक महाभाग भगवत् भक्तवत्सल ।
त्वां नमामि ममा शेषमृणमाशु विमोचय ।।
ऋणरोगादि द्ररिद्रयं पापं क्षुत्तृडपमृत्यव: ।
भय क्लेश मनस्तापा: नश्यन्त मम सर्वदा ।।
तप्तकाञ्चन संकाश तरुणार्क समप्रभ ।
सुख सौभाग्य धनद ऋण दारिद्रय नाशक ।।
ग्रहराज नमस्तुभ्यं सर्वकल्याण कारक ।
प्रसादात्तव देव देवेश सर्वकल्याण भाजन ।।
उज्जयिन्यां समुत्पन्नो भूमौ भौम: चतुर्भुज: ।
भारद्वाज कुले जात: शूलशक्ति गदाधर: ।।
वालकुमारस्तेजस्वी नित्य प्रहृष्ट मानस: ।
पूर्वज: पृथिवीपुत्र: स भौम: प्रीयतां मम ।।
येनार्जिता जगत्कीर्ति: भूमि पुत्रेण शाश्वती: ।
शत्रवश्च हता येन भौमेन हि महात्मना ।।
स प्रीयतां भौमो मे अद्य तुष्टो भूयात् सदा मम ।
ऋण हर्त्रे नमस्तुभ्यं दु:खदौर्भाग्य नाशक ।।
सुख सौभाग्यदो धनदो भव मे धरणी सुत ।
भावहीनं भक्तिहीनं श्रद्धाहीनं सुरेश्वर ।
पूजनं त्वत्प्रसादेन परिपूर्णं तदस्तु मे ।

पुष्पाञ्जलिं दद्यात्

ध्यानम्

असृजमरुणवर्णं रक्तमाल्याङ्गरागम्,
कनक कमल माला मलिनं विश्व वन्द्यम् ।
अति ललितकराभ्यां विभ्रतं शक्तिशूले,
भजत धरणी सूनुं मंगलं मङ्गलानाम् ।।

ईश्वर उवाच

ओं मङ्गलो भूमिपुत्रश्च ऋणहर्ता धनप्रद: ।

स्थिरासनो महाकायः सर्व कर्मविरोधकः ॥
लोहितो लोहिताक्षश्च सामगानां कृपाकरः ।
धरात्मजः कुजो भौमो भूतिदो भूमि नन्दनः ॥
अङ्गारको यमश्चैव सर्व रोगापहारकः ।
वृष्टिकर्तापहर्ता च सर्वकामफलप्रदः ॥
एतानि कुज नामानि नित्यं य प्रयतः पठेत् ।
ऋणं न जायते तस्य सन्तानं वर्धते सदा ॥
एक कालं द्विकालं वा यः पठेत् सुसमाहितः ।
एवं कृते न सन्देहः ऋणं हित्वा सुखी भवेत् ॥
एकविंशति नामानि पठित्वा तु दिनान्तके ।
रूपवान् धनवान् चैव जायते नात्र संशयः ॥
ऋणरेखा प्रकर्तव्याऽङ्गारेण तदग्रतः ।
ताश्च प्रमार्जयेत् यस्तु वामपाद तलेन तु ॥
ऋणं न जायते तस्य ऋणहर्ता धनी भवेत् ।
पूजितो येन देवेशो मङ्गलो मङ्गल प्रदः ।
उत्पाताः प्रलयं यान्ति ग्रहपीडाश्च दारुणाः ॥
न भयं विद्यते तस्य सदा भौमप्रसादतः ।
रत्नमाल्याम्बरधरः शक्ति शूलगदाधरः ।
चतुर्भुजो मेषगतो वरदः स्याद्धरासुतः ॥
रक्त पुष्पैश्च गन्धैश्च धूपदीप गुडोदकैः ।
मङ्गलं पूजयेत् भव्या मङ्गलेऽह्नि सर्वदा ॥
उज्जयिन्यां समुत्पन्न भो भो भौम चतुर्भुज ।
भारद्वाज कुले जातः शक्तिशूलगदाधर ॥

अथ अर्घ्यम्

मेषनारूढ वरद स्कन्द प्रदातातिविक्रम ।
प्रसीद देव देवेश विघ्नहारन धरात्मज ।
गृहाणार्घ्यं मया दत्तं मम शान्तिप्रदो भव ।
भूमिपुत्र महातेजः स्वेदोजभव पिनाकिनः ॥
श्रेयोऽर्थी त्वां प्रपन्नोऽस्मि गृहाणार्घ्यं नमोऽस्तुते ।
रक्त प्रवाल संकाशं जपापुष्प सन्निभ ।
गृहाणार्घ्यं मया दत्तं प्रसीद त्वं महीसुत ।
भूमि पुत्रो महातेजा ज्वलदङ्गार सन्निभः ।
कुमारो रक्तवासश्च ऋणहर्ता धनप्रदः ।
+सद्यः सर्व ऋणच्छेदः (3) कलौ प्रत्यक्षकारकः ।
नातः परं त्रैलोक्येषु विद्यते ऋण मोचनम् ।
प्रकर्तव्यं प्रयत्नेन पठेन्नित्यं नरः सदा ।
पुत्रं लभते सपदि सर्वज्ञं दीर्घमायुषम् ।
इति स्त्रोत्रपाठं विधाय रेखात्रयं वामपादेन मार्जयेत् ।

नवग्रहाणां मन्त्र जापः

36. सूर्य

विनियोगः—आकृष्णेन इति मन्त्रस्य हिरण्यस्तूपाङ्गिरा ऋषिः सूर्यो देवता त्रिष्टुप् छन्दः सूर्यप्रीतये सूर्यमन्त्रजपे विनियोगः ॥

मन्त्र—ओं ह्रां ह्रीं ह्रौं सः ओं भूर्भुवः स्वः ओं आकृष्णेन रजसा वर्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यञ्च । हिरण्ययेन सविता रथेना देवो याति भुवनानि पश्यन् । ओं स्वः भुवः भूः ओं सः ह्रौं ह्रीं ह्रां ओं सूर्याय नमः ॥

वीज मन्त्र—ओं ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः ।

मन्त्र संख्या सात हजार । करनी चाहिए । कलि युग में जप संख्या 28000 अट्ठाईस हजार होगी ।

JAIN PICTURE HOUSE, AGRA.



(सोम) चन्द्रमन्त्र

विनियोग:—उों इमं देवा इति मन्त्रस्य वरुण ऋषि: अग्नि: देवता सोमप्रीतये सोममन्त्र जपे विनियोग: ।

मन्त्र—उों श्रां श्रीं श्रौं स: उों भूर्भुव: स्व: उों इमन्देवा असपत्न ꣳ सुवध्वम्महते क्षत्राय महते ज्येष्ठ्याय महते जानराज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय । इमममुष्य पुत्रममुष्यै पुत्रमस्यै विश एष वोमीराजा सोमोऽस्माकं ब्राह्मणाना ꣳ राजा । उों स्व: भुव: भू: उों स: श्रौं श्रीं श्रां उों सोमाय नम: ।

बीजमन्त्र—उों श्रां श्रीं श्रौं स: चन्द्रमसे नम: । जपसंख्या 11000 । कलौ 44000 ॥

भौममन्त्र

विनियोग—उों अग्निर्मूर्धा इति मन्त्रस्य विरूपांगिरस ऋषि: अग्निर्देवता गायत्री छन्द: भौमप्रीतये भौममन्त्रजपे विनियोग: ॥



मंगल यन्त्र

मन्त्र—ओं क्रां क्रीं क्रौं सः ओं भूर्भुवः स्वः ओं अग्निर्मूर्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्या अयम् । अपा ठ रेता ठ सिजिन्वति ।।

ओं स्वः भुवः भूः ओं सः क्रौं क्रीं क्रां ओं भौमाय नमः ।।

वीजमन्त्र—ओं क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः ।।

जपसंख्या 10000 दस हजार । कलौ 40000 ।।

सन्तान प्राप्ति कर—व

ऋणहर्ता मंगलविधानम ।

मन्त्र—ओं हां हं सः खं खः ।।

इस मन्त्र के करने से ऋण समाप्त होकर अभीष्ट फल को देता है ।

ध्यानम्—जपाभं शिव स्वेदजं हस्तपद्मैः
गदाशूल शक्तीर्वरं धारयन्तम् ।
अवंति समुत्थं सुमेषासनस्थं
धरानन्दनं रक्तवस्त्रं समीढे ।।

इस मन्त्र का छः लाख जप होगा ।

शैवे पीठे यजेद्भौमं प्रागंगानि प्रपूजयेत् ।
एकविंशति कोष्ठेषु मंगलादीन् प्रपूजयेत् ।
तद्वहिः ककुभां नाथान् कुलिशादीं स्ततोऽर्चयेत् ।
इत्थं जपादिभिः सिद्धं स्वेष्ट सिद्धौ प्रयोजयेत् ।।
नारी पुत्रमभीप्सन्ती भौमाहे तद् व्रतं चरेत् ।।
मार्गशीर्षेऽथ वैसाखे तस्यारम्भः प्रशस्यते ।।
अरुणोदय वेलायामुत्थाय शुचि विग्रहा ।
दन्तान् धावेदपामार्गसमिधा मौन सेविनी ।।
नद्यादि सलिले स्नात्वा धारयेद् रक्त वाससी ।।

नैवेद्यकुसुमालेपान् रक्तान् संपाद्य संयता ।
रक्तगो गोमयालिप्तदेशे पीठनिषेविणी ।
मंगलादीनि नामानि स्व प्रतीकेषु विन्यसेत ॥
मंगलं विन्यसेदंघ्र्योर्भूमिपुत्रं तु जानुनो: ।
ऊर्वोश्च ऋणहर्तारं कटिदेशे धनप्रदम् ॥
स्थिरासनं गुह्यदेशे महाकायमथोरसि ॥
वाम वाहौ ततो न्यस्येत् सर्व कर्मावरोधकम् ।
लोहितं दक्षिणे वाहौ लोहिताक्षं गले न्यसेत् ।
वदनेविन्यसेत् साध्वी सामगानां कृपाकरम् ।
धरात्मजं नसोरक्ष्णो: कुजं भौमं ललाटत: ।
भूतिदन्तुभ्रुवोर्मध्ये मस्तके भूमिनन्दनम् ॥
अंगारकं शिखादेशे सर्वांगे विन्यसेद्यमम् ।
ततो वाहुद्वये न्यस्येत् सर्वरोगापहारकम् ।
मूर्द्धादिपादपर्यन्तं वृष्टिकर्तारमंगके ।
विन्यसेत् वृष्टिहर्तारं मूर्धान्तं चरणादित: ॥
दिक्षु विन्यसेदंत्यं सर्व कामफलप्रदम् ।
आरं वक्रं भूमिजं च नाभौ वक्षसि मूर्धनि ।
एवं न्यस्तशरीरोऽसौध्यायेद् धरणी नन्दनम् ।
अर्थं संस्थाप्य विधिवत् पूजयेदुपचारकै: ॥
ध्यायंती चरणाम्भोजं पूजा सांगत्व सिद्धये ।
धरणीगर्भसंभूतं विद्युत्तेज: समप्रभम् ॥
कुमारं शक्तिहस्तं च मंगलं प्रणमाम्यहम् ॥
ऋणहर्त्रे नमस्तुभ्यं दु:खदारिद्रय् नाशिने ।
नभसि द्योतमानाय सर्वकल्याण कारिणे ।
देवदानवगन्धर्व यक्षराक्षस पन्नगा: ।
सुखं यान्ति यतस्तस्मै नमो धरणीसूनवे ॥
यो वक्रगतिमापन्नो नृणां दु:खं प्रयच्छति ।
पूजित: सुखसौभाग्यं तस्मै क्ष्मासूनवे नम: ।

प्रसादं कुरु मे नाथ मंगलप्रद मंगल ।
मेषवाहन रुद्रात्मन् पुत्रान् देहि धनं यशः ।
एवं संस्तूय संपूज्य गृह्णीयाद् ब्राह्मणाशिषः ।
गुरवे दक्षिणां दत्त्वा भुंजीतान्नं निवेदितम् ।
प्रति भौमदिने कुर्यादेवं संवत्सरावधि ।
तिलैः संजुहुयाद् होमं शतार्द्धं भोजयेद्द्विजान् ।
माहेय मूर्ति सौवर्णीमाचार्याय निवेदयेत् ।
मण्डलस्थे घटे अभ्यर्च्य सुतसौभाग्य सिद्धयै ।
एवं व्रतपरा नारी प्राप्नुयात् सुभगान् सुतान ।
धान्याप्त्यै ऋणनाशाय व्रतं कुर्यात् पुमानपि ।।

भौम गायत्री—ओं अंगारकाय विद्महे शक्ति हस्ताय धीमहि तन्नो भौमः प्रचोदयात् ।।

एकविंशति कोष्ठाढ्ये त्रिकोणे ताम्रपात्रगे ।
आवाह्य धरणी पुत्रं शोणैः पुष्पैश्च चन्दनैः ।
अंगानि पूजयेत् वाह्ये शक्रादीनायुधान्यपि ।।
धूपदीपैः विधायाथ गोधूमान्नं निवेदयेत् ।
जल पूर्णे ताम्रपात्रे गन्धपुष्पाक्षतान्विते ।
फलं निधाय मन्त्राभ्यां भौमायार्घ्यं निवेदयेत् ।।
भूमि पुत्र महातेजः स्वेदोद्भव पिनाकिनः ।
सुतार्थिनी प्रपन्ना त्वां गृहाणार्घ्यं नमोऽस्तुते ।
रक्तप्रवाल संकाश जपाकुसुम सन्निभ ।
महीसुत महावाहो गृहाणार्घ्यं नमोऽस्तु ते ।
एकविंशति कृत्वाथ प्रणमेत् पूर्वं नामभिः ।
प्रदक्षिणा विधातव्यास्तावत्यो वसुधात्मजे ।
खदिरांगारके नाथ कुर्याद् रेखा त्रिकं समम् ।
वामपादेन मन्त्राभ्यामेताभ्यां तत्प्रमार्जयेत् ।
दुःख-दौर्भाग्य नाशाय पुत्रसंतान हेतवे ।
कृतरेखा त्रयं वामपादेनैतत् प्रमार्जयाम्यहम् ।।

ऋण दु:ख विनाशाय मनोऽभीष्टार्थ सिद्धये ।
मार्जयाम्यसिता रेखास्तिस्रो जन्म त्रयोद्भवा: ।
ततः पुष्पांजलिकरा स्तुवीत धरणीसुतम् ।

वुधमन्त्रः

विनियोग:—ओं उद्वुध्य इति मन्त्रस्य परमेष्ठी ऋषिः वुधो देवता त्रिष्टुप् छन्दः वुध प्रीतये वुधमन्त्र जपे विनियोग: ॥

मन्त्र—ओं व्रां व्रीं व्रौं सः ओं भूर्भुवः स्वः ओं उद् वुध्यस्वाग्ने प्रति जागृहित्वमिष्टापूर्ते स ᳪ सृजेथा-मयञ्च । अस्मिन्सधस्थे अध्युत्तरस्मिन् विश्वेदेवा यज-मानश्च सीदत । ओं स्वर्भुवर्भूः ओं सः व्रौं व्रीं व्रां ओं वुधाय नमः ॥

बीजमन्त्र—ओं व्रां व्रीं व्रौं सः वुधाय नमः ।

जपसंख्यां 4000 । कलौ 16000 ॥

वृहस्पतिमन्त्रः

विनियोग:—ओं वृहस्पते इति मन्त्रस्य गृत्समद ऋषिः व्रह्मा देवता त्रिष्टुप्छन्दः वृहस्पतिप्रीतये वार्हस्पत्य मन्त्रजपे विनियोगः ।

मन्त्र—ओं ह्रां ह्रीं ह्रौं सः ओं भूर्भुवः स्वः ओं वृहस्पते अतियदर्यो अर्हाद्युमद् विभाति क्रतुमज्जनेषु । यद् दीद-यच्छवस ऋत प्रजात तदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम् । ओं स्वर्भुवर्भूः ओं सः ह्रौं ह्रीं ह्रां ह्रों ओं वृहस्पतये नमः ॥

वीजमन्त्र:—ओं ह्रां ह्रीं ह्रौं सः वृहस्पतये नमः ।

जपसंख्या—19000 । कलौ 76000 ॥

वृहस्पतिमन्त्रविधानम् (मन्त्रमहोदधौ)

विनियोग—उों अस्य श्री वृहस्पति मन्त्रस्य व्रह्मा ऋषिः अनुष्टुप छन्दः सुराचार्यो देवता वृं वीजं ममाभीष्ट सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।

मन्त्र—उों वृं वृहस्पतये नमः ॥

ध्यानम्—रत्नाष्टापदवस्त्रराशिममलं दक्षात् किरन्तं करादासीनं विपणौ करं निदधतं रत्नादि राशीपरम्, पीतालेपन पुष्पवस्त्रमखिलालंकार संभूषितम् सागर पारगंसुरगुरुं वन्दे सुवर्णप्रभम् ॥

षडंगन्यासः—उों व्रां हृदयाय।

उों व्रीं शिरसे।

उों व्रौं शिखायाम्।

उों सः कवचाय।

उों वृहस्पतये नेत्रत्रयाय।

उों नमः अस्त्रायफट्।

पीठ पर-वृहस्पति का पूजन। 80000 संख्या में जप, पीपल की समिधा में हल्दी, कुंकुम, घृत से हवन। शत्रु, रोग आदि की पीडा में इसका प्रयोग करना चाहिए।

शुक्रमन्त्र

विनियोग—उों अन्नात्परिस्रुत=इतिमन्त्रस्य प्रजापतिः ऋषिः अश्विसरस्वतीन्द्रा देवता जगती छन्दः शुक्रप्रीतये शुक्रमन्त्रजपे विनियोगः।

मन्त्र—उों द्रां द्रीं द्रौं सः उों भूर्भुवः स्वः उों अन्नात् परिस्रुतोरसम्ब्रह्मणा व्यपिवत् क्षत्रम् पयः सोमं प्रजापतिः। ऋतेन सत्यमिन्द्रियं विपान ँ शुक्रमन्धस इन्द्रस्येन्द्रिय मिदम्पयोऽमृतं मधु ॥

वीजमन्त्र—उों द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः।

जपसंख्या—11000। कलौ 44000

शुक्रमन्त्रप्रयोग (मन्त्रमहोददधौ)

विनियोगः—ॐ अस्य श्री शुक्रमन्त्रस्य ब्रह्मा ऋषिः विराट् छन्दः दैव्यपूज्यो देवता आं बीजं स्वाहा शक्तिः ममाभीष्ट सिद्धयर्थे जपे विनियोगः ।

मन्त्र—ॐ भगं मे देहि शुक्राय स्वाहा ।

ध्यानम्—श्वेताम्भोजनिषण्णमापणतटेश्वेताम्वरालेपनम्,
नित्यं भक्तजनाय संप्रददतं वासोमणीन् हाटकम् ॥
वामेनैवकरेण दक्षिण करे व्याद्रयान मुखांकितम्,
शुक्रं दैव्यवरार्चितं स्मितमुखं वन्दे सितांगप्रभम् ॥

जपसंख्या—दस हजार मन्त्र का जाप । दशांशहवन ।

पूजन—श्वेतपद्म पर स्थित, नगेन्द्रादि आयुधों से युक्त पीठ पर शुक्र का पूजन करना चाहिए । श्वेत आसन हो, श्वेतवस्त्रधारण किये हो शुक्रवार को सुगन्धित श्वेत पुष्पों से-दृशांश हवन करना चाहिए । इसके जापसे—सुवर्ण एवं वस्त्र की प्राप्ति होती है ।

शनिमन्त्रः

विनियोगः—ॐ शन्नोदेवी इति मन्त्रस्य दध्यङथर्वण ऋषिः आपो देवता गायत्री छन्दः शनि प्रीतये शनिमन्त्र जपे विनियोगः ॥

मन्त्र—ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः ॐ भूर्भुवः स्वः ॐ शन्नो-देवीरभिष्टये आपो भवन्तुपीतये शंय्योरभिस्र वन्तु नः ॥ ॐ स्वर्भुवर्भूः ॐ सः प्रौं प्रीं प्रां ॐ शनये नमः ॥

बीजमन्त्र—ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः ॥

जपसंख्या—23000 । कलौ 92000 ॥

राहुमन्त्र

विनियोग—ॐ कयानश्चित्र इति मन्त्रस्य वामदेव ऋषिः राहु देवता गायत्री छन्दः राहुप्रीतये राहुमन्त्रजपे विनियोगः ।

मन्त्र—ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः ॐ भूर्भुवः स्वः ॐ कया-

नश्चित्र आभुवदूती सदावृधः सखा । कयाश चिष्ठया-वृता । उों स्वर्भुवः भूः उों सः भ्रौं भ्रीं भ्रां उों राहवे नमः ॥

वीजमन्त्र—उों भ्रां भ्रीं भ्रौः सः राहवे नमः ॥

केतुः मन्त्रः

विनियोगः—उों केतुं कृण्वन् इति मन्त्रस्य मधुच्छन्दा ऋषिः केतुर्देवता गायत्री छन्दः केतुप्रीतये केतुमन्त्र जपे विनियोगः ॥

मन्त्रः—उों प्रां प्रीं प्रौं सः उों भूर्भुवः स्वः उों केतुं कृण्वन्नकेतवे पेशोमर्या अपेशसे । समुषद्भिरजायथा । उों स्वर्भुवर्भूः उों सः प्रौं प्रीं प्रां उों केतवे नमः ॥

वीजमन्त्र—उों प्रां प्रीं प्रौं सः केतवे नमः ।

जपसंख्या—17000 । कलौ 68000 ॥

नवग्रह पीडा निवारक यन्त्राणि

ग्रहजनित अनिष्ट तथा कष्ट के निवारणार्थ नीचे नौ ग्रहों के यन्त्र दिए जा रहे हैं। जिस ग्रह का अनिष्टकाल हो तदनुसार शुक्लपक्ष के रविवार के दिन सूर्ययन्त्र को, सोमवार को सोम यन्त्र को, मंगलवार को मंगल यन्त्र को, बुधवार को बुध यन्त्र को, गुरुवार को गुरु यन्त्र को, शुक्रवार को शुक्र यन्त्र को, शनिवार को शनि यन्त्र को, बुध को राहु यन्त्र को, रविवार के दिन केतु यन्त्र को अष्ट गन्ध से अनारकी कलम से भोजपत्र पर लिखें। 45 दिन निरन्तर 108 वार एक मन्त्र को लिखें। पंचोपचार से लिखे यन्त्रों का पूजन करें, सभी यन्त्रों को आटे में गोलियां बनाकर मछलियों को खिला दें। तो नेष्ट ग्रहों का अशुभ फल दूर हो जाता है। अन्तिम दिन जिस दिन मन्त्र धारण करना हो—मन्त्र लिखकर पूजन कर चान्दी या तांबे के तवीत में रखकर भुजवन्द पर बान्ध लें। शनि, राहु, केतु के यन्त्रों को काले डोरे में, शेष यन्त्रों को लाल डोरे में बान्धें।

सूर्य

	६	१	८
	७	५	३
१५	२	९	४

चन्द्र

	७	२	९
१८	८	६	४
	३	१०	५

मंगल

८	३	१०	२१
९	७	५	
४	११	६	

बुध

	९	४	११
	१०	८	६
२४	५	११	७

बृहस्पति

	१०	५	१२
२७	११	९	७
	६	१३	८

शुक्र

३०	११	६	१३
	१२	१०	८
	७	१४	९

श

१२	७	१४
१३	११	९
८	१४	१०

३३

राहु

१३	८	१५
१४	१२	१०
९	६	११

३३

केतुः

१४	९	१६	
१५	१३	११	३८
१०	१७	१२	

37. पन्द्रिया-यन्त्र का विधान

मूल मन्त्र—ओं ह्रीं भुवनैश्वर्य्यै नमः ।।



यन्त्र साधना के समय प्रतिदिन मूल मन्त्र की एक माला अवश्य करनी चाहिए ।

विधिः—शुद्ध व एकान्त स्थान में पूर्व दिशा की ओर मुख कर शुद्धासन पर बैठ कर भगवान् पार्श्वनाथ की (या लक्ष्मी की) मूर्ति की स्थापना करनी चाहिए । उस मूर्ति के आगे बैठकर प्रतिदिन यन्त्र लिखना चाहिए । 108 की संख्या प्रतिदिन अवश्य होनी चाहिए । यन्त्र लिखकर दशांगधूप या गुग्गुल की धूप देनी चाहिए, गन्ध, अक्षत, पुष्प, घृतदीपक नैवेद्य से यन्त्र का पूजन करना चाहिए । अलग-अलग संख्या में लिखने पर अलग-अलग फल की प्राप्ति होती है ।

1. 10000 दस हज़ार की संख्या में यन्त्र लिखने से वशीकरण

होता है । केसर या गोरोचन की स्याही से व चमेली की कलम से यन्त्र लिखें ।

2. 20000 बीस हज़ार की संख्या में लोहे की कलम एवं श्मशान के कोयले से लिखे तो शत्रु का उच्चाटन हो ।

3. 40000 चालीस हज़ार की संख्या में केसर की स्याही से लिखनें पर देवदर्शन हो, देवता प्रसन्न हो ।

4. 60000, साठ हज़ार की संख्या में अष्टगन्ध की स्याही से लिखें तो अचल सम्पत्ति प्राप्त हो ।

5. एक लाख की संख्या में अष्टगन्ध की स्याही एवं चमेली की कलम से लिखने पर भगवान् की कृपा हो । सर्व कार्य सिद्धि हो ।

यह यन्त्रविधान बहुत महत्त्वपूर्ण एवं सद्यः फलदायी है ।

इन लिखे यन्त्रों की आटे की गोलियां बनाकर नदी में प्रवाहित करें। एक मन्त्र अपने पास रखकर चान्दी के तावीज में रखकर गले या भुजबन्ध में बान्ध लें ?

पन्द्रियायन्त्र



38. वीसा-यन्त्र का विधान

विधिः—रवि-पुष्य योग में शुभ लग्न में यन्त्र लेखन शुरू करना चाहिए। पूर्व की ओर मुंह करके बैठे। भोजपत्र पर या शुद्ध कागज पर अष्टगन्ध, अनार की कलम से प्रतिदिन यन्त्र लिखे। चन्दन, अगर, रक्त चन्दन, कुकुम, पुष्प, धूप-दीप, नैवैद्य, ताम्बूल से प्रतिदिन पूजन करे।

नीचे लिखे मन्त्र का 88 दिन में एक लाख जप करे।



मन्त्र—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं मम वाञ्छितं देहि स्वाहा।

अन्तिम दिन वट वृक्ष या नदी के किनारे 21 यन्त्र लिखे। दशांश हवन करे। खीर, खण्ड, मधु, पंचामृत, पंचगव्य से हवन करे।

अर्धरात्रि में पार्वती जी का पूजन कर भोज्य पदार्थ समर्पित करे।

लिखे यन्त्रों को आटे की गोलियों में रखकर नदी में प्रवाहित कर दे। एक यन्त्र रख लें। उसे चान्दी के तावीज में रखकर भुज बन्ध पर वान्ध ले।

धन-धान्य वृद्धिकर, ऐश्वर्यप्रदाता, प्रभावशाली एवं चमत्कार पूर्ण विधान है।

39. दरिद्रतानाशक–सूर्य मन्त्र

विनियोगः—ओं अस्य श्री सूर्यमन्त्रस्य भृगु ऋषिः गायत्री छन्दः दिवाकरो देवता ह्रीं वीजं श्रीं शक्तिः ममाभीष्ट साधने जपे विनियोगः।



मन्त्र—ओं ह्रीं घृणिः सूर्य आदित्यः श्रीम् ॥ दशार्णः मन्त्रः ॥

षडंगन्यासः—ओं सत्यतेजो ज्वाला मणे हुं फट् स्वाहा हृदयाय।
ओं ब्रह्मतेजो ज्वाला मणे हुं फट् स्वाहा शिरसि।
ओं विष्णुतेजो ज्वाला मणे हुं फट् स्वाहा शिखायाम्।
ओं शिवतेजो ज्वालामणे हुं फट् स्वाहा कवचाय।
ओं श्री तेजो ज्वालामणे हुं फट् स्वाहा नेत्रत्रयाय।
ओं अग्नितेजो ज्वालामणे हुं फट् स्वाहा अस्त्राय फट्।

पुन: अष्टांग वर्णन्यास:—ओं ह्रीं ओं श्रीं हृदयाय ।
ओं ह्रीं घृं श्रीं शिरसि ।
ओं ह्रीं णिं श्री शिखायाम् ।
ओं ह्रीं सूं श्रीं कवचाय ।
ओं ह्रीं यं श्रीं नेत्रत्रयाय ।
ओं ह्रीं आं श्रीं अस्त्राय ।
ओं ह्रीं दिं श्रीं उदराय ।
ओं ह्रीं त्यं श्रीं पृष्ठाय ।
पुन: पंचमूर्ति न्यास:—ओं लृं आदित्याय नमो मूर्ध्नि ।
ओं ॠं रवये नमो मुखे ।
ओं उं मानवे नमो हृदि ।
ओं इं भास्कराय नमो लिंगे ।
ओं अं सूर्याय नम: पादयो: ।
पुन: न्यास:—ओं ह्रीं ओं श्रीं नमो मूर्ध्नि ।
ओं ह्रीं घृं श्रीं नमो मुखे ।
ओं ह्रीं णिं श्रीं नमोगले ।
ओं ह्रीं सूं श्रीं नमो हृदि ।
ओं ह्रीं यं श्रीं नम: कुक्षौ ।
ओं ह्रीं आं श्रीं नमो नाभौ ।
ओं ह्रीं दिं श्रीं नमो लिंगे ।
ओं ह्रीं त्यं श्रीं नम: पादयो: ।
पुन: मण्डल न्यास:—ओं अं 16 सोममण्डलाय नम: शिखादि कन्ठान्तम् ।
ओं कं 25—सूर्यमण्डलाय नम: कण्ठादि-नाभ्यन्तम् ॥
ओं यं 10 वह्निमण्डलाय नम: नाभ्यादि-पादान्तम् ।
ओं डं—क्षं 23 वह्निमण्डलाय नम: हृदादि-पादान्तम् ॥
ओं अं—क्षं 51 हंस: पुरुषात्मने नम: सर्वांगे ॥
ओं अं आदित्याय भगवते नम: आधारे ।

ओं लृं 8 सोमाय भगवते नमः लिंगे ।
ओं कं 5 अंगारकायभगवते नमः नाभौ ।
ओं चं 5 बुधाय भगवते नमः हृदि ।
ओं टं 5 बृहस्पतये भगवते नमः गले ।
ओं तं 5 शुक्राय भगवते नमः मुखमध्ये ।
ओं पं 5 शनैश्चराय भगवते नमः भ्रूमध्ये ।
ओं यं 4 राहवे भगवते नमः भाले ।
ओं शं 4 केतवे भगवते नमः ब्रह्मरन्ध्रे ॥
ओं हं सः
ओं अग्निः
ओं सोमः

ध्यानम्=शोणांभोरुह संस्थितं त्रिनयनं वेदत्रयी विग्रहम् ।
दानाम्भोज युगाभयानि दधतं हस्तैः प्रवाल प्रभम् ।
केयूरांगदहारकंकणधरं कर्णोल्लसत् कुण्डलम् ।
लोकोत्पत्तिः विनाशपालन करं सूर्यं गुणाब्धिं भजे ॥

जप संख्या=दश लाख । दशांश हवन ।
पद्म एवं तिलों से हवन । तर्पण एवं ब्राह्मण भोजन ।
फल=इस मन्त्र के जप से ऐश्वर्य, यश, विद्या की प्राप्ति होती है ।

40. विशिष्ट सूर्य-मन्त्र

पीठ पूजा

पीठ पूजा में धर्म आदि आठ देवताओं के स्थान पर कोणों में प्रभूत, विमल, सार, एवं समाराध्य का तथा मध्य में परम सुख का पूजन करना चाहिए । फिर पूर्वोक्त रीति से अनन्त आदि का पूजन कर सूर्य मण्डल का पूजन करना चाहिए ।

फिर सोममण्डल और वह्नि मण्डल का पूजन कर सूर्य मण्डल का पूजन करना चाहिए ।

तत्पश्चात् आठों दिशाओं में तथा मध्य में इन नौ शक्तियों का पूजन करना चाहिए। दीप्ता, सूक्ष्मा, जया, भद्रा, विभूति, विमला, अमोघा, वि द्यु ता और सर्वतोमुख में पीठ शक्तियां हैं।

ह्रस्वत्रय (अ, इ, उ) तथा क्लीव (ऋ ॠ, ऌ ॡ) को छोड़कर शेष स्वरों और अनुस्वार को वह्नि (र) में लगाने से (रां रीं रूं रें रैं रों रौं र रः) ये पीठ शक्तियों के बीज बन जाते हैं। इन्हें प्रारम्भ में लगाकर उनका पूजन करना चाहिए।

'ब्रह्मविष्णु शिवात्मक' के पाद "कायसौरायो" फिर स्मृति (ग) तथा "पीठात्मने नमः" और उसके प्रारम्भ में तार (ओं) लगाने से यह पीठ मन्त्र बन जाता है।

तार (ओं) सेन्दु वियत् (हं) विन्दु सहित और विन्दु रहित कान्तं (खं खः) फिर खोल्काय एवं हृदय में (नमः) मूर्ति कल्पना के लिए यह नवार्ण मन्त्र बतलाया गया है। इससे मूर्ति कल्पित कर भगवान् सूर्य का पूजन करना चाहिए।

(ओं ब्रह्म विष्णु शिवात्मकाय सौराय योगपीठात्मने नमः)

सूर्य मन्त्र में पीठ पूजा

सर्वप्रथम ध्यान में वर्णित भगवान् सूर्य के स्वरूप का ध्यान कर मानसोपचार से पूजन कर ताम्र आदि पात्र में अर्घ्य स्थापन कर विधिवत् गुरुभ्यो नमः से गुरु पूजन कर सामान्य पूजा के अनुसार वृत्ताकार कर्णिका, अष्टदल, और भूपुर सहित बने मन्त्र पर नाम मन्त्रों से पीठ देवताओं का पूजन करना चाहिए।

यथा—पीठमध्ये—ओं मं मंडूकाय नमः। ओं कं कालाग्निरुद्राय नमः। ओं आधार शक्तये नमः। ओं प्रकृतये नमः। ओं कूर्माय नमः। ओं शेषाय नमः। ओं पृथिव्यै नमः। ओं क्षीर समुद्राय नमः। ओं श्वेत द्वीपाय नमः। ओं मणिमण्डपाय नमः। ओं कल्पवृक्षाय नमः। ओं मणि-वेदिकायै नमः। ओं रत्नसिंहासनाय नमः।

फिर पूर्व आदि दिशाओं में तथा मध्य में प्रभूत आदि का उनके नाममन्त्रों से पूजन करना चाहिए।

यथा—ओं प्रभूताय नम: पूर्वे। ओं विगलाय नम: दक्षिणे। ओं साराय नम: पश्चिमे। ओं समाराध्याय नम: उत्तरे। ओं परमसुखाय नम: मध्ये।

तत्पश्चात् पीठ के मध्य में नाममन्त्रों से अनन्त आदि देवताओं का पूजन करना चाहिए।

यथा—ओं अनन्ताय नम:। ओं पद्माय नम:। ओं आनन्दकन्दाय नम:। ओं संविन्नलाय नम:। ओं विकारमय केसरेभ्यो नम:। ओं प्रकृत्यात्मक पत्रेभ्यो नम:। ओं पञ्चाशद्वर्ण कर्णिकायै नम:।

पुनस्तत्रैव—ओं उं षोडश कलात्मने सोममण्डलाय नम:। ओं रं दशकलात्मने वह्निमण्डलाय नम:। ओं अं द्वादश कलात्मने सूर्यमण्डलाय नम:।

इसके वाद केसरों में पूर्व आदि 8 दिशाओं में तथा मध्य में निम्न-लिखित मन्त्रों से दीप्ता आदि नौ पीठ शक्तियों का पूजन करना चाहिए।

यथा—रां दीप्तायै नम:। रीं सूक्ष्मायै नम:। रुं जयायै नम:। रें भद्रायै नम:। रैं विभूत्यै नम:। रों विमलायै नम:। रौं अमोघायै नम:। रं विद्युतायै नम:। रं: सर्वतोमुख्यै नम:।

फिर "ब्रह्मविष्णु शिवात्मकाय सौराय योगपीठात्मने नम:" इस पीठमन्त्र से आसन देकर अं हं खं ख:खोल्काय नम: इस मन्त्र से मूर्ति की कल्पना कर ध्यान आवाहन आदि उपचारों से जगत्पति सूर्य का विधिवत् पूजन करना चाहिए।

आवरण पूजा—पूर्वोक्त रीति से षडंग पूजनकर दिशाओं में अष्टांग पूजन करना चाहिए। आदि में प्रणव तथा पंचह्रस्व (लृं ऋं उं इं अं) लगाकर आदित्य का मध्य में तथा रवि, भानु भास्कर और सूर्य का दिशाओं में पूजन करना चाहिए। विदिशाओं में अपने आद्य वर्ण सहित उषा, प्रज्ञा, प्रभा, और सन्ध्या का पूजन करना चाहिए। पूर्व आदि दिशाओं में दलों पर ब्राह्मी आदि मातृकाओं का पूजन करना चाहिए। किन्तु महालक्ष्मी के स्थान पर अरुण की पूजा करनी चाहिए। फिर दिशाओं में सोम, वुध, गुरु, और शुक्र का तथा कोणों में मंगल, शनि,

राहु और केतु का पूजन करना चाहिए। और फिर आयुधों सहित इन्द्र आदि रवि के पार्षदों का पूजन करना चाहिए।

टिप्पणी—आवरण पूजाविधि—सर्वप्रथम केसरों में आग्नेय आदि चार कोणों में, मध्य में तथा दिशाओं में निम्नलिखित से षडंग पूजा करनी चाहिए।

यथा—ओं सत्यतेजो ज्वालामणे हुं फट् स्वाहा हृदयाय नमः। ओं ब्रह्मतेजो०—स्वाहा शिरसे नमः। ओं विष्णु तेजो०—स्वाहा, शिखायै नमः। अं रुद्र तेजो० स्वाहा—कवचाय नमः। ओं अग्नि तेजो०—स्वाहा नेत्र-त्रयाय नमः। ओं सर्वतेजो० स्वाहा—अस्त्राय नमः।

इसके बाद पूर्व आदि आठ दिशाओं में अनुलोम क्रम से निम्नलिखित मन्त्रों से अष्टांग पूजन करना चाहिए।

ह्रीं ओं श्रीं हृदयाय। ह्रीं घृं श्रीं शिरसे नमः। ह्रीं णि श्रीं शिखायै नमः। ह्रीं सूं श्रीं कवचाय नमः। ह्रीं यं श्रीं नेत्रत्रयाय नमः। ह्रीं आं श्रीं अस्त्राय नमः। ह्रीं दिं श्रीं उदराय नमः उदरे। ह्रीं त्यं श्रीं पृष्ठाय नमः पृष्ठे।

तत्पश्चात् मध्य में आदित्य का, पूर्व-आदि चारों दिशाओं के दलों में रवि आदि का तथा आग्नेय आदि कोणों के दलों में उषा आदि का निम्नलिखित मन्त्रों से पूजन करना चाहिए।

ओं लृं आदित्याय नमः मध्ये। ओं ॠं रवये नमः पूर्वदले। ओं उं भानवे नमः दक्षिणदले। ओं इं भास्क-राय नमः पश्चिम दले। ओं अं सूर्याय नमः उत्तर दले। ओं उं उषायै नमः आग्नेय दले। ओं प्रं प्रज्ञायै नमः

नैर्ऋत्यदले। प्रं प्रज्ञायै नमः वायव्यदले। ओं सं संन्ध्यायै नमः ईशानदले।

फिर अष्टदल के अग्रभाग पर पूर्व आदि अनुलोमक्रम से नाममन्त्रों से ब्राह्मी आदि शक्तियों का आवरण के साथ पूजन करना चाहिए।

यथा—ओं ब्राह्म्यै नमः। माहेश्वर्यै नमः। कौमार्यै नमः। वैष्णव्यै नमः। वाराह्यै नमः। इन्द्राण्यै नमः। चामुण्डायै नमः। ओं अरुणाय नमः।

तत्पश्चात् मण्डल के वाहर पूर्व आदि दिशाओं में सोम आदि का तथा आग्नेय आदि कोणों में अंगारक आदि ग्रहों का इन मन्त्रों से पूजन करना चाहिए।

यथा—ओं सों सोमाय नमः पूर्वे। वुं वुधाय नमः दक्षिणे। गुं गुरवे नमः पश्चिमे। ओं शुं शुक्राय नमः उत्तरे। अं अंगारकाय नमः आग्नेय्ये। शं शनये नमः नैर्ऋत्ये। रां राहवे नमः वायव्ये। कें केतवे नमः ईशान्ये।

तदनन्तर भूपुर में अपनी-अपनी दिशाओं में निम्न मन्त्रों से इन्द्र आदि रवि के पार्षदों का पूजन करना चाहिए।

यथा—ओं लं इन्द्राय नमः। रं अग्नये नमः। मं यमाय नमः। क्षं निर्ऋतये नमः। वं वरुणाय नमः। यं वायवे नमः। सं सोमाय नमः। इं ईशानाय नमः। आं ब्रह्मणे नमः। ह्रीं अनन्ताय नमः।

और फिर भूपुर के वाहर पूर्व आदि दश दिशाओं में निम्नलिखित मन्त्रों से वज्र आदि आयुधों की पूजा करनी चाहिए।

ओं वं वज्राय नमः। शं शक्तये नमः। दं दण्डाय

नमः। खं खड्गाय नमः। पां पाशाय नमः। अं अंकुशाय नमः। गं गदायै नमः। शूं शूलाय नमः। पं पद्माय नमः। चं चक्राय नमः।

इसी रीति से आवरण पूजा कर धूप-दीप आदि उपचारों से भगवान् सूर्य का विधिवत् पूजन करना चाहिए।

अर्घ्यदानं—इस प्रकार मन्त्र सिद्ध हो जाने पर उस दिन भगवान् भास्कर को अर्घ्य देना चाहिए। यथा—

प्राणायाय, षडंगन्यास और पूर्वोक्त अन्य न्यासों को करने के बाद अपने मण्डल में भगवान् सूर्य का मानसोपचार से पूजन करना चाहिए।

सुन्दर तांवे से बने हुए एक प्रस्थ (16 पल या 64 तोला) जल की क्षमता वाले, रक्त चन्दन से चर्चित सुन्दर पात्र को मण्डल में रखना चाहिए। फिर विलोमक्रम से मातृका और मूलमन्त्र को पढ़ते हुए रवि मण्डल से निकलती हुई अमृतधारा की भावना से उसमें जल भर कर मूलमन्त्र वोलते हुए 13 वस्तुएं डालनी चाहिएं—

1. तिल, 2. तण्डुल, 3. कुशाग्र, 4. शालि धान, 5. श्यामाक, 6. राई, 7. लाल कनेर, 8. लाल चन्दन, 9. श्वेत चन्दन, 10. गोरोचनन, 11. कुंकुम, 12. जाई, 13. वेणुयव।

उस जल में पीठ पूजा कर अपने मण्डल से सूर्य का आवाहन कर समस्त उपचारों से आवरण देवताओं के साथ सूर्य का पूजन करना चाहिए। फिर—तीन बार प्राणायाम कर षडंगन्यास करना चाहिए। चन्दन से सुधावीज (वं) का दाहिने हाथ पर न्यास करना चाहिए। वायें हाथ में गृहीत अर्घ्यपात्र को दाहिने हाथ से ढंकना चाहिए। 108 बार मूल मन्त्र से जल को अभिमन्त्रित करना चाहिए। और मूल मन्त्र से षोडशोपचार से उसका पूजन करना चाहिए।

तत्पश्चात् दोनों हाथों में पात्र लेकर घुटनों को जमीन में रखकर शिर तक पात्र को ऊंचा उठाकर रवि मण्डल में दृष्टि लगाकर वहां अपने आवरण सहित सूर्य का ध्यान कर मानसोपचारों से पूजन करनी चाहिए।

और रक्तचन्दन से चर्चित मण्डल में रवि का ध्यान कर अर्घ्य देना चाहिए। तत्पश्चात् मण्डल में स्थित सूर्य को पुष्पांजलि देनी चाहिए। तथा आसन पर बैठकर 108 वार मूलमन्त्र का जप करना चाहिए।

प्रतिदिन प्रातःकाल उदीयमान सूर्य को जो व्यक्ति इस रीति से अर्घ्य देता है वह लक्ष्मी, यश, पुत्र, विद्या एवं ऐश्वर्य को प्राप्त करता है।

गायत्री की उपासना में आसक्त सन्ध्या वन्दन में तत्पर और इस दशाक्षर मन्त्र का जप करने वाला ब्राह्मण कभी भी दुःखी नहीं होता। यह मन्त्र दरिद्रता को नाश कर सुख-समृद्धि को प्रदान करता है। इसके करने से सभी ग्रहों की पीड़ा का भी समाधान हो जाता है। जीवन सुखों में व्यतीत होता है।

चण्डिका विधानम्

41. नवार्णमन्त्र प्रयोगः

अथ नवाक्षरं मन्त्रं वक्ष्ये चण्डी प्रवृत्तये।
वाङ्माया सदनो दीर्घा लक्ष्मीस्तन्द्री श्रुतीन्दुयुक्॥
डायै सदृग्जलं कूर्मद्वयं झिंटीश संयुतम्।
नवाक्षरोऽस्य ऋषयो ब्रह्मविष्णु महेश्वराः॥

मन्त्र—ओं ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे॥

विनियोगः—छन्दांसि उक्तानि मुनिभिः गायत्र्युष्णिगनुष्टुभः।
देव्यः प्रोक्ताः महापूर्गः काली लक्ष्मी सरस्वती॥
नन्दा शाकम्भरी भीमा शक्तयोऽस्य मनोः स्मृताः।
स्याद् रक्तदंतिका दुर्गा भ्रामर्य्यो वीजसंचयः।
अग्निर्वायुभगस्तत्त्वं फलं वेदत्रयोद्भवम्।
सर्वाभीष्ट प्रसिद्धयर्थं विनियोगः उदाहृतः।
ऋषिश्छन्दो दैवतानि शिरोमुख हृदि न्यसेत्॥
शक्ति वीजानि स्तनयोः तत्त्वानि हृदये पुनः।
न्यासविधिः—ततः एकादशन्यासान् कुर्वीतेष्ट फल प्रदान्।

(1) प्रथमोमातृकान्यास: कार्य: पूर्वोक्त मार्गत: ।
कृतेन येन देवस्य सारूप्यं याति मानव: ।
(2) अथ द्वितीयं कुर्वीत न्यासं सारस्वताभिधम् ॥
वीज त्रयं तु मन्त्राद्यं तारादि हृदयान्तिकम् ॥
यथा—ॐ ऐं ह्रीं क्लीं कनिष्ठिकाभ्यां नम:=इत्यादि ।
ॐ ऐं ह्रीं क्लीं हृदयाय नम: इत्यादि अंगेषु ॥
क्रमादंगुलिषुन्यस्य कनिष्ठाद्यासु पंचसु ।
करयो: मध्यत: पृष्ठे मणिवंधे च कर्पूरे ॥
हृदयादि षडंगेषु विन्यसेत् जाति संयुतम् ॥
फलम्—अस्मिन् सारस्वते न्यासे कृते जाड्यंविनश्यति ।

(3) तत: तृतीय कुर्वीत न्यासं मातृ गणान्वितम् ।
माया वीजादिका ब्राह्मी पूर्वत: पातु मां सदा ।
माहेश्वरी तथाऽऽग्नेय्यां कौमारी दक्षिणेऽवतु ॥
वैष्णवीपातु नैर्ऋत्ये वाराही पश्चिमेऽवतु ॥
इन्द्राणी पावके कोणे चामुण्डा चोत्तरेऽवतु ॥
ऐशाने तु महालक्ष्मीरूर्ध्वं व्योमेश्वरी तथा ।
सप्त द्वीपेश्वरी भूमौ रक्षेत् कामेश्वरी तले ।
तृतीयेऽस्मिन् कृते न्यासे त्रैलोक्य विजयीभवेत् ॥

(4) न्यासं चतुर्थं कुर्वीत नन्दजादि समन्वितम् ॥
नन्दजा पातु पूर्वांगं कमलांकुश मण्डिता ।
खड्गपात्रकरा पातु दक्षिणे रक्त दंतिका ।
पृष्ठे शाकम्भरी पातु पुष्पपल्लवसंयुता ।
धनुर्वाण करादुर्गा वामे पातु सदैव माम् ।
शिर: पात्रकरा भीमा मस्तकाच्चरणावधि ।
फलम्—तुर्य्यं न्यासं नर: कुर्याज्जरामृत्यु व्यपोहति ।
(5) अथ कुर्वीत ब्रह्माख्यं न्यासं पंचमुत्तमम् ॥
पादादि नाभि पर्यन्तं ब्रह्मापातु सनातन: ।
नाभेर्विशुद्धि पर्यन्तं पातु नित्यं जनार्दन: ।

विशुद्धे ब्रह्मरन्ध्रान्तं पातुरुद्रस्त्रिलोचन: ।
हंसं पातु पदद्वन्द्वं वैनेतेयकरद्वयम् ।
चक्षुषी वृषभ: पातु सर्वांगानि गजानन: ।
परापरौ देहभागौ पातु आनन्दमयो हरि: ।

फलम्—कृतेऽस्मिन् पंचमे न्यासे सर्वान् कामानवाप्नुयात् ।

(6) षष्ठं न्यासं तत: कुर्यात् महालक्ष्म्यादि संयुतम् ।
मध्यं पातु महालक्ष्मीरष्टादश भुजान्विता ।
ऊर्ध्वं सरस्वती पातु भुजैरष्टाभि रूर्ज्जिता ।
अध: पातु महाकाली दशवाहु समन्विता ।
सिंहो हस्त द्वयं पातु परंहंसोऽक्षियुग्मकम् ।।
महिषं दिव्यमारूढो यम: पातु पदद्वयम् ।
महेशश्चण्डिका युक्त: सर्वांगानि ममावतु ।

फलम्—षष्ठेऽस्मिन् विहिते न्यासे सद्गतिप्राप्नुयान्नर: ।

(7) मूलाक्षरन्यासं रूपं न्यासं कुर्वीत सप्तमम् ।
ब्रह्मरन्ध्रे नेत्रयुग्मे श्रुत्योर्नासिकयोर्मुखे ।
पायौ मूलमनो वर्णान् ताराद्यान्नमसान्वितान् ।

फलम्—विन्यसेत् सप्तमेन्यासे कृते रोग क्षयोभवेत् ।

(8) पायुतोब्रह्मरन्ध्रान्तं पुनस्तानेव विन्यसेत् ।
(पायुमारभ्य ब्रह्मरन्ध्रान्तं वर्ण न्यासोऽष्टम:) ।।

फलम्—कृतेऽस्मिन् अष्टमे न्यासे सर्व दु:खं विनश्यति ।।

(9) कुर्वीत नवमं न्यासं मन्त्रव्याप्ति स्वरूपकम् ।।
मस्तकाच्चरणं यावत् चरणान् मस्तकावधि ।
पुरोदक्षे पृष्ठदेशे वामभागेऽष्टशोन्यसेत् ।
मूलमन्त्र कृतोन्यासो नवमो देवताप्ति कृत् ।।
शिरस: पादान्तं अष्टवारं मूलं विन्यसेत् ।

एवं पादाच्छिरोऽन्तम् अष्टश: एवं पुरो दक्षिणभागे पृष्ठे वामभागेऽप्येवं प्रत्यहम् अष्टशो मूलं न्यसेत् ।।

(10) तत: कुर्वीत दशमं षडंगन्यासमुत्तमम् ।

मूलमन्त्रं जातियुक्तं हृदयादिषु विन्यसेत् ।।
कृतेऽस्मिन् दशमे न्यासे त्रैलोक्यं वशगं भवेत् ।।
मूलं हृदयाय नमः इत्यादिकं जातियुक्तं षडंगेषु न्यसेत् ।।
(11) दशन्यासोक्त फलदं कुर्यादेकादशं ततः ।
खड्गिनी शूलिनीत्यादि पठित्वा श्लोकपंचकम् ।
आद्यं कृष्णतरं वीजं ध्यात्वा सर्वांगतः न्यसेत् ।
शूलेन पाहि नो देवीत्यादि श्लोक चतुष्टयम् ।
पठित्वा सूर्यसदृशं द्वितीयं सर्वतो न्यसेत् ।
सर्वस्वरूपे सर्वेशे इत्यादि श्लोकपंचकम् ।।
पठित्वा स्फटिकाभासं तृतीयं स्वस्तनौ न्यसेत् ।
ततः षडंगं कुर्वीत विभक्तैः मूल वर्णकैः ।
एकेनैकेन चैकेन चतुर्भिर्युगलेन च ।
समस्तेन च मन्त्रेण कुर्यादंगानि षट्सुधीः ।।
शिखायां नेत्रयोः श्रुत्योर्नसोर्वक्त्रे गुदे न्यसेत् ।।
मन्त्र वर्णान् समस्तेन व्यापकं त्वष्टशश्चरेत् ।।

महाकालीध्यानम्—खड्गं चक्रगदेषु चापपरिघाञ्छूलं भुशुण्डीं शिरः,
शंखं संदधतीं करैस्त्रिनयनां सर्वांगभूषावृताम् ।
यामस्तौत् स्वपिते हरौ कमलजो हन्तुं मधुकैटभम्,
नीलाश्मद्युतिमास्यपाद दशकां सेवे महाकालिकाम् ।।

महालक्ष्मी—अक्षस्रक्परशूं गदेषु कुलिशं पद्मं धनुः कुण्डिकाम् ।
दंडं शक्तिमसिं च चर्मजलजं घंटासुराभाजनाम् ।
शूलं पाशसुदर्शने च दधतीं हस्तैः प्रवालप्रभाम् ।
सेवे सैरिभमर्दिनीमिहमहा लक्ष्मीं सरोजस्थिताम् ।।

महासरस्वतीध्यानम्—घंटाशूलहलानि शंखमुसले चक्रं धनुः सायकम् । हस्ताब्जैः दधतीं घनान्तविलसच्छीतांशु तुल्यप्रभाम् । गौरीदेह समुद्भवां त्रिजगतामाधारभूतां महापूर्वामत्र सरस्वतीं मनुभजे शुम्भादि दैत्यार्दिनीम् ।।

एवं ध्यात्वा जपेत् लक्षं चतुष्कं तद्दशांशतः ।

पायसान्नेन जुहुयात् पूजितेहेमरेतसि ॥
जयादि शक्तिभियुंक्ते पीठे देवीं यजेत्ततः ।
तत्त्व पत्रावृतत्र्यस्त्र पट्कोणाष्ट दलान्विते ॥
त्रिकोणमध्ये संपूज्य ध्यात्वा तां मूलमन्त्रतः ।
पूर्वं कोणे विधातारं सुरया सह पूजयेत् ॥
विष्णुं श्रिया च नैर्ऋत्ये वायव्ये तूमया शिवम् ।
उदग् दक्षिणयोः सिंहं महिषं चक्रमाद्यजेत् ।
षटसु कोणेषु पूर्वादि नन्दजाम् रक्तदन्तिकाम् ।
शाकम्भरीं तथा दुर्गां भीमां च भ्रामरीं यजेत् ॥
सविंदुनादाद्यर्णाद्यास्ताराद्याश्च नमोऽन्तिकाः ।
नंदजाद्याः यजेच्छक्तीर्वध्यमाना अपीदृशीः ।
अष्टपत्रेषु ब्रह्माणी पूज्या माहेश्वरी परा ।
कौमारी वैष्णवी चाथ वाराही नारसिंह्यपि ।
पश्चादैन्द्री च चामुण्डा तथा तत्त्वदलेष्विमाः ।
विष्णु चेतना च बुद्धिर्निद्रा क्षुधा ततः ।
छाया शक्तिः परा तृष्णा क्षांतिर्जातिश्च लज्जया ।
शान्तिः श्रद्धाकान्ति लक्ष्म्यौ धृतिः वृत्तिः श्रुतिस्मृतिः ।
तुष्टिः पुष्टिर्दयामाता भ्रांतिः शक्तिरिति क्रमात् ।
बहिः भूगृहकोणे गणेशः क्षेत्रपालकः ।
वटुकश्चापि योगिन्यः पूज्याः इन्द्रादिका अपि ॥
एवं सिद्धे मनौ मन्त्री भवेत् सौभाग्य भाजनम् ॥

नवार्णमन्त्र प्रयोग की विधिः

नवार्णमन्त्र का विनियोग—ऊँ अस्य श्री नवार्णमन्त्रस्य ब्रह्मविष्णू-रुद्रा ऋषयः, गात्र्युष्णिगनुष्टुप छन्दांसि श्री महाकाली महालक्ष्मी महासरस्वत्यो देवता नन्दाशाकंभरी भीमाः शक्तयः रक्तदन्तिका भ्रामर्यो बीजानि अग्नि वायु सूर्यः तत्त्वानि ऋग्यजुः सामवेदाः ध्यानानि सर्वाभीष्ट सिद्धये जपे विनियोगः ।



चण्डिका यन्त्रम्

ऋष्यादिन्यासः—ब्रह्मविष्णुरुद्रा ऋषिभ्यो नमः शिरसि। गायत्र्युष्णिगनुष्टुप छन्दोभ्यः नमः मुखे। महाकाली महालक्ष्मी महासरस्वती देवताभ्यो नमः हृदि। नन्दाशाकम्भरी भीमा शक्तिभ्यो समः दक्षिणस्तेन। रक्तदन्तिका दुर्गाभ्रामरी बीजेभ्यो नमः वामस्तनौ। अग्निवायु सूर्य तत्त्वेभ्यो नमः हृदि।

प्रथमन्यासः—ओं अं नमः शिरसि। आं नमः मुखे। ईं नमः दक्षिणनेत्रे। ईं नमः वामनेत्रे। उं नमः दक्षिणकर्णे। ऋं नमः दक्षिणनासापुरे। ॠं नमः वाम नासापुरे। लृं नमः दक्षिण कपोले। ॠं नमः वामकपोले। एं नमः ऊर्ध्वोष्ठे। ऐंनमः अधरोष्ठे। ओं नमः ऊर्ध्वदन्तपंक्तौ। औं नमः अधोदन्त पंक्तौ। अं नमः मूर्ध्नि। अः नमः मुखवृत्ते।

कं नमः दक्षिणवाहुमूले। खं नमः दक्षिण कर्पूरे। गं नमः दक्षिणमणिवन्धे। घं नमः हस्तांगुलिमूले। ङं नमः दक्षिणहस्तांगुल्यग्रे। चं नमः वामवाहुमूले। छं नमः वामकर्पूरे। जं नमः वाममणिवन्धे।

ञं नमः वामहस्तांगुलिमूले । ञं नमः वामहस्तांगुल्यग्रे । टं नमः दक्षिणपादमूले । ठं नमः दक्षिणजानुनि । डं नमः दक्षिण गुल्फे । ढं नमः दक्षिणपादांगुलिमूले । णं नमः दक्षिणपादांगुल्यग्रे । तं नमः वामपादमूले । थं नमः वामजानुनि । दं नमः वामगुल्फे । धं नमः वामपादांगुलिमूले । नं नमः वामपादांगुल्यग्रे । पं नमः दक्षिणपार्श्वे । फं नमः वामपार्श्वे । वं नमः पृष्ठे । भं नमः नाभौ । मं नमः उदरे । यं त्वगात्मने नमः हृदि । रं असृगात्मने नमः दक्षिणांसे । लं मांसात्मने नमः ककुदि । वं मेदात्मने नमः हृदयादि वामहस्तान्तम् । सं शुक्रात्मने नमः हृदयादि दक्षपादान्तम् । हं आत्मने नमः हृदयादि वामपादान्तम् । अं ॐ परमात्मने नमः जठरे । क्षं प्राणात्मने नमः मुखे ॥

2. **सारस्वतन्यासः**—ऐं ह्रीं क्लीं नमः कनिष्ठयोः । ऐं ह्रीं क्लीं नमः अनामिकयोः । इसी प्रकार ओं ह्रीं क्लीं नमः लगाते हुए अंगन्यास करना होगा—मध्यमयोः । तर्जन्योः । अंगुष्ठयोः । करतलयोः । कर पृष्ठयोः । मणिवन्धयोः । कर्पूरयोः । हृदयाय नमः । शिरसे स्वाहा । शिखायै वषट् । कवचायहुम् । नेत्रत्रयाय वौषट् । अस्त्राय फट् ॥

3. **मातृका गणन्यास**—ओं ह्रीं ब्राह्मी पूर्वत; मां पातु । ह्रीं माहेश्वरी आग्नेय्यां मां पातु । ह्रीं कौमारी दक्षिणे मां पातु । ह्रीं वैष्णवी नैर्ऋत्ये मां पातु । ह्रीं वाराही पश्चिमे मां पातु । ह्रीं इन्द्राणी वायव्ये मां पातु । ह्रीं चामुण्डा उत्तरे मां पातु । ह्रीं महालक्ष्मी ऐशान्ये मां पातु । ह्रीं व्योमेश्वरी ऊर्ध्वं मां पातु । ह्रीं सप्त द्वीपेश्वरी भूमौ मां पातु । ह्रीं कामेश्वरी पाताले मां पातु ॥

4. **षड्देवतान्यासः**—कमलांशुकमण्डितानन्दजा पूर्वांगं मे पातु । खड्गपात्रकरा रक्तदन्तिका दक्षिणांगं मे पातु । पुष्पपल्लव संयुता शाकम्भरी पृष्ठांगं मे पातु । धनुर्वाणकरा दुर्गा वामांगं मे पातु । शिरः पात्रकरा भीमा मस्तकाच्चरणान्तं मे पातु । चित्रकान्तिभृद्भ्रामरी पादादिमस्तकान्तं मे पातु ।

5. **ब्रह्मन्यासः**—ब्रह्मा सनातनः पादादि नाभि पर्यन्तं मां पातु । जनार्दनः नाभेर्विशुद्धिपर्यन्तं मां पातु । रुद्रस्त्रिलोचनः विशुद्धे ब्रह्मरन्ध्रपर्यन्तं

